हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 08

धोनी को खेलते रहना चाहिए, उनके जैसा विकेटकीपर कोई नहीं ...




www.naisochlive.com | पटना, सोमवार, 11 मई 2026, वर्ष- 09, अंक- 76, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

# तमिलनाडु में नए युग की शुरुआत

# विजय ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

एजेंसी। चेन्नई

तमिलनाडु की राजनीति में रविवार को एक ऐतिहासिक बदलाव देखा गया, जब तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख सी. जोसेफ विजय ने राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। विजय के मुख्यमंत्री बनते ही राज्य की राजनीति में बीते छह दशकों से चले आ रहे डीएमके और एआईएडीएमके के दबदबे का अंत हो गया है। जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस भव्य समारोह में विजय के साथ उनके मंत्रिमंडल के नौ अन्य सदस्यों ने भी शपथ ली। इनमें एन. आनंद, आधव अर्जुन, केजी अरुण राज, केए. सेंगोट्टैयन, पी. वेंकेटरामनन, आर. निर्मलकुमार, राजमोहन, डॉ. टी.के. प्रभु और सेल्वी एस. कीर्तना शामिल हैं। कार्यक्रम में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित देश के कई दिग्गज राजनेता और फिल्मी हस्तियां मौजूद रहीं। स्टेडियम की पहली पंक्ति में विजय के माता-पिता, प्रसिद्ध

## छह दशक पुराना द्रविड़ वर्चस्व ध्वस्त




फिल्म निर्माता एस.ए. चंद्रशेखर और शोभा चंद्रशेखर के साथ-साथ अभिनेत्री त्रिशा कृष्णन और उनकी माता के लिए विशेष स्थान आरक्षित था। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच हजारों समर्थकों की मौजूदगी में यह समारोह संपन्न हुआ। 234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा में टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लेकिन बहुमत के आंकड़े से थोड़ा पीछे रह गई। हालांकि, कांग्रेस, सीपीआई और सीपीआई (एम) के समर्थन के साथ टीवीके गठबंधन को कुल 120 विधायकों का साथ मिला। विजय ने शनिवार रात राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात कर सहयोगी दलों के समर्थन पत्र सौंपे थे। राज्यपाल ने उन्हें 13 मई तक सदन में विश्वास मत हासिल करने का निर्देश दिया है। यह शपथ ग्रहण समारोह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि एक वैचारिक बदलाव का प्रतीक है। 1967 के बाद यह पहला मौका है जब तमिलनाडु में किसी गैर-द्रविड़ दल ने सत्ता की बागडोर संभाली है। इस जीत के साथ ही विजय ने फिल्मी पर्दे से निकलकर राजनीति के शिखर तक का सफर तय कर लिया है।

## सीएम बनने पर पीएम मोदी ने विजय को दी बधाई, मदद का भी भरोसा दिया

**विपक्षी पार्टियों को चेताया, कहा- कांग्रेस ने हवा बदलते ही पाला भी बदल लिया**

**चेन्नई।** तमिलनाडु में विजय के ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने उन्हें तमिलनाडु का सीएम बनने पर बधाई दी और साथ ही केंद्र सरकार की तरफ से पूरी मदद करने का भरोसा भी दिलाया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- सी जोसेफ विजय को तमिलनाडु के सीएम पद की शपथ लेने पर बहुत बधाई। उनके आगामी कार्यकाल के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं। केंद्र सकार तमिलनाडु सरकार और वहां के लोगों की भलाई के लिए लगातार काम करती रहेगी। रिपोर्ट के मुताबिक तमिलनाडु की नई सरकार को बधाई देने के साथ ही एक दूसरे कार्यक्रम में पीएम मोदी कांग्रेस को एक परजीवी पार्टी बताते हुए अन्य विपक्षी पार्टियों को चेताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दशकों तक



डीएमके के साथ खड़ी रही, लेकिन हवा बदलते ही उसने पाला भी बदल लिया। कर्नाटक में एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि तमिलनाडु की मौजूद स्थिति को देखिए। वहां पर पिछले 25 से 30 सालों तक कांग्रेस और डीएमके के बीच घनिष्ठ संबंध रहे। डीएमके के साथ गठबंधन ने कई बार कांग्रेस को संकटों से उबारा। वास्तव में, 2014 से पहले दस सालों तक कांग्रेस का जो शासन चला, वह काफी हद तक डीएमके के समर्थन के कारण ही चला, लेकिन जैसे ही राजनीतिक हवा ने रुख बदला, कांग्रेस ने डीएमके को धोखा दे दिया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आर्ट ऑफ लिविंग के 45 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आर्ट ऑफ लिविंग मुख्यालय पहुँचे

नई सोच एक्सप्रेस। बेंगलरु




आज आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना, जब भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के साथ आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के 45 वर्ष पूर्ण होने और इसके संस्थापक के 70 वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में सहभागिता की। प्रधानमंत्री ने भव्य ध्यान मंदिर का उद्घाटन भी कि या, यह एक अद्वितीय उच्च ऊर्जा वाला ध्यान स्थल है, जो विश्व के सबसे बड़े ध्यान समदुायों में से एक का प्रतिनिधित्व करता है। यह समर्पित केंद्र विभिन्न देशों, ससंकृतियों और पृष्ठभूमियों से आने वाले लाखों साधकों को सामूहिक ध्यान और मंत्रोच्चारण के माध्यम सेगहन आतंरिक शांति का अनुभव कराएगा। नवनिर्मित ध्यान मंदिर का उल्लेख करते हुए श्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "मुझे विश्वास है कि आज उद्घाटित यह ध्यान मंदिर आनेवाली पीढ़ियों के लिए हजारों लोगों को शांति और सकून प्रदान करने का केंद्र बनेगा।" अपने मुख्य संबोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने गुरुदेव का अभिनंदन करते हुए उन्हें भारत की 'देने' की सनातन परंपरा के अनुसार ज्ञान, शांति व आशा देने की जीवंत अभिव्यक्ति बताया। गरुदेव के साथ एक आत्मीय क्षण साझा करते हुए प्रधानमत्रं ी ने कहा, "मैंआपका ही हूँ और जहाँ हूँ, वहाँ भी आपकी वजह से ही हूँ," जिस पर उपस्थित जनसमहू ने जोरदार उत्साह व्यक्त किया। राष्ट्र निर्माण मेंअध्यात्म और मानसिक स्वास्थ्य की भूमिका पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, "विकसित भारत का निर्माण ऐसे युवाओं द्वारा होगा जो मानसि क रूप सेशांत, सामाजिक रूप से जिम्मेदार और समाज के प्रति संवेदनशील हों। इस यात्रा में आध्यात्मिक कल्याण, मानसिक स्वास्थ्य, योग और ध्यान की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। आर्ट ऑफ लिविंग जैसे सगं वठन लोगों में जुड़ाव, अपनापन और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को मजबतू करते हैं। वे लोगों को अपनी संस्कृति को जानने और समझने का अवसर भी देतेहैं।" राष्ट्र निर्माण में जन भागीदारी के महत्व पर उन्होंने कहा, "मुझे विश्वास हैकि समाज, राजनीति और सरकारों से अधिक शक्तिशाली है। कोई भी सरकार तभी सफल हो सकती है जब समाज राष्ट्र निर्माण में सक्रिय रूप से भाग ले।" सगंठन के योगदान की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, "यह देखकर अत्यतं प्रसन्नता होती है कि आर्ट ऑफ लिविंग सगंठन हमेशा समाज की शक्ति को समर्थनर्थ देता है।" भारत की तीव्र प्रगति और युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए श्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "हमारी डिजिटल क्रांति ने भारत को डिजिटल भुगतान में वैश्विक नेता बना दिया है। स्टार्टअप्स के मामले में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम बन चुका है। हमारे युवा अब अपने उपग्रह अतंरिक्ष में भेज रहे हैं। इन उपलब्धियों का सबसे बड़ा कारण हमारे युवा और आर्ट ऑफ लिविंग हैं। आर्ट ऑफ लिविंग युवाओ को आधुनिक यगु की चुनौतियों से उबरने में सहायता कर रहा है।" प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए गरुदेव श्री श्री रवि शंकर ने हाल के वर्षों में भारत में आए परिवर्तन और राष्ट्र में उत्पन्न हुए आत्मविश्वास की भावना पर अपने विचार साझा किए। गरुदेव ने कहा, "आपने देश और विदेश में शांति स्थापित करने की दिशा में कदम उठाए हैं। आज भारत माता और भारतवासी गर्व के साथ आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि आपने भारत को एक नई ऊँचाई पर पहुँचाया है।" राष्ट्रीय परिवर्तन और जनभागीदारी का उल्लेख करते हुए गरुदेव ने कहा, "जैसे ही आप आए, आपने स्वच्छ भारत' का आह्वान किया। आज देश अधिक स्वच्छ, अधिक सुंदर अधिक सुरक्षित और नए आत्मविश्वास से भरा हुआ महससू करता है।" भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा पर गरुदेव ने कहा, "पहले विदेशों में लोग कहते थे कि भारत कभी इस तरह आगे नहीं बढ़ सकता। आपने उन सभी को गलत साबित कर दिया।" गरुदेव ने आगे कहा, "दस वर्षों सेभी कम समय मेंआपने भारत को मांगनेवाले देश से देनेवाले देश में बदल दिया।" आर्ट ऑफ लिविंग के प्रारंभिक दिनों को याद करतेहुए गरुदेव ने बताया कि संगठन की नींव ही विविध विचारधाराओं के संगम का प्रतीक थी। आर्ट ऑफ लिविंग के प्रथम ट्रस्टियों में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी. एन. भगवती और न्यायमूर्ति वी. आर. कृष्ण अय्यर शामिल थे। जहाँ एक अत्यतं आध्यात्मिक थे, वहीं दूसरे प्रखर तर्कवादी माने जाते थे, लेकिन दोनों ही गुरुदेव के दृष्टिकोण से प्रेरि त होकर संस्थापक ट्रस्टी बनने के लिए सहमत हुए। माननीय प्रधानमंत्री ने शिक्षा, युवा और महिला सशक्तिकरण, वनीकरण, पर्यावरण सरंक्षण, जनजातीय कल्याण, स्वास्थ्य सेवा, जेल सुधार और डिजिटल साक्षरता से जुड़े समावेशी विकास हेतु नौ राष्ट्रव्यापी सेवा पहलों का शुभारंभ किया। मिशन ग्रीन अर्थ के अंतर्गत आर्ट ऑफ लिविंग ने पिछले एक वर्ष में 19 राज्यों और 121 जि लों में 90 लाख से अधिक पौधे लगाए हैं। अब सगंठन का लक्ष्य 45 लाख मोरिंगा पौधे तथा 17,500 पचं वटी समहूों के अंतर्गत 87,500 पवित्र वृक्ष ; बरगद, पीपल, नीम, आम और औदंबुर लगाने का है, जिससे जलवायु संतुलन , जैव विविधता और सामदुायिक सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा। सगंठन ने 11 राज्यों में 12 RuTAGe स्मार्ट विलेज सेंटर भी प्रारंभ किए हैं, जो ग्रामीण परिवर्तन के समग्र केंद्र होंगे। युवा नेतृत्व कार्यक्रम और महिला नेतृत्व कार्यक्रम के माध्यम से सगंठन 50,000 युवाओं और महिलाओं को नेतृत्व तथा उच्च मांग वाले तकनीकी कौशलों में प्रशिक्षित करेगा, जबकि अब तक 6 लाख से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो चकेु हैं। श्री अभयम प्रोजेक्ट का विस्तार अब 450 गाँवों तक किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा और आजीवि का के माध्यम सेजनजातीय कल्याण को बढ़ावा देना है। वहीं ग्राम डिजिटल सेवक पहल के अतंर्गत ग्रामीण यवाओं को प्रशिक्षित कि या जाएगा ताकि वे एआई आधारि त साधनों के माध्यम सेग्रामीण समदुायों को सरकारी योजनाओ, टेली-हेल्थ और डिजिटल सेवाओं तक पहुँचाने में सहायता कर सकें। विभिन्न राज्यों में नौ टेलीमेडिसिन केंद्र भी प्रारंभ कि ए जा रहेहैं, जिससे दूर-दराज क्षेत्रों में विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हो सकें। आर्ट ऑफ लिविंग ने अपने जेल सुधार कार्यक्रमों के विस्तार की भी घोषणा की, जिसके अतंर्गत 550 जेलों में 1,000 कार्यक्रम चलाए जाएंगे, जिनसे लगभग 60,000 कैदियों और कर्मचारियों को तनाव मुक्ति और व्यावसायिक प्रशिक्षण का लाभ मिलेगा। सगंठन का निःशुल्क शिक्षा नेटवर्क, जो वर्तमान में 22 राज्यों के 2,754 गाँवों में1,356 विद्यालयों के माध्यम से 1.2 लाख से अधिक बच्चों तक पहुँच रहा है, अब 2,000 विद्यालयों तक विस्तारित किया जाएगा। महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम , जिनसे अब तक 6 लाख सेअधि क महिलाएँ और बालिकाएँ लाभान्वित हुई हैं, अब तक 10 लाख महिलाओं और बालिकाओं तक पहुँचने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ाए जा रहे हैं। माहभर चलनेवाले इन उत्सवों में 182 देशों से एक लाख से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें केंद्रीय मंत्री राज्यपाल, सांसद, उद्यमी, प्रशासनिक अधिकारी, किसान, आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रमों सेपनु र्वा सि त कैदी तथा अतं रराष्ट्रीय प्रति नि धि शामि ल रहे। प्रमुख अतिथियों में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री श्री सुकांत मजूमदार, केंद्रीय बदंरगाह, पोत परिवहन एवंजलमार्ग मंत्री श्री सर्बानदं सोनोवाल, मणिपुर के राज्यपाल श्री अजय कुमार भल्ला, नागालैंड के राज्यपाल श्री नदंकिशोर यादव, उत्तराखडं के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गरुमीत सि हं (सेवानिवृत्त), तथा हीरानंदानी समहू के अध्यक्ष श्री नि रंजन हीरानंदानी सहित अनेक विशिष्ट नेता उपस्थित रहे। साढ़े चार दशकों में आर्ट ऑफ लिविंग विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी मानवीय आंदोलनों में से एक बन चुका है, जिसने श्वास, ध्यान, शि क्षा और जमीनी सेवा के माध्यम से 182 देशों में एक अरब से अधिक लोगों के जीवन को स्पर्श किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### रंगास्वामी 13 मई को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**नई दिल्ली।** पुडुचेरी में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एन. रंगास्वामी



को पुडुचेरी का मुख्यमंत्री नियुक्त करने की मंजूरी दे दी। गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने एन. रंगास्वामी को पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त किया है और यह नियुक्ति उनके शपथ ग्रहण की तिथि से प्रभावी होगी। गृह मंत्रालय की अधिसूचना जारी होने के बाद पुडुचेरी के उपराज्यपाल के. कैलाशनाथन ने एन. रंगास्वामी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है। सूत्रों के अनुसार, रंगासामी आगामी 13 मई को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इसके साथ ही वे पांचवीं बार पुडुचेरी की सत्ता संभालेंगे। गौरतलब है कि पिछले महीने चार राज्यों के साथ केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में भी विधानसभा चुनाव संपन्न हुए थे। 4 मई को घोषित चुनाव परिणामों में पुडुचेरी में ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सत्ता में वापसी की। चुनाव परिणामों के अनुसार, ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस ने 12 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि भाजपा को 4 सीटें मिलीं। इसके अलावा अन्नाद्रमुक और लाचिया जननायगा काची को एक-एक सीट प्राप्त हुई। रंगासामी का राजनीतिक सफर : एन. रंगास्वामी को पुडुचेरी की राजनीति का बेहद अनुभवी और लोकप्रिय चेहरा माना जाता है।

### हंगरी में पीटर मग्यार ने ली नए पीएम की शपथ

**बुडापेस्ट।** हंगरी के पीएम के रूप में शनिवार को पीटर मग्यार ने शपथ ली। इसके साथ विक्टर ओर्बन के



16 सालों के निरंकुश शासन का अंत हो गया। मग्यार की मध्य-दक्षिणपंथी टिस्ज़ा पार्टी ने एक आश्चर्यजनक उलटफेर में पिछले महीने ओर्बन की राष्ट्रवादी-लोकप्रिय फिडेज पार्टी को हराया था। हंगरी में साम्यवादी शासन के खत्म होने के बाद किसी भी अन्य पार्टी की तुलना में मग्यार की पार्टी ने सबसे जयादा वोट हासिल किये और संसद की सीटें जीतीं। रिपोर्ट के मुताबिक इस चुनाव में टिस्जा को संसद में दो-तिहाई बहुमत मिला, जिससे वह उन कई नीतियों को वापस ले सकेगी, जिनके कारण ओर्बन को उनके आलोचक धुर दक्षिणपंथी सत्तावादी करार देते थे। हंगरी की संसद में पीएम पद की शपथ लेने के बाद मग्यार ने सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपने पद का इस्तेमाल हंगरी पर ''शासन'' करने के लिए नहीं, बल्कि ''अपने देश की सेवा करने'' के लिए करेंगे। मग्यार ने कहा कि मैं यहां इसलिए नहीं खड़ा हूं क्योंकि मैं देश में किसी और से अलग हूं। मैं यहां इसलिए खड़ा हूं क्योंकि लाखों हंगरीवासियों ने बदलाव लाने का फैसला किया है। हमें जो विश्वास मिला है, वह हमारे लिए सम्मान और नैतिक दायित्व दोनों है, लेकिन साथ ही एक अद्भुत एहसास भी है। माना जा रहा है कि मग्यार की सरकार आने से हंगरी के यूरोपीय संघ के साथ राजनीतिक समीकरणों में बदलाव आएगा।

# विकसित भारत के लक्ष्य को गति देगा तेलंगाना का विकास : प्रधानमंत्री

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में कहा कि राज्यों के विकास के बिना देश का विकास संभव नहीं है और तेलंगाना का विकास विकसित भारत के लक्ष्य को गति देगा। केंद्र सरकार राज्यों के तेज विकास को अपनी योजनाओं का केंद्र बिंदु मानकर काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने रविवार को हैदराबाद अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र (एचआईसीसी) से वर्चुअल माध्यम से 9,400 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि तेलंगाना का सामर्थ्य राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक भी है। यहां के आसपास के क्षेत्र को देश का बड़ा विनिर्माण



केंद्र बनाने की दिशा में कई बड़े प्रकल्प शुरू किए जा रहे हैं, जिनसे हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और राज्य की संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इस समय सुधार और आधुनिक बुनियादी ढांचे की "एक्सप्रेस" पर आगे बढ़ रहा है। जहीराबाद औद्योगिक क्षेत्र का विकास इसी सोच का हिस्सा है। यह क्षेत्र एक औद्योगिक स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचा, बेहतर विद्युत आपूर्ति और उन्नत सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी नेटवर्क उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि इससे दुनिया भर के निवेशकों को उद्योग स्थापित करने के लिए आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस औद्योगिक क्षेत्र के विकास पर हजारों करोड़ रुपये खर्च कर रही है और इससे युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यहां बनने वाले वाहन, मशीनरी और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग किसानों और श्रमिकों को भी सशक्त करेंगे। प्रधानमंत्री ने वारंगल पीएम मित्र पार्क का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत अपनी वस्त्र उद्योग की ऐतिहासिक विरासत को फिर से मजबूत कर रहा है। पीएम मित्र पार्क देश में वस्त्र क्रांति को नई गति देगा और यहां स्थापित होने वाली इकाइयों को केंद्र सरकार की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) का भी लाभ मिलेगा।

## अमेरिका के मियामी बीच में बोट में जोरदार विस्फोट, 11 लोग गंभीर रुप से घायल

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका के फ्लोरिडा में मियामी बीच के पास पर्यटन स्थल हॉलओवर सैंडबार पर अचानक एक बोट में जोरदार धमाका हो गया। इस भयानक विस्फोट में कम से कम 11 लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि हुई है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस विस्फोट की वजह से वहां मौजूद लोगों के बीच भारी अफरातफरी और दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस तुरंत इस हादसे की जानकारी मिलने के बाद बचाव कार्य में जुट गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बताया जा रहा है कि यह भीषण धमाका बोट के अंदर अचानक गैस लीक होने के कारण हुआ था। हालांकि अधिकारी अभी भी

**यह भीषण हादसा बोट के अंदर अचानक गैस लीक होने के कारण हुआ**



इस दुर्घटना के सटीक कारणों की बहुत गहराई से जांच कर रहे हैं। फायर रेस्क्यू सर्विसेज के अधिकारियों ने इस घटना के बारे में कई अहम जानकारियां दी हैं। खबर के मिलते ही फ्लोरिडा फिश एंड वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। इसके साथ ही यूएस कोस्ट गार्ड के जवान भी मदद के लिए दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए।

## बांग्लादेश में हाईकोर्ट का हिन्दू संत चिन्मय ब्रह्मचारी को जमानत देने से इनकार

**ढाका।** बांग्लादेश के चट्टोग्राम (पूर्व नाम चटगांव) केअलिफ हत्याकांड मामले में उच्च न्यायालय ने हिन्दू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को जमानत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस केएम जाहिद सरवर और जस्टिस शेख अबू ताहिर की बेंच ने उनकी जमानत याचिका पर पूर्व में जारी आदेश को खारिज कर दिया। बेंच चार अन्य मामलों में उनकी जमानत याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगी। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, चिन्मय दास की ओर से एडवोकेट अपूर्व कुमार भट्टाचार्य पेश हुए, जबकि डिप्टी अटॉर्नी जनरल शैला शर्मिन और असिस्टेंट अटॉर्नी जनरल मो. अलामीन ने सरकार का प्रतिनिधित्व किया। इससे पहले 30 अप्रैल को उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान से जुड़े राजद्रोह के एक मामले में उन्हें जमानत प्रदान की थी। 31 अक्टूबर 2024 को चांदगांव मोहड़ा वार्ड इकाई के महासचिव फिरोज खान ने कोटवाली थाने में चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी और 19 अन्य लोगों के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में चिन्मय दास और कई अन्य लोगों को उसी वर्ष 25 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। राजद्रोह के मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज होने के बाद 26 नवंबर 2025 को चटगांव कोर्ट परिसर में उनके समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के बीच झड़पें हुईं।

# बंगाल के नए मुख्यमंत्री 'सबके लिए शासन' की संवैधानिक शपथ का पालन करें : जमीअत उलमा-ए-हिंद

एजेंसी। नई दिल्ली

जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी से कहा है कि वे राज्यपाल और बंगाल की जनता के समक्ष ली गई अपनी संवैधानिक शपथ की भावना और शब्दों का पूरी ईमानदारी के साथ पालन करें तथा बिना किसी भेदभाव के सभी नागरिकों के साथ समान न्याय सुनिश्चित करें। मौलाना मदनी ने कहा कि यह संवैधानिक शपथ केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपने पद के प्रति कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी का सार्वजनिक स्वीकार है। इस शपथ के बिना कोई व्यक्ति मुख्यमंत्री नहीं बन सकता और न ही इसके विपरीत आचरण करते हुए उस पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार रखता है। मौलाना



मदनी ने यह बातें मुख्यमंत्री के उस पूर्व बयान के संदर्भ में कहीं जिसमें उन्होंने खुलकर कहा था कि वे "सिर्फ हिंदुओं के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के बयान भारत के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने, लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान की भावना के विरुद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता किसी एक धर्म या राजनीतिक समूह की जागीर नहीं बल्कि पूरी जनता की अमानत है, जिसमें हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई तथा सभी वर्ग शामिल हैं। मौलाना मदनी ने कहा कि बंगाल की जनता नफरत की राजनीति या धार्मिक विभाजन नहीं बल्कि वास्तविक विकास और प्रभावी शासन चाहती है। हम यह नहीं कहते कि सरकार केवल मुसलमानों के लिए काम करे, बल्कि हम यह कहते हैं कि वह पूरे बंगाल और सभी नागरिकों के लिए काम करे। उन्होंने कहा कि जनता को स्वच्छ पानी, स्वच्छ वातावरण, बेहतर सड़कें, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार, निवेश, किसानों और छोटे व्यापारियों के लिए न्याय, कानून का शासन तथा गरीबों की गरिमा की सुरक्षा चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि विकास न मस्जिद के दरवाजे पर रुकता है और न मंदिर के द्वार पर, तथा बुनियादी सुविधाओं को धर्म के आधार पर विभाजित नहीं किया जा सकता। यदि विकास वास्तव में अस्सी प्रतिशत जनता तक पहुंचेगा तो बाकी बीस प्रतिशत भी उससे वंचित नहीं रहेंगे।

## लेबनान पर इजराइल का हमला जारी, कम से कम 24 की मौत

**बेरूत।** अमेरिकी मध्यस्थता से लेबनान और ईरान के बीच जारी संघर्ष विराम के दौरान यहां पल भर की शांति नजर नहीं आती। लेबनान पर इजराइल की लगातार बमबारी जारी है। शनिवार को हुए हमलों में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई। दक्षिणी लेबनान पर इजराइली हवाई और तोपखाने के हमलों में काफी तेजी आई है। अल जजीरा की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल ने शनिवार को दक्षिणी लेबनान के नौ कस्बों और गांवों को खाली करना आदेश जारी किया। इसके बाद दक्षिण के कई इलाकों में हमले किए। दक्षिणी लेबनान में मरने वालों की संख्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। पिछले लगभग 48 घंटों में इजराइली हवाई, ड्रोन और तोपखाने के हमलों में काफी तेजी आई है। आरोप है कि दक्षिणी लेबनान में कई जगहों पर इजराइली सैनिकों ने तोड़फोड़ भी की है। बताया जा रहा है कि यह सब उस 'येलो जोन' के अंदर हो रहा है जिसे इजराइल ने घोषित किया है। यह येलो जोन लेबनानी सीमा के अंदर 10 किलोमीटर तक फैला हुआ है। यह चिंताजनक इसलिए भी है कि लेबनान और इजरायल वाशिंगटन की मेजबानी में होने वाली निचले स्तर की कूटनीतिक बातचीत की तैयारी कर रहे हैं।

## एम्स दिल्ली से डॉक्टरों का पलायन बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एम्स दिल्ली में डॉक्टरों के संस्थान छोड़ने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में सामने आई रिपोर्टों ने एम्स प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कई डॉक्टरों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल का कार्य वातावरण पहले जैसा नहीं रहा और प्रशासनिक स्तर पर लगातार अनदेखी तथा दबाव की स्थिति बनी हुई है। सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में मरीजों की भर्ती, ट्रांसफर और डिस्चार्ज प्रक्रिया में अनियमितताओं के मामले सामने आए हैं। इनका असर मरीजों की देखभाल और विभागीय कामकाज पर पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि कार्डियक सर्जन डॉ. ए.के. बिसोई ने इन मुद्दों को प्रशासन के सामने उठाया था। इसी दौरान एक नर्स की शिकायत के आधार पर डॉ. बिसोई के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच शुरू की गई थी। हालांकि अक्टूबर 2025 में आंतरिक शिकायत समिति ने इन आरोपों को खारिज कर दिया। मामले के बाद एम्स की प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल और गहरे हो गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा कई बार निर्देश जारी किए जाने के बावजूद प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री सुबेंदु अधिकारी को श्रवण कुमार ने दी बधाई

**पटना।**ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह नेता विधायक दल जदयू श्रवण कुमार ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद पर सुबेन्दु अधिकारी के शपथ ग्रहण करने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मंत्री ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि आपके लम्बे राजनीतिक अनुभव, जनसेवा के प्रति समर्पण तथा जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक दृष्टि से देश का एक महत्वपूर्ण राज्य रहा है। आपके कुशल नेतृत्व में राज्य प्रगति और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करेगा, यह मेरा पूर्ण विश्वास है। ईश्वर से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और अपार ऊर्जा प्रदान करें, ताकि आप पश्चिम बंगाल की जनता की सेवा पुरी निष्ठा और समर्पण के साथ करते रहें। आपको इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं।

### धीरज पांडेय बने इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष

**पटना।**भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत भरौली ग्राम के लिए गौरव का क्षण है। यहाँ के निवासी शशि कांत पांडेय के पुत्र और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट (प्रवक्ता) धीरज कुमार पांडेय को 'इंडियन एमेच्योर बॉक्सिंग फेडरेशन' बिहार का प्रदेश उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से राजनीतिक गलियारों के साथ-साथ खेल जगत में भी खुशी की लहर है।नवनियुक्त उपाध्यक्ष धीरज कुमार पांडेय ने अपनी इस नई जिम्मेदारी के लिए फेडरेशन का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि बिहार के खेल भविष्य को संवारने का एक बड़ा अवसर है। धीरज पांडेय की पहचान एक प्रखर वक्ता के रूप में रही है, और अब खेल प्रशासन में उनकी एंट्री से बॉक्सिंग के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।पदभार ग्रहण करने के बाद अपने पहले आधिकारिक वक्तव्य में धीरज कुमार पांडेय ने बिहार के गौरवशाली इतिहास को याद किया। उन्होंने संकल्प दोहराते हुए कहा कि बिहार अब केवल ज्ञान और राजनीति ही नहीं, बल्कि खेल-कूद, विशेषकर बॉक्सिंग के क्षेत्र में भी अपनी एक अलग और प्रभावशाली छाप छोड़ेगा। उन्होंने राज्य की खेल प्रतिभाओं को विश्वस्तरीय मंच प्रदान करने की बात कही।धीरज पांडेय ने जोर देकर कहा कि बिहार में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही दिशा और अवसर देने की आवश्यकता है। बॉक्सिंग के क्षेत्र में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के युवाओं को तराशने के लिए आगामी दिनों में विशेष कार्ययोजना बनाई जाएगी। उनका लक्ष्य है कि बिहार के बॉक्सर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ाएं।उनकी इस उपलब्धि पर भरौली ग्राम सहित पूरे भोजपुर जिले में उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि धीरज कुमार पांडेय के कुशल नेतृत्व में बिहार का बॉक्सिंग जगत नए आयाम स्थापित करेगा। उनकी नियुक्ति को बिहार के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### मंदिरी नाला पथ अब कहलाएगा 'नवीन किशोर सिन्हा पथ', कल मुख्यमंत्री करेंगे भव्य लोकार्पण

**पटना।**राजधानी पटना के विकास कार्यों की कड़ी में कल एक महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ने जा रहा है। आगामी 11 मई 2026 को मंदिरी नाला पथ का भव्य लोकार्पण किया जाएगा। इसी पावन अवसर पर पूर्व विधायक और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व. नवीन किशोर सिन्हा की 77वीं जयंती मनाई जाएगी और उनकी स्मृति में इस पथ का नामकरण आधिकारिक रूप से 'नवीन किशोर सिन्हा पथ' कर दिया जाएगा।इस गरिमामय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शिरकत करेंगे। उनके साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नितिन नवीन भी मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। मंदिरी नाला पथ का यह प्रोजेक्ट क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में सुधार और यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। समारोह की विशिष्टता बढ़ाने के लिए नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की गरिमामय उपस्थिति में पटना साहिब के सांसद रवि शंकर प्रसाद, पटना की महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी कुमारी और शहर के समस्त वार्ड पार्षद भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। यह आयोजन स्थानीय राजनीति और विकास की दृष्टि से बड़े जमावड़े का गवाह बनेगा।नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा मेमोरियल ट्रस्ट, पटना द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 11 मई 2026 को सुबह 10:00 बजे मंदिरी नाला पथ पर संपन्न होगा। आयोजकों ने इस अवसर पर आम जनता और गणमान्य व्यक्तियों से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने और दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करने का विनम्र अनुरोध किया है।स्व. नवीन किशोर सिन्हा भाजपा के एक कद्दावर नेता रहे हैं और इस पथ का उनके नाम पर होना पटना के विकास में उनके योगदान को एक सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में देखा जा रहा है। इस लोकार्पण से मंदिरी क्षेत्र के निवासियों को लंबे समय से प्रतीक्षित आधुनिक सड़क की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे शहर के इस हिस्से की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी।

### बिहार में जमीन रजिस्ट्री से पहले देनी होंगी 13 तरह की जानकारियां

**पटना।**बिहार में जमीन की खरीद-बिक्री प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। राजस्व एवं निबंधन विभाग ने नई व्यवस्था की तैयारी पूरी कर ली है, जिसके तहत अब जमीन की रजिस्ट्री से पहले खरीदार को संबंधित भूमि की पूरी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। यह व्यवस्था इसी महीने राज्यभर में लागू होने की संभावना है।नई व्यवस्था के तहत रैयती जमीन के निबंधन से पहले पोर्टल पर 13 प्रकार की जानकारियां अनिवार्य रूप से देनी होंगी। इसमें खाता, खेसरा, रकबा, चौहद्दी, जमाबंदी और विक्रेता से जुड़ी जानकारी शामिल होगी। आवेदन के बाद इन सभी दस्तावेजों की जांच अंचल अधिकारी (सीओ) द्वारा की जाएगी और निर्धारित समय सीमा के भीतर रिपोर्ट दी जाएगी। सरकार ने इसके लिए 10 दिनों का समय तय किया है। विभाग के अनुसार, इस प्रक्रिया का उद्देश्य भूमि लेन-देन में पारदर्शिता बढ़ाना और विवादों को कम करना है। खरीदार को रजिस्ट्री से पहले ही यह जानकारी मिल जाएगी कि संबंधित जमीन पर कोई लोन, विवाद या अन्य कानूनी अड़चन तो नहीं है।राज्य के सभी अंचलाधिकारियों को इस नई व्यवस्था के लिए प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके साथ ही जमीन निबंधन कार्य के लिए मोबाइल यूनिट भी तैयार कर ली गई है। संभावना है कि यह व्यवस्था इसी सप्ताह के अंत तक या महीने के अंत तक पूरे राज्य में लागू कर दी जाएगी। बिहार में जमीन रजिस्ट्री की प्रक्रिया पहले से ही ई-निबंधन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन की जा रही है। रजिस्ट्री के दौरान स्टांप ड्यूटी और निबंधन शुल्क भूमि के मूल्य के अनुसार जमा किया जाता है। रजिस्ट्री पूरी होने के बाद जमीन का कानूनी स्वामित्व नए मालिक के नाम दर्ज हो जाता है और सरकारी रिकॉर्ड में इसका अपडेट कर दिया जाता है।

# राजनीति नहीं, लफ्फाजी करते हैं, तेजस्वी : प्रभाकर मिश्र

नई सोच एक्सप्रेस



» बिहार यात्रा तेजस्वी के बस की बात नहीं
» विदेशों में सैर-सपाटे करनेवालों को पसंद नहीं आयेंगी गांव की पगडंडियां

**पटना।**भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने तेजस्वी यादव की संभावित बिहार यात्रा पर जमकर तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी राजनीति नहीं, राजनीति के नाम पर लफ्फाजी करते हैं। ये बिहार की यात्रा पर निकलते हैं, लेकिन अपनी यात्रा बीच में ही स्थगित कर मौज-मस्ती में जुट जाते हैं। राजनीति इनके बस की बात नहीं है। राजनीति छोड़कर इन्हें कोई धंधा शुरू कर देना चाहिए। क्योंकि जिस मंसूबे से तेजस्वी राजनीति में आये थे, वह कभी पूरा होने वाला नहीं है। जनता बिहार को उनके हाथों में कभी नहीं सौंपेगी। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी यादव विदेशों में सैर- सपाटे करने वाले लोग हैं। ये चार्टर विमान में केक काटकर बर्थडे मनाने वाले लोग हैं। ऐसे लोगों को गांव की पगडंडियों पर कहां मन रमेगा। हेलीकॉप्टर पर नवरात्र में फिश पार्टी करने लोगों को न तो गांवों की आबोहवा रास आयेगी, न ही दाल-रोटी। तेजस्वी यादव और उनके गुरु राहुल गांधी मुंह में चांदी का चम्मच लेकर जन्म लिए हैं। जिसने कभी संघर्ष नहीं किया। नहीं जाना की भूख कैसी होती है। वैसे लोग गरीबों के दुख-दर्द को नहीं समझ सकते। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव जैसे लोग पैराशूट से राजनीति में उतरे हैं। इन्हें न तो अपने देश-प्रदेश से लगाव है, न ही यहां के लोगों से। ऐसे नेताओं के लिए बिहार सहित पूरे देश के लोग जानते हैं कि इनके साथ क्या करना है? पश्चिम बंगाल इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। श्री मिश्र ने कहा कि राजनीति का लक्ष्य जनसेवा होनी चाहिए। मलाई और मेवा नहीं। जो मलाई खाने और तिजोरी भरने के लिए राजनीति में आते हैं, वे कभी टिकाऊ नहीं हो सकते। भाजपा की सफलता की वजह यही है कि भाजपा से जुड़े लोग राष्ट्रभक्ति और जनसेवा की राजनीति करते हैं।

## विलाक्राफ्ट्स द्वारा तीन दिवसीय कला प्रदर्शनी ''कला संगम'' का आयोजन,देश भर से 56 कलाकारों ने भाग लिया है

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**बिहार ललित कला अकादमी', पटना में 10 मई से 12 मई 2026 तक बिहार की समृद्ध लोक एवं पारंपरिक कलाओं - टिकुली कला, मधुबनी लोक कला, तांत्रिक कला, गोदना कला एवं मंजूषा कला पर आधारित एक विशेष कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस तीन दिवसीय समूह कला प्रदर्शनी में देश भर से 56 कलाकारों ने भाग लिया है। प्रदर्शनी में इन कलाकारों की विविध कलाकृतियां की प्रदर्शनी को देखने के लिए अधिक संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इस प्रदर्शनी में सोनी कुमारी, साधना, बुलबुल कुमारी, शिवानी गुप्ता व अन्य कलाकारों की एक से बढ़कर एक कलाकृतियों को लगाया गया है, जिसे कला प्रेमी खूब सराह रहे हैं। तीन दिनों तक चलने वाली यह प्रदर्शनी कला प्रेमियों के लिए कला के विविध आयामों से रूबरू होने का एक सुनहरा मौका है। प्रदर्शनी में भाग लेने वाली मधुबनी पेंटिंग की कलाकार सोनी कुमारी ने बताया कि वह पटना के खगौल की रहने वाली हैं और पेंटिंग के प्रति बचपन से ही अपने लगाव के कारण उन्होंने कोरोना काल में मधुबनी पेंटिंग को अपना करियर बना लिया। इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन हम जैसे कलाकारों को काफी प्रोत्साहित करती है। मैं पिछले 6-7 सालों से मधुबनी पेंटिंग कर रही हूं। राजनगर मधुबनी की शिवानी गुप्ता, मोकामा निवासी बुलबुल कुमारी सहित अन्य कलाकारों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी का आयोजन कलाकारों के लिए प्रोत्साहन का बड़ा केंद्र है. इस प्रदर्शनी की मुख्य आयोजन सचिव सह विलाक्राफ्ट्स की संस्थापक सुरुचिका सिंह, जिनके विशेष प्रयास से इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य बिहार की पारंपरिक लोक कलाओं को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय कलाकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

» प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य बिहार की पारंपरिक लोक कलाओं को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय कलाकारों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है : सुरुचिका सिंह

# 16 आईपीएस व -12 आईएएस का तबादला

नई सोच एक्सप्रेस

» विकास वैभव मगध के आईजी, नीतीश के करीबी कुमार रवि-चंद्रशेखर सीएमओ से हटाए गए

**पटना।**सम्राट सरकार ने रविवार को 16 सीनियर आईपीएस और 12 आइएएस का तबादला किया। विकास वैभव को फील्ड में भेजे गए हैं। अब वो मगध रेंज के आईजी होंगे। वहीं, नैयर हसनैन को एडव से हटाकर बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। एडीजी की जिम्मेदारी अमित जैन को दी गई है। वहीं, नीतीश कुमार के करीबी 2005 बैच के आईएएस कुमार रवि और चंद्रशेखर आईएएस से हटाए गए हैं। कुमार रवि को स्वास्थ्य विभाग का सचिव बनाया गया है। 1996 बैच के आईएएस आनंद किशोर को वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव पद से हटा दिया गया है। वह बीएसईबी के अध्यक्ष बने रहेंगे। गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, कई कद्दावर अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। सरकार ने कानून-व्यवस्था, साइबर अपराध, आर्थिक अपराध, तकनीकी सेवाएं और विशेष शाखा जैसे अहम विभागों में बदलाव किए हैं।विकास वैभव इससे पहले बिहार राज्य योजना परिषद में सलाहकार के पद पर थे। नए तबादले में उन्हें पुलिसिंग की जिम्मेदारी दी गई है।विकास वैभव पहले भी काफी चर्चा में रहे हैं। 2023 में उनका तत्कालीन डीजी शोभा अहोटकर के साथ विवाद हुआ था, जिसके बाद उन्हें लंबे समय तक वेटिंग में रखा गया था। बाद में उन्हें दूसरे विभाग में ट्रांसफर कर दिया गया था। अमित कुमार जैन को आर्थिक अपराध इकाई में नई जिम्मेदारी मिली है। 1994 बैच के कद्दावर डॉ. परेश सक्सेना को महानिदेशक-सह-आयुक्त, असैनिक सुरक्षा बनाया गया है। निर्मल कुमार आजाद को पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) की जिम्मेदारी दी गई है। 1996 बैच के प्रमांशु कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक, विधि-व्यवस्था बनाया गया है।नैयर हसनैन खान को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। कमल किशोर सिंह को रेल विभाग का एडीजी बनाया गया है। 1997 बैच के अजीताभ कुमार को राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो एवं आधुनिकीकरण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, संजय सिंह को बजट, अपील एवं कल्याण विभाग का एडीजी बनाया गया है और उन्हें सुरक्षा विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।1998 बैच के अमित लोढ़ा को तकनीकी सेवाएं एवं संचार विभाग में भेजा गया है। अमृत राज को साइबर अपराध और सुरक्षा इकाई का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया गया है। इसके अलावा क्षत्रनील सिंह को गृह विभाग की विशेष शाखा में विशेष सचिव बनाया गया है। पी. कन्नन को आईजी प्रोविजनिंग और आधुनिकीकरण की जिम्मेदारी दी गई है। रंजीत कुमार मिश्रा को अपराध अनुसंधान विभाग में पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है और साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।वहीं संजय कुमार को विशेष शाखा, बिहार पटना का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। सरकार का कहना है कि यह फेरबदल प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत करने तथा पुलिसिंग को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है।सीएम सचिवालय के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह को जल संसाधन विभाग भेजा गया है। हालांकि, इनके पास कढफऊ का प्रभार बना रहेगा। स्वास्थ्य सचिव लोकेश सिंह की सीएम सचिवालय में एंट्री हुई है। वह सीएम सचिवालय के सचिव पद के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। उनके पास पर्यटन और विज्ञान प्रौद्योगिक एवं तकनीकी शिक्षा जिम्मेदारी भी रहेगी। जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल को आपदा प्रबंधन विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मल्ल को स्थानीय आयुक्त कार्यालय का ओसीडी का चार्ज दिया है। पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण के एसीएस एचआर श्रीनिवास को समाज कल्याण भेजा गया है। उद्योग विभाग सचिव कुंदन कुमार बिहार भवन के स्थानीय आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है।मद्य निषेध एवं निबंधन विभाग के सचिव अजय यादव को ऊर्जा सचिव बनाया गया है। कला संस्कृत विभाग के सचिव प्रणव कुमार को भवन निर्माण विभाग का सचिव बनाया गया है। वे भवन निर्माण निगम के प्रभार में रहेंगे। ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह को बिहार भवन के स्थानीय आयुक्त बनाया गया है।

## लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास फर्रुखाबाद जनपद में संगठन समीक्षा बैठक सम्पन्न



नई सोच एक्सप्रेस

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास द्वारा संगठन सुदृढ़ीकरण एवं बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश नेतृत्व द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक नंदकुमार पासवान एवं मंडल प्रभारी आनंद सिंह की उपस्थिति में संगठनात्मक समीक्षा की गई। बैठक में जिला प्रभारी सम्भू नाथ गुप्ता ने जिले की संगठनात्मक स्थिति बूथ गठन सदस्यता अभियान, कार्यकर्ता सक्रियता तथा आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि पार्टी को गांव-गांव एवं बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारी पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करें। मंडल प्रभारी आनंद सिंह ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास गरीब, शोषित, दलित, पिछड़े एवं युवा वर्ग की आवाज बनकर लगातार आगे बढ़ रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के नेतृत्व को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में विधानसभा एवं सेक्टर स्तर के पदाधिकारियों से संगठन विस्तार, बूथ कमेटी गठन एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। साथ ही प्रत्येक बूथ पर सक्रिय टीम तैयार करने एवं नियमित बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## नूरसराय में एन डी ए कार्यकर्ता ने मंत्री श्रवण कुमार का किया भव्य स्वागत

नई सोच एक्सप्रेस



**बिहारशरीफ।**ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा जब तक मेरे शरीर मे खून का एक एक कतरा रहेगा मैं जनता का काम करूंगा। नूरसराय के जदयू एन डी ए कार्यकर्ताओ ने बिहार सरकार के ग्रामीण विकास व सूचना जनसम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार को पुनः सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बनने पर भव्य व ऐतिहासिक स्वागत समारोह आयोजित किया जिसमें चौहान मोड़ से दर्जनों घोड़ा दर्जनों जे सी बी से तीन कीविंटल फूल से वारिस करते नूरसराय बाजार होते जनता कार्यकर्ता का आपार समर्थन के साथ हजारो के भीड़ के साथ आतिशबाजी करते नीतीश निशांत जिंदाबाद श्रवण कुमार जिन्दाबाद के नारा लगाते कार्यकर्ता महिला कार्यकर्त्ता अंधना मोड़ तक पहुँचा कार्यकर्ता में जोश और जुनून भरा हुआ था मंत्री श्री कुमार ने नूरसराय हिलसा मोड़ से कार्यकर्ताओ के साथ पैदल अंधना मोड़ तक जनता का अभिवादन स्वीकार करते पहुँचे इस अवसर नालन्दा सासद कौशलेन्द्र कुमार भी मंत्री श्रवण कुमार के साथ थे इस अवसर पर मंत्री श्री कुमार ने कहा कि नालन्दा और नूरसराय की जनता का मैं जिंदगी भर आभारी रहूंगा उन्होंने मुझे आठ वार विधायक और मंत्री बनने का मौका दिया मैं उनके सदा दुख सुख में साथ रहूँगा जब तक मेरे खून का एक एक कतरा बिहार वासीयो के लिए समर्पित है क्षेत के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य करता आया हूं और आगे भी कार्य करता रहूँगा इस अवसर पर जदयू के वरिष्ट नेता राजेन्द्र प्रसाद जदयू प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार देव सोनी लाल पूर्व प्रमुख राकेश कुमार जदयू नेता व कार्यकम संयोजक नवीन कुमार निश्चल प्रखंड प्रमुख रेखा देवी दीपू कुमार बंटी यादव समाजसेवी बबलू कुमार भूषण कुमार मुखिया संघ के अध्यक्ष व पपरनौसा पंचायत के मुखिया अमरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू मुखिया वसीका नवीस संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण कुशवाहा भूपेन्द्र प्रताप सिंह जदयू नेता डॉ सुनिल दत्त जदयू नेता शैलेन्द्र गराई राकेश कुमार सन्नी महतो अविनाश कुमार उर्फ सिक्कू मुखिया कृष्ण प्रसाद रवि राम उपेंद्र सिंह दीपक पासवान जयंत यादव भूषण कुमार रजनीश कुमार गब्बर सिंह धीरज कुमार पप्पू बंटू कुमार जदयू युवा नेता शुभम कुमार प्रशांत कुमार विकास कुमार सनी पासवान शैलेन्द्र चौहान आदि लोग उपस्थित थे।

## पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री सुबेंदु अधिकारी को श्रवण कुमार ने दी बधाई

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**बिहार के ग्रामीण विकास विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री सह नेता विधायक दल (जदयू) श्रवण कुमार ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद पर श्री सुबेन्दु अधिकारी के शपथ ग्रहण करने पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मंत्री ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि आपके लम्बे राजनीतिक अनुभव, जनसेवा के प्रति समर्पण तथा जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक दृष्टि से देश का एक महत्वपूर्ण राज्य रहा है। आपके कुशल नेतृत्व में राज्य प्रगति और समृद्धि के नए आयाम स्थापित करेगा, यह मेरा पूर्ण विश्वास है। ईश्वर से प्रार्थना है कि आपको उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और अपार ऊर्जा प्रदान करें, ताकि आप पश्चिम बंगाल की जनता की सेवा पुरी निष्ठा और समर्पण के साथ करते रहें। आपको इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं।

## सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के साथ मातृशक्ति को सशक्त बना रही है एनडीए सरकार : जदयू

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।**जदयू प्रदेश प्रवक्ता अरविंद निषाद ने मदर्स डे के अवसर पर बिहार की सभी माताओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां केवल परिवार की आधारशिला नहीं होती, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति होती है। माननीय श्री नीतीश कुमार जी ने हमेशा माताओं, बहनों और बुजुर्ग महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सम्मानजनक जीवन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का काम किया।बिहार में एनडीए सरकार की नीतियों का केंद्र केवल विकास नहीं, बल्कि समावेशी समाज का निर्माण है। इसी सोच के तहत राज्य में महिलाओं और माताओं के कल्याण के लिए कई योजनाएं प्रभावी रूप से संचालित की जा रही हैं। समेकित बाल विकास सेवाएं के अंतर्गत चलाई जा रही बिहार पूरक पोषाहार योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं तथा छोटे बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि कुपोषण जैसी गंभीर समस्या को दूर किया जा सके। यह योजना केवल पोषण उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वस्थ मां और स्वस्थ पीढ़ी के निर्माण की दिशा में एक मजबूत पहल है। इसी प्रकार जननी एवं बाल सुरक्षा योजना के माध्यम से बिहार सरकार गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित और संस्थागत प्रसव के लिए प्रोत्साहित कर रही है। सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव को बढ़ावा देकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि हर मां को सुरक्षित प्रसव, बेहतर स्वास्थ्य सुविधा और नवजात शिशु की समुचित देखभाल मिल सके। नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान केवल युवा माताओं या बच्चों तक ही अपनी चिंता सीमित नहीं रखी, बल्कि बुजुर्ग माताओं और बेसहारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मानजनक जीवन की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए। मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रय स्थल योजना के तहत राज्य में बेसहारा एवं जरूरतमंद बुजुर्गों को निःशुल्क आवास, पौष्टिक भोजन, वस्त्र, चिकित्सा सुविधा और देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है। यह योजना इस बात का प्रमाण है कि बिहार सरकार समाज के हर उस व्यक्ति के साथ खड़ी है, जिसे सहारे और सम्मान की आवश्यकता है।

# चैम्बर द्वारा राज्यसभा सांसद नितिन नवीन का अभिनंदन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**नितिन नवीन के सम्मान में बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज द्वारा चैम्बर प्रांगण में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। चैम्बर अध्यक्ष पी. के. अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि नितिन नवीन लंबे समय से जनसेवा और राजनीति से जुड़े रहे हैं। वे पहले प्रदेश स्तर पर लोकप्रिय थे और अब राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका निर्वाचन बिहार के उद्योग एवं व्यवसाय जगत के लिए गर्व और खुशी का विषय है। उद्योगपति एवं व्यवसायी वर्ग को आशा है कि वे उच्च सदन में राज्य के उद्यमियों और व्यापारियों की व्यवहारिक समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाकर उनके समाधान की दिशा में पहल करेंगे। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन वर्ष 2006 से लगातार बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं और विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों—नगर विकास एवं आवास, पथ निर्माण तथा विधि विभाग—की जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उनका सहज और सरल व्यक्तित्व सभी को आकर्षित करता है। बिहार चैम्बर को हमेशा उनका मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है और उन्होंने सदैव व्यापारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया है। इस अवसर पर संजय सरावगी ने कहा कि राज्य सरकार उद्योग एवं व्यवसाय को प्राथमिकता दे रही है। चैम्बर सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर राज्य में अधिक से अधिक निवेश लाने तथा उद्योग-व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करेगा। अपने संबोधन में नितिन नवीन ने कहा कि वर्ष 2025 से 2030 तक बिहार सरकार की प्राथमिकताओं में उद्योग एवं व्यवसाय प्रमुख रूप से शामिल हैं। सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में लैंड बैंक विकसित किए जा रहे हैं तथा औद्योगिक नीतियों में लगातार सुधार किया जा रहा है। उन्होंने चैम्बर से आग्रह किया कि वह सरकार को सुझाव दे कि राज्य में नए निवेश कैसे आकर्षित किए जाएं और वर्तमान उद्योगों को कैसे सशक्त बनाया जाए। उन्होंने बताया कि राज्य में 11 स्थानों पर सैटेलाइट सिटी एवं इलेक्ट्रॉनिक सिटी विकसित करने की दिशा में कार्य चल रहा है। साथ ही, यूरोपीय देशों से बिहार में निवेश लाने तथा दावोस जैसे वैश्विक मंचों पर बिहार के व्यवसायियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दिए जाने के बावजूद बिहार का विकास और गौरव उनकी प्राथमिकता में रहेगा। उन्होंने चैम्बर को आश्वस्त किया कि पूर्व की भांति वे व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से लेते रहेंगे तथा उनके समाधान का हरसंभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में भोजपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, अरवल चैम्बर ऑफ कॉमर्स, दानापुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स, डेहरी चैम्बर ऑफ कॉमर्स, इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स, लखीसराय चैम्बर ऑफ कॉमर्स, नालंदा चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, वैशाली चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सहित राज्य के अनेक व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों ने नितिन नवीन का अभिनंदन किया। इस अवसर पर चैम्बर के उपाध्यक्ष एन. के. ठाकुर एवं विशाल टेकरीवाल, महामंत्री मुकेश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष राजेश जैन सहित प्रदीप चौरसिया, आशीष शंकर, अजय गुप्ता, सुनील सराफ, पशुपतिनाथ पाण्डेय, शशि गोयल, पवन भगत, आशीष प्रसाद, राकेश कुमार, बिनोद कुमार एवं अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### संगठन सृजन साथी अभियान के लिए बिहार कांग्रेस ने जारी की जिला ऑब्जर्वर की सूची

**पटना**।संगठन सृजन साथी अभियान को लेकर बिहार कांग्रेस ने 53 सांगठनिक जिलों में 155 नेताओं की जंबो जेट सूची जारी की है। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के निर्देशन में आज 53 सांगठनिक जिलों के 155 नेताओं की सूची जारी की गई है। इस सूची में कई वरिष्ठ नेताओं को भी शामिल किया गया है जिनके ऊपर संगठन सृजन साथी अभियान के सफलता की जिम्मेदारी रहेगी।

### पटना मेट्रो का पहला इंटरचेंज स्टेशन अगस्त में होगा शुरू

**पटना**।पटना मेट्रो जल्द ही शहर के पांच स्टेशनों पर दौड़ती नजर आएगी। कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी के निरीक्षण के बाद अब सिर्फ अंतिम हरी झंडी का इंतजार है। इसी बीच खेमनीचक और मलाही पकड़ी के बीच बनने वाला पटना मेट्रो का पहला इंटरचेंज स्टेशन तेजी से तैयार किया जा रहा है। हालांकि, शुरूआती संचालन के दौरान यहां मेट्रो का ठहराव नहीं होगा।अधिकारियों के मुताबिक, अगस्त तक स्टेशन का निर्माण पूरा होने की संभावना है। इसके बाद यह स्टेशन पटना मेट्रो के दोनों प्रमुख कॉरिडोर को आपस में जोड़ने का काम करेगा।खेमनीचक एलिवेटेड स्टेशन को एक्सचेंज स्टेशन बनाया जा रहा है। यहां से कॉरिडोर-1 और कॉरिडोर-2 दोनों तरफ जाने वाली रूट की मेट्रो मिलेगी। कॉरिडोर-1 की मेट्रो सेवा जगनपुरा, मीठापुर और पटना जंक्शन तक जाएगी। कॉरिडोर-2 की ट्रेनें मलाही पकड़ी, राजेंद्रनगर, पीएमसीएच और गांधी मैदान होते हुए पटना जंक्शन तक पहुंचेंगी। इससे शहर के पूर्वी, मध्य और पश्चिमी हिस्सों के बीच सीधा कनेक्टिविटी मिलेगी।इसी कारण दोनों दिशाओं से आने वाली ट्रेनों के लिए अलग-अलग प्लेटफार्म और कॉनकोर्स एरिया बनाया जा रहा है। इसमें कॉरिडोर-2 का प्लेटफॉर्म चालू है। ट्रायल रन के दौरान यहां से मेट्रो गुजर भी चुकी है।इसके अलावा कॉनकोर्स एरिया का निर्माण पूरा कर लिया गया है और फिनिशिंग का काम जारी है। वहीं, कॉरिडोर-1 के प्लेटफार्म और कॉनकोर्स एरिया का निर्माण कार्य 60 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। इस स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए 5 लिफ्ट और 6 एस्केलेटर लगा जाएंगे। इस स्टेशन पर यात्रियों के लिए दो-दो प्रवेश और निकास द्वार बन रहा है। खेमनीचक इंटरचेंज मेट्रो स्टेशन दो मंजिला होगा। इस कारण यात्रियों को ट्रेन की सवारी करने के लिए दो जगहों पर लिफ्ट और एस्केलेटर का इस्तेमाल करना होगा।जमीन से टिकट एरिया (कॉनकोर्स एरिया) में जाने के लिए लिफ्ट और एस्केलेटर का इस्तेमाल करेंगे। वहीं, टिकट लेने के बाद यात्री ट्रेन की सवारी करने के लिए पुनः टिकट एरिया से लिफ्ट और एस्केलेटर का इस्तेमाल कर प्लेटफार्म पर जाएंगे।

### जीवन में माँ का कोई पर्याय नहीं : ओम




**पटना**। प्रेम, दया, करुणा, त्याग, तपस्या, सेवा, सहयोग, सहानुभूति, सुरक्षा, संबल, समर्पण, ममता, सुचिता एवं वात्सल्य की प्रतिमूर्ति- 'माँ' संपूर्ण जगत् की धूरी है, क्योंकि माँ के बिना सृष्टि की संकल्पना अधूरी है। जी हॉ! माँ एक सुरक्षा कवच तथा फ़रिश्ता का दूसरा रूप है जिनके कदमों में चारो धाम है, जन्नत है, सुकून है, किलकारी है। जीवन में माँ का कोई पर्याय नहीं क्योंकि, माँ बिना किसी पूर्वापेक्षा, शर्त व स्वार्थ के निष्ठापूर्वक हमारा पालन-पोषण करती है; एक रक्षक, मित्र, गुरु व मार्गदर्शक की भूमिका निभाती है; हमारे विचारों को एक नई दिशा देती है; हमेशा हमारी परवाह करती है; सही-गलत एवं मानव मूल्यों से परिचित कराती है; परिवार में एकजुट तथा मुश्किल समय में मजबूत बने रहने की प्रेरणा देती है। अतएव, जीवन में माँ का महत्व अतुलनीय है, क्योंकि माँ के बिना जीवन की संकल्पना कठिन है। उक्त बातें शिक्षाविद्-सह-समाज कल्याण प्रवर्तक ओम नमः शिवाय सिंह ने रविवार को राजेंद्र नगर, पटना में 'अंतर्राष्ट्रीय मातृ दिवस' के अवसर पर "जीवन में माँ का महत्व" विषयक् सेमिनार में कही। 'अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सारथी' द्वारा देर संध्या आयोजित उक्त सेमिनार में श्री सिंह ने यह भी कहा कि यद्यपि हम अपनी माँ का ऋण कतई चुका नहीं सकते तथापि उन्हें भरपूर मान- सम्मान, आदर एवं प्रेम देकर; उनकी जरूरतों को पूरा कर; उनकी आज्ञा का पालन कर; उनकी सलाह मानकर; उनकी भावनाओं का कद्र कर; उनसे ऊंची आवाज़ में बात न करके और सबसे बड़ी बात की बुढ़ापे में उन्हें कभी भी अकेला न छोड़कर, उनके साथ समय विताकर; उनकी सेवा-सुश्रुषा एवं देखभाल कर; उनका सहारा बनकर; उनकी ख़्वाहिशें पूरी कर; उन्हें सदैव खुश रखकर तथा गर्व की अनुभूति करा कर हम उनके प्रति सच्ची कृतज्ञता अवश्य प्रकट कर सकते हैं; क्योंकि माँ की दुआ ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है, किंतु दुःख इस बात की है कि आधुनिक जीवन शैली, संयुक्त परिवार का विघटन, पारिवारिक विवाद, पीढ़ियों के मध्य अंतर, नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों में आ रही निरंतर गिरावट,आत्मनिर्भरता की मिथ्या समझ एवं आत्मकेन्द्रितता व स्वार्थपरता के कारण आज समाज में बड़े-बुजुर्ग घोर उपेक्षा के शिकार हैं, जो चिंता का विषय है! कार्यक्रम के दौरान माँ पर आधारित कई मौलिक कविताओं का भी लयबद्ध पाठ किया गया जिसे सुनकर लोग अत्यंत भावुक हो गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अंतर्राष्ट्रीय साहित्य सारथी के संस्थापक सदस्य, प्रियांशु सिंह राजपूत का योगदान सर्वोपरि रहा। मौक़े पर आभा रानी, आशा कुमारी, पंकज रस्तोगी, विजय कुमार, रवि शंकर,कुमार अनिल, किरण सिंह आदि उपस्थित थीं।

### पर्यावरण प्रहरी राहुल ने किया पौधारोपण



**पटना**।पटना विश्वविद्यालय के एम एस डब्लू के के छात्र है अभय पटना से सटे दनियावां प्रखंड के सिगरियावा गाँव के निवासी अभय बहुत ही कर्तव्यनिष्ठ और शालीन है । प्रेम यूथ फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर के रूप में उत्कृष्ट कार्य कर रहे है । इन्होंने इतने कम उम्र में ही विश्व युवक केंद्र दिल्ली, निप्सिड दिल्ली, नेहरू युवा केन्द्र संगठन से जुड़कर युवाओ को रचनात्मक कार्यो से जोड़ने का शतत प्रयास करते है । अभय के माता पिता दोनो ग्रेजुएट है इसका काफी असर सँस्कार में दिखता है । अभय ने अभी तक लगभग पाँच हजार से अधिक पौधा लगा चुके है । इनका मानना है कि धरती की हरियाली में ही है जीवन की खुशहाली । दस बार रक्तदान किया है । कोरोना काल मे हजारो पीपीपी किट का वितरण किया । पटना में जब जलमाव हुआ लोग घरों में दुबके थे राहुल ने जान की बाजी लगाकार लोगो तक खाद्य सामग्री की आपूर्ति करते रहे । अभय एक लाख पौधा लगाने का लक्ष्य रखा है । इन्होंने लोगो से अपील किया कि हर यादगार पल पर पेड़ लगाये ।

# डॉक्टरों को अब 48 घटो के अंदर आनलाइन देनी होगी पोस्टमार्टम और इज्युरी रिपोर्ट

नई सोच एक्सप्रेस





**फतुहा**।भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने बिहार सरकार के उस फैसले का स्वागत किया है, जिसमें डॉक्टरों को अब 48 घंटे के भीतर पोस्टमार्टम रिपोर्ट और इंजुरी रिपोर्ट ऑनलाइन उपलब्ध कराना अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि यह केवल प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि वर्षों से पीड़ित जनता पर थोपे गए सरकारी अत्याचार, लापरवाही और भ्रष्ट व्यवस्था पर सीधा प्रहार है। डॉ पटेल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी के बाद से न जाने कितने मंत्री आए और चले गए, लेकिन किसी ने उस गरीब, असहाय और पीड़ित परिवार की पीड़ा को महसूस नहीं किया, जो पोस्टमार्टम रिपोर्ट और इंजुरी रिपोर्ट के लिए महीनों तक अस्पताल, थाना और सरकारी दफ्तरों का चक्कर काटते-काटते टूट जाता था। पीड़ित व्यक्ति इंसान कम और सरकारी व्यवस्था का "एटीएम मशीन" ज्यादा बन गया था। बिना पैसा, बिना सिफारिश और बिना दबाव के रिपोर्ट निकलवाना किसी युद्ध जीतने से कम नहीं था। उन्होंने कहा कि हत्या, सड़क दुर्घटना, मारपीट और अन्य गंभीर मामलों में पीड़ित परिवार न्याय के लिए भटकता रहता था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट समय पर नहीं मिलने से अपराधियों को लाभ मिलता था, केस कमजोर पड़ जाते थे और कई बार निर्दोष लोग भी परेशान होते थे। इंजुरी रिपोर्ट के अभाव में गरीब व्यक्ति न्यायालय और पुलिस प्रक्रिया में अपमान सहने को मजबूर होता था। यह केवल देरी नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था की आत्मा पर चोट थी। डॉ पटेल ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में वर्षों से रिपोर्ट के नाम पर खुलेआम खेल चलता रहा। गरीब आदमी लाइन में खड़ा रहता था और रसूखदार लोग पीछे के दरवाजे से काम करा लेते थे। किसी की बेटी न्याय के लिए रोती रही, किसी मां का बेटा कागज के इंतजार में भटकता रहा, लेकिन व्यवस्था के जिम्मेदार लोग कुर्सी और भाषण में व्यस्त रहे। उन्होंने कहा कि अब 48 घंटे में ऑनलाइन रिपोर्ट उपलब्ध कराने की व्यवस्था लागू होने से पारदर्शिता बढ़ेगी, भ्रष्टाचार पर चोट पड़ेगी और पीड़ित परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। डिजिटल व्यवस्था के कारण रिपोर्ट गायब करने, दबाने या जानबूझकर लटकाने वालों पर भी नकेल कसेगी। डॉ पटेल ने मांग किया कि सरकार केवल आदेश जारी कर अपने कर्तव्य से मुक्त न हो, बल्कि हर जिले में इसकी कठोर मॉनिटरिंग भी करे। जो डॉक्टर, कर्मचारी या अधिकारी जानबूझकर रिपोर्ट में देरी करें, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि न्याय में देरी, अन्याय को जन्म देती है और अब जनता चुप रहने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर व्यवस्था ईमानदारी से लागू हुई तो यह फैसला हजारों पीड़ित परिवारों के लिए राहत का दरवाजा साबित होगा। अब समय आ गया है कि सरकारी तंत्र जनता को परेशान करने का अड्डा नहीं, बल्कि सेवा और न्याय का माध्यम बने।

# मां की ममता की कोई मोल नहीं : महापौर



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**।पटना नगर निगम की महापौर सीता साहू ने कहा कि मां की ममता की कोई मोल नहीं होता और इससे ऋण से संतान कभी मुक्त नहीं हो पाता है। और खासकर सुपर मॉम या सिंगल मॉम जो अपने बच्चों को मां और पिता दोनों का प्यार देकर उनकी जिंदगी सवांरती है उनका सम्मान सबसे बड़ा सम्मान है। महापौर राजधानी पटना में जन भारत शिक्षा स्माईल फाउंडेशन के द्वारा आयोजित सुपर मॉम सम्मान को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि माता बच्चो के लिए पहली शिक्षक व गुरु होती है उनका बच्चों की सफलता में योगदान होता है। इस मौके पर नमामी गंगे की ब्राड एम्बेस्डर नीतू नवगीत ने कहा कि मां बढ़कर दुनिया में कोई नहीं होती है इसलिए मां सर्वदा पूज्यनीया है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ जूली बनर्जी ने मां की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो मां अपने बच्चे को माता पिता दोनों बनकर अपने भविष्य को सुधारने में योगदान दे रही है वह वंदनीया है और हम उन 23 माताओं को सम्मानित कर अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह आयोजन मातृत्व, शक्ति, त्याग, धैर्य और महिला सशक्तिकरण का एक सुंदर उत्सव बन गया। कुल 24 प्रेरणादायक माताओं को उनके परिवार, समाज, पेशे और मानवता के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्वेता कुमारी, शायकदेव मुखर्जी, श्वेता भास्कर, सुनैना सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 'अपनी आजादी को गुलामी की बेड़ियों में नहीं डालें' नाटक ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों पर किया जागरूक

नई सोच एक्सप्रेस



**फुलवारी शरीफ**।मदर्स डे के अवसर पर सर्वमंगला सांस्कृतिक मंच द्वारा वाल्मी, फुलवारी शरीफ में सामाजिक जागरूकता पर आधारित नाटक "अपनी आजादी को गुलामी की बेड़ियों में नहीं डालें" का प्रभावशाली मंचन किया गया। नाटक का लेखन महेश चौधरी तथा निर्देशन मिथिलेश कुमार पांडे ने किया। नाटक के माध्यम से समाज में बेटियों को मिली शिक्षा, स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता के सकारात्मक पक्ष को दर्शाते हुए यह संदेश दिया गया कि आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया का गलत उपयोग युवाओं को भटकाव की ओर ले जा सकता है। प्रस्तुति में दिखाया गया कि कुछ युवा मोबाइल, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसी सोशल मीडिया गतिविधियों के प्रभाव में आकर गलत संगत और असुरक्षित रिश्तों का शिकार हो रहे हैं, जिसके कारण वे शोषण एवं अन्य अपराधों की चपेट में आ जाते हैं। कलाकारों ने यह भी संदेश दिया कि सोशल मीडिया पर बढ़ती अश्लील और भ्रामक सामग्री का दुष्प्रभाव समाज, परिवार और बच्चों पर पड़ रहा है। नाटक के जरिए अभिभावकों और युवाओं से संयम, जागरूकता और संस्कारों के साथ जीवन जीने की अपील की गई। मदर्स डे के अवसर पर यह संदेश दिया गया कि हर मां अपनी बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और खुशहाल भविष्य की कामना करती है तथा समाज को भी बेटियों के लिए सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण बनाने की दिशा में आगे आना चाहिए। नाटक में महेश चौधरी, मिथिलेश कुमार पांडे, कामेश्वर प्रसाद, करण कुमार, श्वेता, रंजन, प्रिया, प्रमोद, अंकित, राकेश, अंशी, श्रीकांत, सक्षम, क्रिशू एवं शोएब कुरैशी ने अभिनय किया।

## कवि गुरु रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती,हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।भट्ठा दुर्गाबाड़ी पूजा समिति द्वारा कवि गुरु रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संध्या में एक सांस्कृतिक आयोजन में शहर के विभिन्न संस्थाओं के कलाकारों द्वारा रवींद्र संगीत,नृत्य और कविता की प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के प्रारंभ में कवि गुरु को माल्यापर्ण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीता डांस एंड म्यूजिक स्कूल के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नृत्य से हुआ जिसमें शामिल कलाकार ,रिपिका,मयूरी, आकाश,सारिका,तापसी,एलिना,भूमि ,श्रेया,अर्पिता और आयुषी ने अपनी प्रस्तुति से इसमें चार चांद लगा दिया। त्रिदिब शील द्वारा प्रस्तुत नृत्य और साथ में आशीष राहा के संगीत ने दर्शकों को ताली बजाने पर मजबूर किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनाली चक्रवर्ती,सुष्मिता भट्टाचार्य, श्रवना सरकार,सत्यप्रिय दत्ता,राज देवनाथ,रीमा मुखर्जी, शंपा गांगुली और सुनंदा दास ने अहम भूमिका अदा की। इस अवसर पर अपने संबोधन में दुर्गाबाड़ी पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ अमित कुमार भट्टाचार्जी ने कहा कि कवि गुरु रवींद्र नाथ टैगोर का साहित्य में अद्वितीय योगदान रहा और उनकी प्रसिद्ध रचना "गीतांजलि" के लिए उन्हें

**» विभिन्न संस्थाओं के द्वारा रवींद्र संगीत,नृत्य और कविता की प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया**

1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ था।उन्होंने आगे कहा कि भारत का राष्ट्रगान जन गण मन भी गुरु देव ने लिखा था साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रयोग कर शांतिनिकेतन की स्थापना की थी। मंच का सफल संचालन तपती बनर्जी ने किया।

## योग केंद्र का शुभारम्भ :मोटापा रोग के लक्षण, कारण और निवारण पर प्रथम शिविर का भी आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।भारतीय योग संस्थान की पूर्णिया इकाई की और से शीतला मंदिर, लालगंज पूर्णिया के कैंपस में एक नए योग केंद्र का शुभारम्भ सह मोटापा रोग निवारण शिविर कार्यक्रम का आयोजन हुआ I कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ I फिर आसनों का अभ्यास का कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ I जिसमें जानुसीर आसन जिला प्रधान संजय कुमार चौधरी, ताड आसन संगठन मंत्री नूतन सिंह, लम्बे गहरे स्वांसो का अभ्यास एवं उदर आकर्षण आसन क्रमशः क्षेत्रीय प्रधान ममता श्रीवास्तव और नीता केडिया, शलभ आसन, योग मुद्रा आसन, मंडूक आसन, हास्य आसन क्रमशः केंद्र प्रमुख आरती सिन्हा, रीना साह, गीता पाल, वंदना चौधरी, तिर्यकताड़ आसन, उष्ट्रासन क्रमशः उपकेंद्र प्रमुख कुमकुम शर्मा, अंजना देवी एवं उत्तान पाद हस्त आसन योग शिक्षिका सीमा देवी के द्वारा संपन्न करवाया गया I शव आसन का सुन्दर अभ्यास प्रांतीय मंत्री कैलाश मंडल के द्वारा कराया गया I इसके पूर्व प्रांतीय प्रधान अजय कुमार सिंह ने भारतीय योग संस्थान का विस्तार से परिचय दिया I मोटापा के लक्षणों और कुछ महत्त्व पूर्ण तथ्यों के ऊपर जिला प्रधान सतीश चंद्र श्रीवास्तव, उसके कारणों पर जिला प्रधान राजेंद्र पंडित ने और उसके निराकरण पर प्रांतीय मंत्री कैलाश मंडल ने महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया I काफी संख्या में साधक, साधिकाओं एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही और सभी ने अत्यंत ध्यान पूर्वक आसनों का अभ्यास किया और मोटापा रोग के ऊपर किये गए चर्चा को सुना और आत्मसात किया I उपस्थित जन समुदाय ने सोमवार से केंद्र पर नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प लिया I नव गठित शीतला मंदिर केंद्र की संचालिका गीता पाल ने नियमित योग करने का सभी से विनम्र आग्रह किया I कार्यक्रम के सफल सञ्चालन में शीतला मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्णा कुमार, भूदेव पंडित, चंद्र शेखर सिंह, अजय सिन्हा, बिनोद कुमार सिंह आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही I अन्य महत्त्वपूर्ण अधिकारियों में भगवान सिंह, मनोज कुमार सिंह एवं इन्दु सिन्हा की उपस्थिति रही आध्यात्मिक शांति के लिए वैदिक प्रार्थना , महा मृत्युञ्जय मंत्र और शांति पाठ करवाया गया I महामाया मंदिर केंद्र की उपकेंद्र प्रमुख रीता देवी के धन्यवाद ज्ञापन एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ I मंच सञ्चालन पतंजलि योग जिला के जिला प्रधान सतीश चंद्र श्रीवास्तव ने किया I

## फतुहा नगर मंडल की बैठक संपन्न



नई सोच एक्सप्रेस

**फतुहा**।भाजपा फतुहा नगर मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी की अध्यक्षता में रविवार को गोविंदपुर में हुआ।संचालन नगर महामंत्री सुरजीत कुमार ने किया।इस बैठक में मुख्य अतिथि बाढ़ विधानसभा प्रभारी गोपाल शर्मा और जिला उपाध्यक्ष भास्कर लाल पटवा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंडल,शक्ति केन्द्र और बुथ स्तर पर संगठन को मजबूती पर बल दिया और अगामी कार्य योजना की जानकारी दी। बैठक में जिला मंत्री प्रतिमा पाण्डेय, अंजु मिश्रा,पूनम केसरी, नगर उपाध्यक्ष सुनील वर्मा, नगर मंत्री अनामिका कुमारी,रूबी देवी,सुंदरी देवी, संतोष नोनिया, निरंजन गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ आनंद,राहुल सिंह,संजय तांती, शैलेश गुप्ता, दीलीप शाह,सूरज कुमार,प्रमोद प्रसाद,श्री भगवान, शिवनाथ यादव,राजेश कुमार,उमेश दास सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कैंगेन वाटर सेमिनार का सफल आयोजन, स्वास्थ्य और आर्थिक सशक्तिकरण पर हुई चर्चा

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना**।राजधानी पटना स्थित ब्लू क्विस्टर मैरिज हॉल, बेऊर मोड़ के पास कैंगेन वाटर से संबंधित एक भव्य सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और जापानी तकनीक आधारित वाटर आयोनाइज़र के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। सेमिनार के दौरान कैंगेन वाटर मशीन का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया, जिसमें शुद्ध एवं स्वास्थ्यवर्धक पानी की विशेषताओं को विस्तारपूर्वक समझाया गया। उपस्थित लोगों को बताया गया कि जापानी तकनीक पर आधारित यह प्रणाली किस प्रकार पानी की गुणवत्ता को बेहतर बनाकर स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देती है। कार्यक्रम में बिजनेस प्रेजेंटेशन भी दिया गया, जिसमें प्रतिभागियों को कैंगेन वाटर के व्यवसाय मॉडल, उसकी कार्यप्रणाली तथा उससे जुड़े विभिन्न अवसरों की जानकारी दी गई। इस दौरान कई लोगों ने अपने हेल्थ टेस्टिमोनियल साझा करते हुए बताया कि कैंगेन वाटर के उपयोग से उनके स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव आए हैं। वहीं, वेल्थ टेस्टिमोनियल के माध्यम से वक्ताओं ने यह भी बताया कि इस व्यवसाय ने अनेक लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनने का अवसर प्रदान किया है। सेमिनार में कई प्रमुख लीडर्स एवं अचीवर्स उपस्थित रहे, जिनमें श्री शशि निरंजन (5A रैंक अचीवर), श्री नागेंद्र कुमार वर्मा (6A रैंक अचीवर), श्री राकेश कुमार रितुराज (6A रैंक अचीवर), श्री अजीत कुमार आजाद (5A रैंक अचीवर), श्री राकेश कुमार दांगी (4A रैंक अचीवर), श्री आस्थानंद सिंह सिंह (2A रैंक अचीवर) विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में कैंगेन वाटर व्यवसाय के सफल 6A4-3 अचीवर श्री दीपक कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में यह व्यवसाय लोगों के लिए नई संभावनाओं का माध्यम बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने सभी लोगों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने और इस मिशन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## हाजीपुर में निःशुल्क जीतेंद्र टेस्ट सीरीज आयोजित, मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित

नई सोच एक्सप्रेस



**हाजीपुर**।अक्षयवट राय स्टेडियम, हाजीपुर में प्रत्येक रविवार की तरह इस सप्ताह भी सुबह 7 बजे बिहार पुलिस, दारोगा एवं रेलवे परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क जीतेंद्र टेस्ट सीरीज का आयोजन किया गया। इस टेस्ट में लगभग तीन दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजित परीक्षा में लड़कों के ग्रुप से अजय कुमार ने प्रथम, रोहित कुमार ने द्वितीय एवं संतोष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लड़कियों के ग्रुप में खुशी कुमारी प्रथम, खुशबू कुमारी द्वितीय तथा नेहा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। सभी सफल प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि अशोक कुमार (बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन, पूर्णिया जिला मंत्री), सतीश कुमार, कमांडो फिजिकल ग्रुप के डायरेक्टर राहुल कुमार एवं टेस्ट सीरीज के संचालक जीतेंद्र नाथ द्वारा संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि अशोक कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जब इस टेस्ट की शुरुआत गांव में हुई थी, तब वह स्वयं भी इसमें भाग लेते थे। उन्होंने छात्रों को नियमित रूप से टेस्ट देने, अपनी कमजोरियों को पहचानने और उन पर विशेष ध्यान देकर कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। वहीं संचालक जीतेंद्र नाथ ने कहा कि साप्ताहिक टेस्ट छात्रों को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि टेस्ट देने से छात्रों को अपनी तैयारी का सही आकलन होता है और यह पता चलता है कि किस विषय पर अधिक मेहनत की आवश्यकता है। साथ ही, नियमित टेस्ट से परीक्षा का भय भी दूर होता है और अभ्यर्थी वास्तविक परीक्षा के माहौल के अभ्यस्त हो जाते हैं। इस अवसर पर अभिषेक सिंह, रितिक राज, कंचन कुमार, अजय यादव, पंडित आकाश, राकेश कुमार, आदित्य कमल, माही कुमारी, निशांत कुमार, काजल कुमारी, प्रीति कुमारी, अंजली कुमारी, रूपा कुमारी, अमृता कुमारी, दीक्षा कुमारी, निशा कुमारी, सुहानी कुमारी, नंदनी कुमारी सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह निःशुल्क टेस्ट सीरीज प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए उपयोगी मंच साबित हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी है अति अनिवार्य

**मझौलिया**।विशाल मातृ सेवा सदन संस्थान बैठनिया की सौजन्य से पंचायत में सफल मैट्रिक और इंटर के छात्रों को अंग वस्त्र देकर और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों में छोटू कुमार मनमीत कुमार दिनेश कुमार विजय कुमार ललिता कुमारी रिंकू कुमारी जुली कुमारी स्नेहा कुमारी आदित्य कुमार साक्षी प्रिया शामिल है। आगत अतिथियों द्वारा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई तथा सफलता के लिए बधाई दिया गया। तदुपरांत वार्ड सदस्य संतोष कुमार तिवारी ने अपने पिता पंडित कौशल्या नंद तिवारी का 71 वा जन्मदिन के पावन अवसर पर सुंदर कांड का पाठ कराया गया। उसके बाद सम्मान समारोह में विधिवत वैदिक मंत्रों च्चारण के बीच जन्मदिन का केक काटा गया। ग्रामीणों और अतिथियों द्वारा पंडित कौशल्यानंद तिवारी को अंग वस्त्र देकर फूल माला पहनाकर तथा उपहार देते हुए जन्मदिन की बधाई दी गई और दीर्घायु जीवन की कामना की गई। वार्ड सदस्य संतोष कुमार तिवारी ने भाव विह्वल शब्दों में कहा कि आधुनिक युग में माता-पिता मानव जीवन के लिए ऑक्सीजन के समान जरूरी है। पालन पोषण करते हुए जीवन निर्माण करना और उचित संस्कार देते हुए अबोध बच्चे को समाज के लिए खड़ा करते हैं। सभी को अपने माता-पिता का आदर और सेवा करना चाहिए। मुखिया प्रतिनिधि दीनानाथ साह ने कहा कि आज के सफल छात्र भारत के भविष्य हैं। आधुनिक युग में पुत्र द्वारा अपने पिता का जन्मदिन मनाना अत्यंत ही पावन और अनुकरणीय कार्य है। माता-पिता देवी देवता के रूप होते हैं। मानव जीवन में माता-पिता का सदैव आदर और सेवा करनी चाहिए। समाजसेवी शिव शंकर सिंह और शिक्षक अशरफ अली ने शिक्षा और संस्कार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव जीवन में संस्कार का होना अति अनिवार्य है। समाज शिक्षित होते चला जा रहा है लेकिन आज वृद्ध माता-पिता को वृद्ध आश्रम में शरण लेनी पड़ रही है जो पढ़े-लिखे समाज के नाम पर कलंक है। पंचायत सचिव चंद्रमणि शुक्ला ने सफल छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामना दी और कहा कि आधुनिक और पश्चिमी सभ्यता वाले युग में मानव तरक्की तो खूब कर रहा है लेकिन माता-पिता जिन्होंने जन्म दिया उनको वृद्ध आश्रम में भेजते हुए शिक्षित समाज को शर्म नहीं आ रही है। उन्होंने उपस्थित छात्रों ग्रामीणों और नौजवानों को अपने माता-पिता बड़े बुजुर्गों का आदर करना और संस्कार युक्त विचार रखने की सलाह दी। विशाल मातृ सेवा सदन संस्थान बैठनिया की सौजन्य से पंचायत के ग्रामीणों को अंग वस्त्र और फूल माला से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वार्ड सदस्य मनोज पांडे संदीप कुमार तिवारी सरोज देवी मौसम कुमार तिवारी मोहित कुमार तिवारी सिद्धि कुमारी दिव्या कुमारी चंदन तिवारी चंद्र मोहन सिंह शिक्षक इंद्रासन भगत नथुनी तिवारी चंद्रशेखर पांडे सुदामा ठाकुर मुक्तिनाथ ठाकुर महेंद्र ठाकुर रामचंद्र ठाकुर साहित्य अन्य ग्रामीण और शिक्षा प्रेमी उपस्थित थे। ग्रामीणो और उपस्थित अतिथियों ने वार्ड सदस्य संतोष कुमार तिवारी द्वारा अपने पिता का जन्मदिन मनाने की जमकर प्रशंसा की और समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

### शिक्षा के बल पर हर मुकाम किया जा सकता है हासिल : डॉ. अभिषेक

» नगर भवन में आयोजित सम्मान समारोह में छात्राओं ने किया चिकित्सक का सम्मान




**औरंगाबाद**।शहर के नगर भवन में एक निजी शिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में सदर अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सक डॉ. अभिषेक कुमार सिंह शामिल हुए। समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने अंगवस्त्र एवं बुके देकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, अभिभावक एवं शिक्षण संस्थान से जुड़े लोग उपस्थित रहे। डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने छात्राओं एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के बल पर हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे घर की स्थिति से लेकर देश की स्थिति तक को बेहतर बनाया जा सकता है। युवाओं से मेहनत एवं अनुशासन के साथ पढ़ाई करने की अपील करते हुए कहा कि अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र का नाम रोशन करना हर छात्र का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी भी जरूरी है। यदि युवा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें तो समाज में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने डॉ. अभिषेक के सामाजिक एवं चिकित्सकीय कार्यों की सराहना की। समारोह में मो. फहीम, आदिल एवं आजाद प्रियंका कुमारी, योगिता कुमारी मोहम्मद वसीम इकरा खानम अदीबा खानम समेत कई युवाओं ने डॉ. अभिषेक कुमार सिंह को सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि चिकित्सक के रूप में वे समाज सेवा का बेहतर उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा तथा छात्र-छात्राओं ने शिक्षा के महत्व पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

### शहीद स्मारक पार्क का 53.80 लाख से सौंदर्यीकरण के बाद मिलेगा पर्यटकीय लुकः गरिमा

» ऐतिहासिक शहीद पार्क- परिसर में नर्म घास लगाने के साथ पेड़ पौधों के रोपण के महापौर की महत्वाकांक्षी योजना का नगर निगम ने किया है निविदा जारी

**बेतिया**। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि जिला मुख्यालय में बेतिया नगर निगम के ऐतिहासिक धरोहर शहीद स्मारक पार्क का सौंदर्यीकरण के लिए नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित योजना की निविदा जारी कर दी गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि उनके महत्वाकांक्षी प्रस्ताव के आधार पर नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित इस योजना की निविदा भी नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित द्वारा जारी कर दी गई है। जिसके आधार पर ऐतिहासिक शहीद पार्क-परिसर में नर्म घास लगाने के साथ पेड़ पौधों का रोपण भी किया जाएगा। महापौर ने बताया कि उनकी इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए पारित प्रस्ताव के अनुसार शहीद स्मारक पार्क परिसर में पांच झुला, गजीबो, एक फिश फाउंटेन अर्थात फव्वारा लगाया जाएगा। इसके साथ ही ओपन जीम, स्वच्छता प्रबंधन के लिए 40 डस्टबिन, दर्जन भर से ज्यादा आराम बेंच, उम्दा लाइटिंग के साथ गार्ड रूम और टिकट घर, समरसेबल बोरिंग,महिला और पुरुष के लिए अलग अलग शौचालय का भी निर्माण कराए जाने के साथ इस ऐतिहासिक धरोहर पार्क को पर्यटकीय स्वरूप दिया जाएगा। नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित द्वारा जारी जारी निविदा के हवाले से महापौर ने बताया कि आगामी 8 जून 2026 तक में इच्छुक और योग्य संवेदक ई-टेंडरिंग विधि से ऑनलाइन दावेदारी कर सकेंगे। महापौर ने यह भी बताया कि जिला मुख्यालय के धरोहर शहीद पार्क में इस नई योजना से पहले भी नगर निगम प्रशासन द्वारा पाथवे, बेंच, छतरी सहित मूल स्मारक का सौंदर्यीकरण की योजनाओं को पहले भी पूरा किया जा चुका है।

## मधुबनी में एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, 55 हजार से अधिक सिलिंडर उपलब्ध

नई सोच एक्सप्रेस




» गैस उपभोक्ताओं को घर तक मिल रही डिलीवरी, दुर्व्यवहार करने वाले वितरकों व कर्मियों पर होगी सख्त कार्रवाई
» शिकायत एवं सुझाव के लिए जिला प्रशासन ने जारी किया हेल्पलाइन व गूगल लिंक

**मधुबनी/बिहार**।जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। जिला प्रशासन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मधुबनी जिले में दिनांक 10 मई 2026 को कुल 55 हजार 660 एलपीजी गैस सिलिंडर उपलब्ध हैं। प्रशासन ने आम उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी प्रकार की अफवाहो पर ध्यान न दें तथा धैर्य बनाए रखे।जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनियों के कुल 103 अधिकृत वितरकों के माध्यम से गैस की आपूर्ति की जा रही है। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, दिनांक 01 मार्च 2026 से 08 मई 2026 तक जिले में कुल 9 लाख 68 हजार 313 गैस सिलिंडरों की बुकिंग दर्ज की गई है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी व्यवस्था के तहत उनके घर तक सिलिंडर पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों के कार्यालयों पर जाने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन ने लोगों से संयम बनाए रखने और अपनी निर्धारित बारी का इंतजार करने की अपील की है, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होती रहे और आमजनो को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।प्रशासन ने यह भी जानकारी दी है कि वर्तमान व्यवस्था के तहत एलपीजी सिलिंडर की अगली बुकिंग शहरी क्षेत्रो में 25 दिन तथा ग्रामीण क्षेत्रो में 45 दिन के बाद ही संभव होगी। साथ ही उपभोक्ताओं को गैस सिलिंडर प्राप्त करते समय मोबाइल पर प्राप्त होने वाले ओटीपी (डीएसी) को साझा कर अधिकृत भेंडर से ही सिलिंडर लेने की सलाह दी गई है।एलपीजी आपूर्ति से संबंधित शिकायतो एवं समस्याओं के समाधान हेतु जिला प्रशासन ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। उपभोक्ता गैस कंपनी के ग्राहक सेवा नंबर 1906, इंडियन ऑयल के टॉल फ्री नंबर 1800-23333-555, भारत पेट्रोलियम के 1800-22-4344 तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम के 1800-2333-555 पर संपर्क कर सकते है।इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष गूगल लिंक भी उपलब्ध कराया गया है, जिसके माध्यम से आमजन अपनी शिकायत अथवा सुझाव दर्ज करा सकते है। प्रशासन ने कहा है कि प्राप्त शिकायतो पर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार त्वरित एवं नियमानुकूल कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06276-222576 पर भी शिकायत अथवा सुझाव दर्ज कराए जा सकते है।प्रेस विज्ञप्ति में यह भी बताया गया कि जिले के सभी पेट्रोल पंपो पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल का भंडार उपलब्ध है। दिनांक 04 मई 2026 को जिले में 521.8 हजार लीटर पेट्रोल तथा 732.5 हजार लीटर हाई स्पीड डीजल का स्टॉक उपलब्ध था। जिला प्रशासन ने आमजनो से पेट्रोल-डीजल का अनावश्यक भंडारण नही करने की अपील की है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना अथवा अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो।इधर जिला प्रशासन के संज्ञान में कुछ स्थानो से ऐसी शिकायते भी आई है, जिनमें गैस वितरको अथवा उनके कर्मियों द्वारा उपभोक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार एवं अनावश्यक परेशान किए जाने की बात सामने आई है। इस पर जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियो को मामले की गंभीरता से जांच कर दोषी वितरको एवं कर्मियो के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## सासाराम आगमन पर पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश का भव्य स्वागत



नई सोच एक्सप्रेस

**डेहरी ओन सोन रोहतास**। बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश के सासाराम आगमन के दौरान डेहरी में राष्ट्रीय राजमार्ग पर उनका भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के वरिष्ठ नेता बनारसी कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने मंत्री को अंगवस्त्र पहनाकर तथा फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पार्टी समर्थक मौजूद रहे। मंत्री के आगमन पर समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे क्षेत्र में स्वागत नारों की गूंज सुनाई दी। इस अवसर पर राम परीखा सिंह, डब्लू कुशवाहा, वीरेंद्र शर्मा, जितेंद्र सिंह, बिजेंदर बैठा एवं दीपक कुमार सहित कई लोगों ने मंत्री दीपक प्रकाश का गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं आशु सिंह, राजू कुशवाहा, पप्पू यादव और कुंदन रजवार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समर्थकों ने मंत्री के पक्ष में जोरदार नारेबाजी की तथा क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। स्वागत कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

## वेंडिंग जोन व्यवस्था पर फुटपाथ दुकानदार संघ ने उठाए सवाल, प्रशासन से समाधान की मांग

नई सोच एक्सप्रेस\ (हसनैन दीवाना)



**जहानाबाद**।फुटपाथ दुकानदारों के हित में लगातार संघर्ष कर रहे नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया एवं फुटपाथ दुकानदार संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार चोपड़ा ने जिले में फुटपाथ दुकानदारों की बढ़ती समस्याओं को लेकर जिला प्रशासन से गंभीरता से विचार करने की मांग की है। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए अरविंद कुमार चोपड़ा ने कहा कि बस स्टैंड परिसर में पूर्व से ही नगर परिषद द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से जलपानगृह एवं होटल का निर्माण कराया गया था, लेकिन पर्याप्त सुविधाओं और समुचित व्यवस्था के अभाव में यह योजना सफल नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड में बुनियादी सुविधाओं की कमी और वाहनों के अव्यवस्थित संचालन के कारण वहां व्यवसाय चलाना मुश्किल साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि अब प्रशासन उसी क्षेत्र को फुटपाथ दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन के रूप में नियमित करना चाहता है, लेकिन छोटे दुकानदारों के लिए वहां व्यवसाय टिकाऊ नहीं होगा। उनका कहना है कि जब बड़े व्यवसायी और पूंजीपति वहां कैंटीन और जलपानगृह को सफलतापूर्वक नहीं चला सके, तो छोटे फुटपाथ दुकानदार कैसे अपना रोजगार चला पाएंगे। संघ अध्यक्ष ने कहा कि रेलवे स्टेशन क्षेत्र के कुछ दुकानदारों ने पूर्व में प्रशासन के निर्देशों की अनदेखी करते हुए सड़क जाम जैसी गतिविधियों में भाग लिया, जिसके बाद प्रशासन ने सड़क किनारे रोजगार करने पर सख्ती बढ़ा दी। परिणामस्वरूप उंटा सब्जी मंडी से लेकर काको मोड़ तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई, जिससे कई फुटपाथ दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया। अरविंद कुमार चोपड़ा ने कहा कि फुटपाथ दुकानदार संघ लगातार दुकानदारों से प्रशासन के नियमों का पालन करने और व्यवस्थित तरीके से रोजगार करने की अपील करता रहा है, लेकिन समय रहते ध्यान नहीं देने के कारण आज यह स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही अधिकारियों से मिलकर इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में पहल की जाएगी। इस मौके पर बबलू राम, सिंटू राम, प्रकाश खत्री, राजेंद्र राम, विकास कुमार, शंभू साहू, रोहित कुमार समेत कई दुकानदार मौजूद रहे।

## जनता दल (यू) के कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं- चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी

नई सोच एक्सप्रेस\ (हसनैन दीवाना)



**जहानाबाद**।जनता दल यू के जिला अध्यक्ष प्रो.सुशील कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पूर्व सांसद पार्टी के नव मनोनीत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को जदयू कार्यालय में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। पार्टी के कार्यकर्ताओ ने फूल माला अंग वस्त्र से जोरदार स्वागत किया। अपने संबोधन में पूर्व सांसद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने जदयू कार्यकर्ताओ को पार्टी का रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि मैं समता पार्टी का संस्थापक सदस्य हूं। मैं 2000 से 2016 तक जदयू अति पिछडा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पूरे बिहार में अति पिछड़ा समाज का गोलबंद करने का काम किया और साथ ही साथ नीतीश कुमार के किए हुए कार्यो को जनता तक पहुंचाने का काम किया। मैं जहानाबाद की जनता का आभारी हूं कि हमें सांसद बनाया। मैं जहानाबाद की जनता को अपने परिवार की तरह मानता हूं। मै केंद्रीय नेतृत्व का आभारी हूँ जो हमें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद देकर मान सम्मान दिया। जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि चंदेश्वर बाबू को संगठन मे कार्य करने का बहुत बड़ा अनुभव है। मैं पार्टी के हर कार्यकर्ताओं को मान सम्मान दूंगा। पार्टी की नीति और उद्देश्यों को जनता तक पहुंचाने का काम करूंगा। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार का युवा नेतृत्व मे विश्वास करते हुए बिहार प्रदेश विकास की ओर आगे बढ़ेगा। स्वागत समारोह में प्रस्ताव पारित किया गया कि पूर्व सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी को मंत्री बनाया जाए और केंद्रीय नेतृत्व को भी अवगत कराया जाए। कार्यक्रम में जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण चंद्रवंशी, पूर्व अधिवक्ता सुरेंद्र प्रसाद सिंह, वरीय नेता इबरार अहमद, संजय सिंह, रंगनाथ शर्मा, सिया देवी ने भी सम्बोधित किया।

## "जयनगर शोकसागर में डूबा : नम आंखों के बीच सम्पन्न हुआ स्व. बिम्मी कुमारी का श्राद्धकर्म एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम"

नई सोच एक्सप्रेस



» जयनगर शोकसागर में डूबा, नम आंखों से दी गई अंतिम श्राद्धकर्म, पुष्पांजलि
» शिक्षा जगत की प्रख्यात, कर्तव्यनिष्ठ एवं प्रेरणास्रोत शिक्षिका स्व. बिम्मी कुमारी के श्राद्धकर्म

**मधुबनी/बिहार**।जयनगर सहित संपूर्ण क्षेत्र रविवार को उस समय गहरे शोकभावनात्मक वेदना एवं संवेदना ओ के महासागर में डूब गया, जब शिक्षा जगत की अत्यंत सम्मानित, अनुशासनप्रिय, कर्मठ एवं लोकप्रिय शिक्षिका स्वर्गीय बिम्मी कुमारी को हजारों नम आंखों के बीच अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके श्राद्धकर्म, पुष्पांजलि सभा एवं कर्मभोज कार्यक्रम में जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां हर व्यक्ति की आंखें नम एवं हृदय भावविह्वल दिखाई दे रहा था। जयनगर स्थित उनके निजी आवास एवं किसान भवन में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षकगण, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि, शुभचिंतक, रिश्तेदार एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित हुए। सभी ने दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा ईश्वर से उनकी आत्मा की चिर शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण अत्यंत भावुक एवं करुणामय बना रहा। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के बीच श्राद्धकर्म सम्पन्न कराया गया। इसके पश्चात आयोजित कर्मभोज में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। स्व. बिम्मी कुमारी जयनगर पीठवाटोल मिडिल स्कूल में प्रधानाध्यापिका (एचएम) के पद पर कार्यरत थीं। वे अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली, शिक्षा के प्रति अटूट समर्पण, अनुशासनप्रिय व्यक्तित्व एवं मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण व्यवहार के कारण शिक्षा जगत में विशेष पहचान रखती थीं। उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को नई दिशा प्रदान करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु उल्लेखनीय योगदान दिया।उनकी कार्यकुशलता, सौम्यता एवं प्रेरणादायी व्यक्तित्व के कारण विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं सहकर्मियों के बीच उन्हें अत्यंत सम्मान एवं स्नेह प्राप्त था। उनके असामयिक निधन को शिक्षा जगत एवं सामाजिक क्षेत्र के लिए अपूरणीय एवं अत्यंत क्षतिपूर्ण क्षति माना जा रहा है।बताया गया कि वे पिछले कई दिनो से अस्वस्थ चल रही थीं तथा पटना के एक निजी अस्पताल में उनका उपचार जारी था। चिकित्सकों के अथक प्रयास एवं बेहतर चिकित्सा व्यवस्था के बावजूद उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी।उनके पति श्री संजय कुमार सिंह अपनी दूरदर्शी सोच, प्रशासनिक दक्षता, अनुशासित कार्यशैली एवं सामाजिक सक्रियता के लिए क्षेत्र में विशेष प्रतिष्ठा रखते हैं। इस दुःखद घड़ी में विभिन्न सामाजिक संगठनों, शिक्षा विभाग, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य लोगों ने उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि स्व. बिम्मी कुमारी केवल एक शिक्षिका नहीं थीं, बल्कि वे शिक्षा, संस्कार, अनुशासन एवं मानवीय मूल्यों की जीवंत प्रतिमूर्ति थीं। उनका संपूर्ण जीवन समाज एवं शिक्षा के प्रति समर्पित रहा। उनका निधन समाज एवं शिक्षा जगत के लिए ऐसी क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नही है।

## भाकपा माले, आइसा और इंकलाबी नौजवान सभा ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला



नई सोच एक्सप्रेस\ (हसनैन दीवाना)

**जहानाबाद**।भाकपा माले,ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन और इंकलाबी नौजवान सभा के कार्यकर्ताओं ने पटना में नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे बेरोजगार युवाओं पर पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में अरवल मोड़ पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण तरीके से नौकरी की मांग कर रहे बेरोजगार नौजवानों पर बिहार पुलिस ने बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया। नेताओं ने दावा किया कि कुछ युवाओं के हाथ-पैर टूट गए तथा कई छात्र छात्राओं को गंभीर चोटें आई हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में युवाओं को हिरासत में लिया गया और हजारों लोगों पर अज्ञात प्राथमिकी दर्ज की गई है। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के राज्य कमिटी सदस्य रविंद्र यादव ने कहा कि भाजपा जदयू सरकार बेरोजगार युवाओं को नौकरी देने के बजाय उन पर पुलिसिया दमन कर रही है। उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई, घायलों के समुचित इलाज और गिरफ्तार छात्रों की बिना शर्त रिहाई की मांग भी की। इंकलाबी नौजवान सभा के जिला संयोजक डॉ.धनंजय कुमार ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था पर लगातार हमला किया जा रहा है। उच्च शिक्षा में सीट कटौती, फीस वृद्धि और शिक्षा के निजीकरण से गरीब एवं वंचित वर्ग प्रभावित हो रहे हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि कैंपसों में सांप्रदायिक माहौल को बढ़ावा दिया जा रहा है। सभा में नेताओं ने टीआर-4 शिक्षकों की बहाली प्रक्रिया जल्द प्रकाशित कर नियुक्ति की मांग भी उठाई। इस अवसर पर जोगिंदर यादव, वितन मांझी, विनोद कुमार भारती, अरुण बिंद, प्रभात कुमार, उदय पासवान समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जहानाबाद से पैदल पटना रवाना हुए एलटीई अभ्यर्थी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सौंपेंगे ज्ञापन

नई सोच एक्सप्रेस\ (हसनैन दीवाना)




**जहानाबाद**।बिहार विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष पात्रता परीक्षा यानी एलटीई की विज्ञप्ति जारी करने की मांग अब तेज होती जा रही है। इसी कड़ी में जहानाबाद में एलटीई अभ्यर्थियों ने पैदल मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। अभ्यर्थी जहानाबाद से पैदल यात्रा करते हुए पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास तक रवाना हुए, जहां वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपेंगे। छात्रों और अभ्यर्थियों ने वर्तमान सरकार और पूर्ववर्ती सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्षों से विद्यालयों में पुस्तकालयाध्यक्षों की बहाली नहीं निकाली गई है। इससे लाखों योग्य और प्रशिक्षित युवा बेरोजगार बैठे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि लंबे समय से भर्ती प्रक्रिया लंबित रहने के कारण छात्रों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। पैदल मार्च के दौरान अभ्यर्थियों ने कहा कि आज के समय में लोग छोटी-छोटी दूरी तय करने के लिए भी वाहनों का सहारा लेते हैं लेकिन उनके पास रोजगार और संसाधनों की कमी है। इसके बावजूद अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए वे पैदल ही मुख्यमंत्री आवास तक जा रहे हैं। अभ्यर्थियों ने कहा कि वर्ष 2008 में लागू बिहार पुस्तकालयाध्यक्ष अधिनियम के तहत माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति अनिवार्य की गई थी लेकिन करीब 18 वर्षों बाद भी नियमित बहाली प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। छात्रों ने नई शिक्षा नीति 2020 का हवाला देते हुए कहा कि विद्यालयों में पुस्तकालय और पुस्तकालयाध्यक्ष की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इससे विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित होती है और शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर होती है। अभ्यर्थियों ने बताया कि जून 2025 में राज्य मंत्रिमंडल द्वारा बिहार विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष नियुक्ति एवं सेवाशर्त नियमावली-2025 को मंजूरी दी जा चुकी है। इसके बाद जुलाई 2025 में इसे राजपत्र में प्रकाशित भी किया जा चुका है। वहीं, 9 दिसंबर 2025 को शिक्षा विभाग ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को एलटीई परीक्षा आयोजित कराने के लिए अधियाचना भेजी थी। इसके बावजूद अब तक परीक्षा की विज्ञप्ति जारी नहीं की गई है। इसलिए हम लोग पैदल पटना जाकर मुख्यमंत्री से अपनी पीड़ा साझा करेंगे। अभ्यर्थियों ने सरकार से जल्द एलटीई परीक्षा की विज्ञप्ति जारी कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। वहीं, इस पैदल मार्च को लेकर छात्रों में खासा उत्साह देखा गया और उन्होंने अपनी मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी भी दी है।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### कबड्डी के नए दौर का आगाज़ः AKL और Sony Sports Network की साझेदारी से बदलेगा भारतीय खेल का भविष्य

» जमीनी प्रतिभाओं को मिलेगा वैश्विक मंच, भारतीय कबड्डी को नई पहचान देगा AKL लीग




**नई दिल्ली**। भारतीय खेल जगत में कबड्डी के सुनहरे भविष्य की नई पटकथा लिखी जा रही है। देश की पारंपरिक खेल विरासत को आधुनिक पहचान देने के उद्देश्य से AKL लीग का आधिकारिक लॉन्च कर दिया गया है। इस ऐतिहासिक पहल के साथ ही Sony Sports Network को लीग का आधिकारिक प्रसारण साझेदार घोषित किया गया है, जिससे अब कबड्डी का रोमांच देश और दुनिया के करोड़ों दर्शकों तक पहुंचेगा। कबड्डी की मिट्टी से जुड़ी भावना, संघर्ष और जुनून को केंद्र में रखकर शुरू की गई AKL लीग का मकसद केवल एक प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं, बल्कि भारत की जमीनी प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाना है। लीग ने पिछले कई महीनों में देशभर में खिलाड़ी खोज अभियान, ओपन ट्रायल्स, सामुदायिक कार्यक्रम और जागरूकता अभियानों के जरिए मजबूत आधार तैयार किया है। इन प्रयासों को खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और स्थानीय समुदायों से जबरदस्त समर्थन मिला, जिसने यह साबित कर दिया कि भारत में कबड्डी सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़ी पहचान है। AKL इसी भावना को नई दिशा देने के मिशन पर आगे बढ़ रही है। लीग का मानना है कि कबड्डी में अपार संभावनाएं हैं और सही मंच मिलने पर भारतीय खिलाड़ी विश्व स्तर पर नई मिसाल कायम कर सकते हैं। AKL खिलाड़ियों को अवसर देने, खेल संरचना को मजबूत बनाने और भारत की सांस्कृतिक धरोहर माने जाने वाले इस खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। अब Sony Sports Network के साथ साझेदारी होने से दर्शकों को हाई क्वालिटी प्रसारण, रोमांचक मुकाबले और खिलाड़ियों के संघर्ष से सफलता तक की प्रेरणादायक कहानियां देखने को मिलेंगी। यह साझेदारी भारतीय कबड्डी को पेशेवर पहचान देने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। AKL ने अपने पहले आधिकारिक कदम के साथ यह स्पष्ट कर दिया है कि उसका लक्ष्य केवल लीग आयोजित करना नहीं, बल्कि भविष्य के सितारों को पहचान दिलाना और भारतीय कबड्डी को राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई बुलंदियों तक पहुंचाना है।

### स्टेट बार काउंसिल चुनाव में तेज हुआ प्रचार, ग्वालियर में अधिवक्ताओं का सम्मान समारोह आयोजित



**ग्वालियर**।अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच, भारत की ग्वालियर एवं चंबल संभाग शाखा के अधिवक्ता पदाधिकारियों द्वारा स्टेट बार काउंसिल ऑफ एम.पी. चुनाव प्रचार के तहत रविवार को उच्च एवं जिला न्यायालय, ग्वालियर परिसर में चुनाव प्रचार अभियान चलाया गया। इस दौरान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चंद्र कुमार बलेजा, जो चुनाव में सीरियल क्रमांक 24 पर उम्मीदवार हैं, के समर्थन में अधिवक्ताओं ने पेम्पलेट्स वितरित किए और स्थानीय वकीलों से प्रथम वरीयता मत देने की अपील की। अधिवक्ताओं ने कहा कि श्री बलेजा के निर्वाचित होने पर अधिवक्ताओं के हित, सम्मान, सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े कार्यों को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा सकेगा। शाम 6 बजे उच्च न्यायालय अभिभाषक संघ, ग्वालियर के बार हॉल/सभागार में मंच के बैनर तले स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने 31 मई 2025 को प्रधानमंत्री लाइब्रेरी एवं ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में आयोजित मंच के स्थापना समारोह में विशेष योगदान दिया था। इस अवसर पर विभिन्न प्रदेशों, संभागों एवं जिलों से आए अधिवक्ता पदाधिकारियों द्वारा ग्वालियर एवं चंबल संभाग की सक्रियता और योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में एस.के. सिंह ओड़िया, श्रमण क्षत्रिय, एडवोकेट (म.प्र. उच्च न्यायालय, ग्वालियर) एवं अध्यक्ष व प्रभारी अधिकारी, ग्वालियर एवं चंबल संभाग द्वारा वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी अतिथियों के लिए स्वादिष्ट स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई, जिसकी उपस्थित अधिवक्ताओं ने सराहना की। वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश नारायण उपमन्यु एवं रामसिया बौद्ध ने एस.के. सिंह ओड़िया का मंच के प्रति समर्पण और अधिवक्ताओं के हित में किए जा रहे कार्यों के लिए माला पहनाकर स्वागत किया तथा उन्हें भी सम्मानित किया। अपने संबोधन में एस.के. सिंह ओड़िया ने कनिष्ठ अधिवक्ताओं को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रगति करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए अंधविश्वास, पाखंड, कुरीतियों और नशे जैसी बुराइयों से दूर रहना आवश्यक है। इस अवसर पर संभागीय महामंत्री श्रीमती नेमा कुशवाह, संभागीय कोषाध्यक्ष कैलाश नारायण उपमन्यु, जिला अध्यक्ष हरिमोहन पवैया, जिला सचिव मनोज कुमार चौकोटिया सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती नेमा कुशवाह एवं मनोज कुमार चौकोटिया ने सभी उपस्थित अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिवक्ताओं के बीच समन्वय एवं उत्साह बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### पांचाल म्यूजिक सेन्टर बड़ौत ने किया भव्य सम्मान समारोह का आयोजन



**बागपत, उत्तर प्रदेश**।भारतीय शास्त्रीय संगीत कार्यशाला में शास्त्रीय संगीत प्रदान करने वाले प्रमुख केन्द्रों में शुमार बड़ौत नगर के पांचाल म्यूजिक सेन्टर पर रविवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था के पदाधिकारियो द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप-प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर भातखंडे संगीत विद्यापीठ लखनऊ से विभिन्न कोर्सो में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को उनके परीक्षाफल से अवगत कराया गया और पांचाल म्यूजिक सेन्टर के 45 विद्यार्थियों को अंकतालिका व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद स्तरीय विश्व विरासत दिवस उत्सव 2026 में पांचाल म्यूजिक सेन्टर बड़ौत की और से प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों व कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सहयोगियों को माला पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनको सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में पांचाल म्यूजिक सेन्टर के संस्थापक, अध्यक्ष व संगीतज्ञ पंड़ित रामशरण पांचाल जी का विद्यार्थियों व संस्थान के लोगों द्वारा माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया गया। पंड़ित रामशरण पांचाल ने परीक्षा में वर्षा तोमर, आंचल रामनारायण, गौरव जैन, नेहा, सागर तोमर, विनित सहित सभी विद्यार्थियों के अच्छे प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त कर उनकी प्रशंसा की व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पांचाल म्यूजिक सेन्टर के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक राठी, सहायक कार्यकारी अध्यक्षा वर्षा तोमर, सहायक कार्यकर्त्ता प्रेमचन्द, जगमोहन, विनित, महामहिम राष्ट्रपति जी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

# इंजि. डॉ. अनिलकुमार गायकवाड़ IRF इंडिया चैप्टर के अध्यक्ष निर्वाचित

नई सोच एक्सप्रेस



**नईदिल्ली**।सड़क सुरक्षा, आधुनिक परिवहन व्यवस्था एवं विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना विकास के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिष्ठित संस्था इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (IRF) इंडिया चैप्टर के अध्यक्ष पद पर महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास महामंडल (MSRDC) के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक इंजि. डॉ. अनिलकुमार बळीराम गायकवाड़ का सर्वसम्मति से चयन किया गया है। डॉ. गायकवाड़ का चयन महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व, तकनीकी दक्षता और अभियांत्रिकी कौशल से देश की आधुनिक आधारभूत संरचना को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंजि. डॉ. गायकवाड़ ने सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक और विश्वस्तरीय परियोजनाओं का सफल नेतृत्व किया है। उनके नेतृत्व में मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर विकसित "मिसिंग लिंक" प्रोजेक्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहा है। यह परियोजना दुनिया की सबसे चौड़ी सुरंगों में शामिल मानी जा रही है और इसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी विशेष रूप से दर्ज किया गया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं द्वारा उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. गायकवाड़ के नेतृत्व में नई दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन, मुंबई का प्रतिष्ठित बांद्रा-वर्ली सी लिंक, वैतरणा नदी पर उच्च स्टील ब्रिज, मुंबई मंत्रालय एवं हाईकोर्ट भवन का नवीनीकरण, हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे समृद्धि महामार्ग तथा मुंबई-पुणे मिसिंग लिंक जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की गई हैं। सड़क विकास, सुरंग निर्माण, पुल निर्माण और आधुनिक परिवहन व्यवस्था के क्षेत्र में उनके योगदान को देशभर में सराहा जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि उनके नेतृत्व में IRF इंडिया चैप्टर भारत में सड़क सुरक्षा, अत्याधुनिक तकनीक और वैश्विक स्तर की आधारभूत संरचना विकास को नई गति देगा। डॉ. अनिलकुमार गायकवाड़ का यह चयन उनके उत्कृष्ट कार्य, दूरदर्शी सोच और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण का सम्मान माना जा रहा है। देशभर से अभियंताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## उमा ब्लड बैंक के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**(वैशाली)**।राजापाकर प्रखंड क्षेत्र के केसीआई विद्यालय परिसर में रविवार को उमा ब्लड सेंटर के सौजन्य से एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में स्थानीय युवाओं और समाजसेवी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। शिविर का विधिवत शुभारंभ उमा ब्लड बैंक के सीनियर सुपरवाइजर कमलेश कुमार, पीआरएस प्रबंधक अखिलेश कुमार राय, डॉ शिवम कुमार , टेक्नीशियन बिपिन कुमार और केसीआई विद्यालय के निदेशक सत्यप्रकाश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। रक्तदान प्रक्रिया शुरू करने से पहले मेडिकल टीम द्वारा सभी इच्छुक रक्तदाताओं के स्वास्थ्य की गहन जाँच की गई। डॉ. शिवम कुमार की देखरेख में रक्तदाताओं का हीमोग्लोबिन स्तर, रक्तचाप, वजन आदि की जाँच की गई। जाँच में पूर्णतः स्वस्थ पाए जाने के बाद ही युवाओं को रक्तदान करने की अनुमति दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक सत्यप्रकाश सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। वहीं उमा ब्लड बैंक की टीम ने बताया कि रक्तदान से शरीर पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। रक्तदान करने वालों में मुख्य रूप से सुनील कुमार, अवधेश राय, परमजीत, आनंद कुमार साह आदि लोग शामिल रहे। शिविर के सफल संचालन में विद्यालय परिवार और ब्लड बैंक की टीम का सराहनीय योगदान रहा। अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में शिक्षक राम मनोहर राय, युवा समाजसेवी अनिल कुमार, अमरेश राय, सनी मिश्रा, अभिषेक कुमार, हेमंत राय आदि है।

## तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ की माटी के कण कण छिपा गुरुओं का इतिहासःसुभाष सुधा

नई सोच एक्सप्रेस



» पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर ने कुरुक्षेत्र भूमि पर पहुंचने पर श्रद्धालुओं का किया फूल मालाओं से स्वागत, सभी श्रद्धालुओं ने किया मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त, हरियाणा के 9 जिलों के 800 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए सचखंड सहित अनेक गुरुद्वारों के दर्शन धार्मिक एवं तीर्थ यात्रा पूरी, श्रद्धालुओं का जत्था कुरुक्षेत्र पहुंचा

**कुरुक्षेत्र**।हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र की माटी के कण कण में गुरुओं का वास है। इस क्षेत्र में श्रद्धालुओं ने गुरुओं के ऐतिहासिक स्थलों, तप स्थलों तथा गुरुद्वारों के दर्शन किए। अहम पहलू यह है कि इन धार्मिक स्थलों के दर्शन के साथ ही 6 दिवसीय मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन यात्रा ऐतिहासिक एवं यादगार क्षणों के साथ संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को श्रवण पुत्र कहकर खूब आशीश दी। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा रविवार को तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र से पहुंचे श्रद्धालुओं का स्वागत करने उपरांत बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पहुंचने पर श्रद्धालुओं का फूल माला व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 5 मई को धार्मिक एवं तीर्थ यात्रा को रवाना किया गया था। इस यात्रा में 9 जिलों के 800 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र के दर्शन किए। यह यात्रा निर्धारित किए गए शेड्यूल के अनुसार आज कुरुक्षेत्र के रेलवे स्टेशन पर पहुंची है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से ही हरियाणा के श्रद्धालुओं को तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड के दर्शन करवाए। उन्होंने कहा कि आज जो ट्रेन सचखंड श्री हजूर साहिब के दर्शन कर कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पर पहुंची है। यह दो महान तीर्थ स्थलों के बीच सेतु का काम कर रही है। यह पावन धरा गुरु साहिबान के पावन चरणों से भी अनेक बार पवित्र हुई है। सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ वह पवित्र स्थान है, जहां दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ज्योति जोत समाए। वहीं कुरुक्षेत्र को विश्व भर में धर्मक्षेत्र की ख्याति प्राप्त है, जहां भगवान श्रीकृष्ण जी ने मोह ग्रस्त अर्जुन के माध्यम से संसार को गीता का उपदेश देकर जीवन का मार्ग दिखाया। इन दोनों पवित्र स्थलों को जोडने वाली यह विशेष ट्रेन भारत की आध्यात्मिक धारा के प्रवाह का प्रतीक बनी है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि इस 6 दिवसीय यात्रा में श्रद्धालुओं के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से उच्च स्तरीय खाना, ठहरने की व्यवस्था व चिकित्सक सुविधाओं के साथ-साथ अलग-अलग गुरुद्वारों के दर्शन के लिए विशेष बसों की भी व्यवस्था की गई थी। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी तथा नोडल अधिकारी डा. नरेंद्र सिंह के कहा कि तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र की यात्रा ऐतिहासिक एवं यादगार रही। इस यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं ने श्री गुरु गोबिंद सिंह महाराज जी के सचखंड व तपोभूमि, सभी गुरुद्वारों के दर्शन करने के साथ साथ पवित्र गोदावरी नदी, बाबा बंदा सिंह बहादुर का ऐतिहासिक स्थल, नगीना घाटी गुरुद्वारा, माता साहिब कौर जी की तपोभूमि को देखा। इन यात्रियों ने पहली गुरुओं के ऐतिहासिक स्थलों को देखने का मौका मिला है। यह मौका मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से मिला है।

# जातियों में बटेंगे तो भारत टूट जाएगा- जितेन्द्रानंद सरस्वती

नई सोच एक्सप्रेस



» महाराणा प्रताप की जयंती पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने रखे विचार

**वाराणसी**।महाराणा प्रताप की जयंती पर परेड कोठी स्थित प्रताप पैलेस में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ | इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित स्वामी जितेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा कि महाराणा के साथ संघर्षों में कोलभील आदिवासियों दलित शोषितों ने भी महाराणा प्रताप का साथ दिया था यदि जातियों में बटेंगे तो भारत टूट जाएगा | वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप की जयंती गांव-गांव और हर घर में मानना चाहिए ऐसे महापुरुष किसी कालखंड में पैदा होते हैं | इधर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीएचयू नेफ्रोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ शिवेंद्र सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्शों को हम सभी देशवासियों को आत्मसात करने की जरूरत है इसके पहले आयोजक अजय सिंह बॉबी ने मंचासिन अतिथियों को माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया | अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया | संचालन चंद्रशेखर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमांशु सिंह,धन्यवाद विनय सिंह हिटलर,स्वागत इंद्रजीत सिंह ने किया | इस मौके पर कुंवर कांत सिंह,संतोष सिंह, अभिषेक निगम,दीपा अमित सिंह,प्रीति जायसवाल,संतोषी शुक्ला,दीपा सिंह,पूजा सिंह,किरण सिंह,संतोष सिंह ( गुडलक ) मालती विश्वकर्मा,ममता गुप्ता, संतोष सिंह,अमित एवं प्रशांत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे ||

## गांदरबल में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. इंशा अली सम्मानित, नशामुक्त समाज का दिया संदेश

नई सोच एक्सप्रेस



**गांदरबल**।डिग्री कॉलेज गांदरबल में अल रहीम ट्रस्ट द्वारा आयोजित भव्य 'असलुक अलाउ' कार्यक्रम में डॉ. इंशा अली को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. इंशा अली ने मादक पदार्थों के दुरुपयोग के बढ़ते खतरे पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से नशे से दूर रहने और स्वस्थ एवं सकारात्मक भविष्य के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। उनके संदेश को उपस्थित लोगों ने सराहा और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर समाज सेवा और मानवीय कार्यों में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए डॉ. इंशा अली को विशिष्ट अतिथि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कश्मीर की कई प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। डॉ. इंशा अली का योगदान केवल चिकित्सा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि वह कश्मीर घाटी में सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी जानी जाती हैं। वह जरूरतमंदों, गरीबों और बीमार लोगों की सहायता के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। सामाजिक जागरूकता, जनसेवा और मानवीय प्रयासों के माध्यम से डॉ. इंशा अली समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने उनके योगदान की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

# वृद्धजन आवास में गर्मी से राहत देने हेतु महिला भूमिहार समाज परिवार द्वारा कुलर भेंट

नई सोच एक्सप्रेस



» मातृ दिवस पर वृद्धाश्रम में छलका अपनापन,महिला भूमिहार समाज ने वृद्ध माताओं संग बांटी खुशिया

» "मां से बढ़कर कोई नहीं" मातृ दिवस पर वृद्ध माताओं के बीच पहुंचा महिला भूमिहार समाज का स्नेह

**वाराणसी**।नास्ति मातृसमा छाया,नास्ति मातृसमा गतिः नास्ति मातृसमं त्राणं,नास्ति मातृसमा प्रिया॥ अर्थात माता के समान कोई छाया नहीं,माता के समान कोई सहारा नहीं, माता के समान कोई रक्षक नहीं और माता के समान कोई प्रिय नहीं होता | मातृ दिवस के अवसर पर सारनाथ स्थित वृद्धजन आवास वृद्धाश्रम में महिला भूमिहार समाज (एमबीएस ) के सदस्यों ने वृद्ध माताओं के साथ यह विशेष दिन प्रेम, सम्मान और अपनत्व के साथ मनाया | सभी ने माताओं के साथ समय बिताया, उनके सुख-दुख को जाना और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया | सच ही कहा गया है ईश्वर का स्वरूप है मां,मेरे जीवन का रंगरूप है मां | महिला भूमिहार समाज की संस्थापिका डॉ.राजलक्ष्मी राय ने कहा कि वृद्ध माताओं के साथ कुछ पल बिताना हम सभी का सौभाग्य है | मातृ ऋण से मनुष्य कभी मुक्त नहीं हो सकता,मां केवल जन्म ही नहीं देती,बल्कि वह निस्वार्थ प्रेम की प्रतिमूर्ति होती है जीवन के इस पड़ाव पर जब माताएं अपनों के साथ की कमी महसूस करती हैं तब उनके बीच बैठकर उन्हें अपनापन देना ही सच्ची सेवा है उनकी मुस्कान हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार है | कार्यक्रम के दौरान महिला भूमिहार समाज की सभी सदस्याओं ने माताओं को भोजन कराया,उनके साथ बैठकर भजन-कीर्तन किया तथा आत्मीय संवाद के माध्यम से उन्हें परिवार जैसा स्नेह देने का प्रयास किया | अपनों से दूर आश्रम में रह रही माताओं की आंखों में खुशी और भावुकता देखकर मशहूर शायर मुनव्वर राना की पंक्तियां याद आ गईं | इस तरह मेरे गुनाहों को वो धो देती है, मां बहुत गुस्से में होती है तो रो देती है | इस अवसर पर महिला भूमिहार समाज की सदस्य किरण सिंह ने वृद्धजन आवास में गर्मी से राहत देने हेतु सप्रेम कुलर भेंट किया | कार्यक्रम में डॉ.राजलक्ष्मी राय,पूनम सिंह, डॉ.मंजुला चौधरी,शकुंतला राय,वंदना सिंह,सोनी राय,विजयता राय,प्रतिमा सिंह, चंद्रकला राय,सरिता राय एवं बबीता राय, उमा,अनिता,सीमा,सौम्या,विनीता ,प्रिया, सुषमा,उर्मिला,अंबू,स्वर्णा,सरिता,सुमन, मधु सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं ||

## कुपवाड़ा में नशामुक्त अभियान को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से की मुलाकात



नई सोच एक्सप्रेस

**कुपवाड़ा**।खिदमत-ए-गुज्जर बकरवाल के अध्यक्ष एडवोकेट ताजामुल चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को कुपवाड़ा के उपायुक्त से मुलाकात कर जिले में चल रहे "नशा मुक्त अभियान" से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में प्रतिनिधिमंडल ने युवाओं में बढ़ती नशाखोरी की समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि समाज को इस गंभीर चुनौती से उबारने के लिए प्रशासन, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को मिलकर काम करने की जरूरत है। एडवोकेट ताजामुल चौधरी ने कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले के दूरदराज और शहरी क्षेत्रों में सेमिनार, जागरूकता रैलियां, परामर्श सत्र और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा सके। उपायुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में सामाजिक संगठनों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने खिदमत-ए-गुज्जर बकरवाल द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने भी समाज के हित में जमीनी स्तर पर कार्य जारी रखने और नशा विरोधी अभियान में जनभागीदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

हर खबर पर पैनी नजर
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## भारत पर गहरा असर

यूएई ने अमेरिका से डॉलर मुहैया कराने की मांग की है। कहा है कि ऐसा नहीं हुआ, तो वह चीनी मुद्रा में तेल बेचने को मजबूर हो जाएगा। ये घटना खाड़ी क्षेत्र में विकल्पों के तलाश का संकेत देती है। पश्चिम एशिया में जारी लड़ाई ने खाड़ी क्षेत्र की चूलें हिला दी हैं। ईरान के हमलों से खाड़ी देशों में जितना भौतिक नुकसान हुआ, उससे कहीं ज्यादा उनके इस भरोसे को चोट पहुंची कि अमेरिकी सुरक्षा कवच में वे महफूज हैं। इस कारण कई देश भविष्य के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। इसकी सबसे ताजा मिसाल अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की ये खबर है कि यूएई ने अमेरिका से वित्तीय मदद मांगी है। यूएई के सेंट्रल बैंक के गवर्नर ने अमेरिकी वाणिज्य मंत्री स्कॉट बेसेंट को बताया कि युद्ध से अर्थव्यवस्था तथा वैश्विक वित्तीय केंद्र के रूप में यूएई की हैसियत के क्षतिग्रस्त हुई है। इससे वे निवेशक भयभीत हैं, जो कभी निश्चिंत होकर वहां निवेश करते थे। नतीजतन, यूएई के पास डॉलर की कमी हो सकती है। वैसे हालात के लिए यूएई ने अमेरिका से स्वैप लाइन के तहत डॉलर मुहैया कराने की मांग की है। साथ ही कहा है कि अमेरिका ने ऐसा नहीं किया, तो यूएई चीनी मुद्रा युवान में तेल सहित अन्य सामग्रियों की बिक्री के लिए मजबूर हो जाएगा। यूएई के इजराइल और अमेरिका गहरे रिश्ते रहे हैं। इसी कारण वह ईरानी हमलों का सबसे अधिक शिकार हुआ। उससे वो मॉडल संदिग्ध हुआ है, जिस पर यूएई खड़ा था। तो उसने अपनी दुर्दशा की परोक्ष जिम्मेदारी अमेरिका पर डाली है और उससे भरपाई करने को कहा है। उधर सऊदी अरब का यह एलान भी महत्त्वपूर्ण है कि वह अपनी भूमि, वायु क्षेत्र या समुद्री क्षेत्र का उपयोग किसी भी ऐसे युद्ध के लिए अब नहीं होने देगा, जिसमें वह शामिल नहीं है। सऊदी अरब ने अपने रक्षा समझौते तहत पाकिस्तान से लड़ाकू विमान और जमीनी फौज तैनात करने को कहा है। पाकिस्तानी सेना चीनी हथियारों और हार्डवेयर से लैस है। अतः सऊदी अरब के इस कदम के पीछे भी दूरगामी संकेत देखे गए हैं। कतर, बहरहीन और कुवैत में भी आत्म- समीक्षा के संकेत हैं। भारत के लिए ये घटनाएं खास अहम हैं। वहां के बदलाव का भारत पर गहरा असर होगा, क्योंकि वो इलाका ऊर्जा का प्रमुख स्रोत है, तथा वहां लाखों भारतीय कर्मी काम करते हैं।

# अंकों और रैंक की होड़ में उलझती नई पीढ़ी



आरती कुमारी



भारत में शिक्षा को लंबे समय से सामाजिक उन्नति, सम्मान और आर्थिक स्थिरता का सबसे बड़ा माध्यम माना जाता रहा है। माता-पिता अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, वहीं विद्यार्थी भी सफलता के सपनों के साथ कठिन परिश्रम करते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि आज शिक्षा का यही तंत्र कई विद्यार्थियों के लिए अवसर का मंच कम और दबाव, प्रतिस्पर्धा तथा मानसिक तनाव का चक्रव्यूह अधिक बनता जा रहा है। देशभर में शिक्षण संस्थानों और कोचिंग सेंटरों से छात्रों के मानसिक अवसाद, तनाव और आत्महत्या जैसी घटनाओं का बढ़ना बेहद चिंताजनक संकेत है। जैसे ही प्रतियोगी परीक्षाओं, प्रवेश परीक्षाओं या नौकरियों के परिणाम घोषित होते हैं, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर कोचिंग संस्थानों के बड़े-बड़े विज्ञापन दिखाई देने लगते हैं। टॉपरों की तस्वीरें, चयनित छात्रों की लंबी सूची, आकर्षक पैकेज, सफलता दर और प्लेसमेंट के दावे—इन सबके माध्यम से सफलता का ऐसा मायाजाल रचा जाता है कि विद्यार्थी और अभिभावक अनजाने में उसमें फंस जाते हैं। शिक्षा, जो मूलतः व्यक्तित्व निर्माण और ज्ञान अर्जन का माध्यम होनी चाहिए, अब कई जगह व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा का केंद्र बनती जा रही है। कोचिंग संस्थान छात्रों को बेहतर भविष्य का सपना दिखाते हैं, लेकिन कई बार यह सपना दबाव में बदल जाता है। प्रवेश के समय छूट, स्कॉलरशिप, रैंक गारंटी, विशेष बैच और आकर्षक नियमावली जैसे प्रलोभन दिए जाते हैं। वहीं परिणाम आने के बाद संस्थान अपने चयनित छात्रों की तस्वीरों और रैंकिंग के जरिए बाजार में अपनी ब्रांडिंग मजबूत करते हैं। इस पूरी प्रक्रिया में विद्यार्थी एक उत्पाद की तरह प्रस्तुत होने लगता है। समस्या केवल कोचिंग संस्थानों तक सीमित नहीं है। घर-परिवार में भी बच्चों पर अपेक्षाओं का बोझ लगातार बढ़ रहा है। हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी या किसी प्रतिष्ठित संस्थान का छात्र बने। लेकिन अक्सर यह भूल जाते हैं कि हर बच्चे की अपनी अलग क्षमता, रुचि और सीमाएं होती हैं। जब बच्चों को उनकी रुचि के विपरीत केवल सामाजिक प्रतिष्ठा या आर्थिक सुरक्षा के नाम पर किसी विशेष क्षेत्र में धकेला जाता है, तब उनके भीतर दबाव, असंतोष और असफलता का भय जन्म लेने लगता है। आज देश के प्रतिष्ठित संस्थानों आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों से लगातार छात्रों के तनाव और मानसिक स्वास्थ्य संकट की खबरें सामने आ रही हैं। हाल के वर्षों में कई छात्रों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत और आत्महत्या की घटनाओं ने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। ये वे छात्र हैं जो कठिन प्रतियोगिता और अथक मेहनत के बाद इन संस्थानों तक पहुंचते हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर वहां पहुंचने के बाद ऐसा क्या होता है कि प्रतिभाशाली और परिश्रमी छात्र मानसिक रूप से टूटने लगते हैं? उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले अधिकांश छात्र अपने परिवार और परिचित परिवेश से दूर छात्रावासों में रहते हैं। नई भाषा, नई संस्कृति, नई प्रतिस्पर्धा और सामाजिक अलगाव कई बार उनके लिए चुनौती बन जाते हैं। ग्रामीण या आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों के लिए यह बदलाव और भी कठिन हो सकता है। कई छात्र अपने साथियों के साथ सामंजस्य नहीं बैठा पाते, जिससे उनमें हीनभावना और अकेलापन बढ़ता है। इसके अतिरिक्त, लगातार परीक्षाएं, प्रोजेक्ट, इंटर्नशिप, प्लेसमेंट और बेहतर प्रदर्शन का दबाव छात्रों के मानसिक संतुलन को प्रभावित करता है। कई संस्थानों में समुचित काउंसलिंग व्यवस्था का अभाव है। जहां काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध भी है, वहां विद्यार्थी सामाजिक शर्म, भय या संस्थागत उदासीनता के कारण उसका लाभ नहीं ले पाते। समस्या का एक और गंभीर पक्ष है नशे, ऑनलाइन गेमिंग और सोशल मीडिया की बढ़ती लत।

अकेलेपन और तनाव से जूझ रहे कई विद्यार्थी इन माध्यमों में अस्थायी राहत खोजते हैं, लेकिन यह राहत धीरे-धीरे नई समस्याओं का कारण बन जाती है। कई मामलों में ड्रग्स की उपलब्धता, साथियों का दबाव और अनुचित संगति भी छात्रों को जोखिमपूर्ण व्यवहार की ओर धकेलती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि प्रत्येक शिक्षण संस्थान में तनाव प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन और मानसिक स्वास्थ्य सहायता के लिए काउंसलिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही, ग्रामीण एवं कमजोर पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए अतिरिक्त सहयोग की बात भी कही गई है। दुर्भाग्य से, इन प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन अभी तक व्यापक रूप से दिखाई नहीं देता। अब समय आ गया है कि शिक्षा व्यवस्था को केवल परीक्षा और परिणामों तक सीमित न रखा जाए।

स्कूलों, कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी होगी। नियमित काउंसलिंग, तनाव प्रबंधन कार्यशालाएं, हेल्पलाइन, मेंटरशिप प्रोग्राम और छात्रों के लिए सुरक्षित संवाद का वातावरण तैयार करना अनिवार्य है। अभिभावकों को भी यह समझना होगा कि सफलता का केवल एक ही मॉडल नहीं होता। हर बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर बनने के लिए नहीं बना है। उसकी प्रतिभा कला, खेल, लेखन, उद्यमिता, कृषि, शोध या किसी अन्य क्षेत्र में भी हो सकती है। बच्चों को तुलना और दबाव के बजाय समर्थन, संवाद और विश्वास की आवश्यकता है। शिक्षण संस्थानों और कोचिंग सेंटरों पर भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। उनके विज्ञापनों, दावों और सफलता दर की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट नियमावली बनाई जानी चाहिए। शिक्षा को केवल बाजार नहीं बनने दिया जा सकता। किसी छात्र की आत्महत्या केवल एक व्यक्ति की मृत्यु नहीं, बल्कि एक परिवार के सपनों का टूटना, समाज की संवेदनहीनता और राष्ट्र की प्रतिभा का नुकसान है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब उसके युवा केवल प्रतिस्पर्धा में नहीं, बल्कि मानसिक और शारीरिक रूप से भी स्वस्थ हों। शिक्षा का उद्देश्य जीवन निर्माण है, जीवन का अंत नहीं। इसलिए आवश्यक है कि हम शिक्षा के इस चक्रव्यूह को तोड़ें और छात्रों के लिए एक संवेदनशील, संतुलित और सुरक्षित वातावरण तैयार करें।

# नंदीग्राम के आंदोलन से बंगाल की सत्ता तक - "शुभेंदु अधिकारी"



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

पश्चिम बंगाल की राजनीति में पिछले दो दशकों में यदि किसी नेता ने सबसे तेजी से अपनी पहचान बनाई है, तो उनमें शुभेंदु अधिकारी का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। कभी तृणमूल कांग्रेस की रणनीतिक ताकत माने जाने वाले शुभेंदु अधिकारी आज भारतीय जनता पार्टी के सबसे बड़े बंगाली चेहरों में गिने जाते हैं। नंदीग्राम आंदोलन के नायक, ममता बनर्जी के विश्वस्त सहयोगी, फिर उनके सबसे बड़े राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी, शुभेंदु अधिकारी का राजनीतिक जीवन लगातार संघर्ष, महत्वाकांक्षा और सत्ता के समीकरणों से भरा रहा है। पूर्व मेदिनीपुर जिले के ग्रामीण इलाके से निकलकर बंगाल की राजनीति के केंद्र तक पहुंचने वाले शुभेंदु अधिकारी की कहानी केवल एक नेता की जीवनी नहीं है, बल्कि बंगाल की बदलती राजनीति का भी दस्तावेज है। उन्होंने छात्र राजनीति से लेकर आंदोलन, संगठन निर्माण, चुनावी रणनीति और सत्ता संचालन तक हर स्तर पर अपनी मजबूत पकड़ दिखाई है। नंदीग्राम आंदोलन ने उन्हें जननेता बनाया, जबकि भाजपा में शामिल होने के बाद वे बंगाल में विपक्ष की राजनीति का सबसे प्रभावशाली चेहरा बन गए। शुभेंदु अधिकारी का जन्म 15 दिसंबर 1970 को पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के करकुली गांव में हुआ था। वे बंगाल के एक अत्यंत प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से आते हैं। उनके पिता सिसिर अधिकारी लंबे समय तक कांग्रेस और बाद में तृणमूल कांग्रेस के प्रमुख नेता रहे। वे केंद्र सरकार में ग्रामीण विकास राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। अधिकारी परिवार का प्रभाव केवल राजनीति तक सीमित नहीं था, बल्कि पूर्व मेदिनीपुर क्षेत्र की सामाजिक और प्रशासनिक व्यवस्था में भी उनका व्यापक असर माना जाता रहा है। इस क्षेत्र में परिवार की पकड़ इतनी मजबूत रही कि स्थानीय लोग उन्हें "इलाके का सियासी सम्राट" तक कहने लगे। शुभेंदु अधिकारी के भाई दिब्येंदु अधिकारी और सौमेंदु अधिकारी भी सक्रिय राजनीति में रहे हैं। इस तरह अधिकारी परिवार बंगाल के सबसे संगठित राजनीतिक परिवारों में गिना जाता है। शुभेंदु अधिकारी ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूर्व मेदिनीपुर में प्राप्त की। बाद में उन्होंने रबीन्द्र भारती यूनिवर्सिटी से कला विषय में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की। छात्र जीवन के दौरान ही वे सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय होने लगे थे। उन पर बंगाल की आंदोलनकारी राजनीति का गहरा प्रभाव पड़ा। ग्रामीण समाज, किसान आंदोलन और स्थानीय मुद्दों के प्रति उनकी समझ ने उन्हें जमीन से जुड़ा नेता बनाया। यही कारण है कि बाद में वे केवल चुनावी नेता नहीं, बल्कि आंदोलनकारी जननेता के रूप में भी स्थापित हुए। शुभेंदु अधिकारी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत वर्ष 1995 में कांग्रेस पार्टी से की। उस समय पश्चिम बंगाल में ज्योति बसु के नेतृत्व वाली वाम मोर्चा सरकार बेहद मजबूत थी। कांग्रेस विपक्ष में थी और संगठनात्मक रूप से कमजोर भी मानी जाती थी। युवा शुभेंदु ने कांग्रेस के छात्र और युवा संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाई। वे जल्द ही अपनी संगठन क्षमता और जनसंपर्क के कारण पहचाने जाने लगे। हालांकि उस दौर में कांग्रेस के भीतर नेतृत्व संकट और वैचारिक असमंजस भी था। इसी बीच बंगाल की राजनीति में एक नई शक्ति के रूप में ममता बनर्जी का उदय हुआ। ममता बनर्जी ने कांग्रेस से अलग होकर 1998 में तृणमूल कांग्रेस की स्थापना की। शुभेंदु अधिकारी भी जल्द ही उनके साथ जुड़ गए। 1998 में तृणमूल कांग्रेस के गठन के बाद शुभेंदु अधिकारी तेजी से पार्टी के प्रमुख नेताओं में शामिल हो गए। वे संगठन निर्माण में बेहद सक्रिय रहे। खासकर ग्रामीण बंगाल में पार्टी का आधार मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। उस समय बंगाल में वाम मोर्चा का प्रभुत्व था और तृणमूल कांग्रेस को संघर्षशील विपक्ष के रूप में देखा जाता था। शुभेंदु ने गांव-गांव जाकर पार्टी को मजबूत किया। वे स्थानीय आंदोलनों और किसान मुद्दों से जुड़े रहे। धीरे-धीरे वे ममता बनर्जी के सबसे विश्वस्त नेताओं में शामिल हो गए। पूर्व मेदिनीपुर, नंदीग्राम और आसपास के क्षेत्रों में उनकी राजनीतिक पकड़ लगातार बढ़ती गई। 2007 का नंदीग्राम आंदोलन शुभेंदु अधिकारी के राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। उस समय पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चा सरकार औद्योगिकीकरण के नाम पर भूमि अधिग्रहण की नीति अपना रही थी। नंदीग्राम में रासायनिक उद्योग केंद्र स्थापित करने की योजना बनी, जिसके लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित की जानी थी। स्थानीय किसानों और ग्रामीणों में भारी असंतोष फैल गया। लोगों को डर था कि उनकी जमीन और आजीविका छिन जाएगी। शुभेंदु अधिकारी ने इस आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने किसानों को संगठित किया और भूमि अधिग्रहण के खिलाफ व्यापक जनआंदोलन खड़ा किया। उन्होंने "भूमि उच्छेद प्रतिरोध समिति" के माध्यम से गांव-गांव आंदोलन को मजबूत किया। आंदोलन धीरे-धीरे राज्यव्यापी मुद्दा बन गया। वाम सरकार के खिलाफ जनता का गुस्सा बढ़ने लगा। 14 मार्च 2007 को नंदीग्राम में पुलिस कार्रवाई हुई, जिसमें कई लोगों की मौत हुई। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया। वाम सरकार की भारी आलोचना हुई। शुभेंदु अधिकारी इस संघर्ष के प्रमुख चेहरों में उभरे। उनकी छवि एक जुझारू और साहसी नेता की बन गई। उन्होंने खुद को किसान हितों के रक्षक के रूप में स्थापित किया। नंदीग्राम आंदोलन ने बंगाल की राजनीति बदल दी। यही वह क्षण था जिसने तृणमूल कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाने की जमीन तैयार की। नंदीग्राम आंदोलन के बाद शुभेंदु अधिकारी की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी। वे कई बार सांसद और विधायक चुने गए। उन्होंने पूर्व मेदिनीपुर क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस को मजबूत किया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दक्षिण बंगाल में पार्टी के विस्तार में उनकी बड़ी भूमिका रही। 2011 में जब तृणमूल कांग्रेस ने वाम मोर्चा को सत्ता से बाहर किया, तब शुभेंदु अधिकारी सरकार के सबसे प्रभावशाली मंत्रियों में शामिल हुए। उन्होंने परिवहन, सिंचाई और जल संसाधन जैसे महत्वपूर्ण विभाग संभाले। प्रशासनिक स्तर पर उनकी पकड़ मजबूत मानी जाती थी। वे कार्यकर्ताओं और आम जनता के बीच लगातार सक्रिय रहते थे। शुभेंदु अधिकारी केवल चुनाव जीतने वाले नेता नहीं थे, बल्कि वे एक कुशल संगठनकर्ता भी माने जाते हैं। उन्होंने पंचायत स्तर तक संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी शैली काफी आक्रामक और जमीन से जुड़ी रही। वे बड़े जनसभाओं के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर छोटे कार्यकर्ता नेटवर्क को भी मजबूत करते रहे। समय के साथ शुभेंदु अधिकारी और तृणमूल नेतृत्व के बीच मतभेद बढ़ने लगे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इसके कई कारण थे। पार्टी के भीतर शक्ति संतुलन में बदलाव। नेतृत्व शैली को लेकर असहमति। संगठन में नई पीढ़ी की भूमिका। क्षेत्रीय प्रभाव को लेकर तनाव। विशेष रूप से अभिषेक बनर्जी के बढ़ते प्रभाव को भी इस मतभेद का एक कारण माना गया। दिसंबर 2020 में शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी जॉइन कर ली। यह बंगाल की राजनीति का बड़ा घटनाक्रम था। भाजपा ने उन्हें बंगाल में अपने सबसे बड़े क्षेत्रीय चेहरे के रूप में प्रस्तुत किया। शुभेंदु के भाजपा में आने से पूर्व मेदिनीपुर और दक्षिण बंगाल में पार्टी को नई ताकत मिली। 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में सबसे चर्चित मुकाबला नंदीग्राम सीट पर हुआ। यहां शुभेंदु अधिकारी के सामने स्वयं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मैदान में थी। पूरा देश इस चुनाव पर नजर रखे हुए था। यह केवल एक सीट का चुनाव नहीं, बल्कि बंगाल की राजनीतिक प्रतिष्ठा की लड़ाई बन चुका था।

# असम का निर्णायक जनादेशः हेमंता बिस्वा सरमा का कमाल—रणनीति, संगठन, शासन और जनविश्वास का विराट संगम



आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी
कटिहार बिहार

असम विधानसभा चुनाव के परिणाम केवल एक चुनावी जीत का आंकड़ा नहीं हैं, बल्कि यह उस व्यापक राजनीतिक परिवर्तन का सशक्त प्रमाण हैं, जो पिछले एक दशक में पूर्वोत्तर भारत की राजनीति में धीरे-धीरे आकार लेता रहा है। यह जनादेश केवल सत्ता की पुनरावृत्ति नहीं है, बल्कि यह एक नेतृत्व की स्वीकृति, एक राजनीतिक मॉडल की पुष्टि और जनविश्वास की पुनर्स्थापना का स्पष्ट संकेत है। इस पूरे परिदृश्य के केंद्र में जिस व्यक्तित्व की निर्णायक भूमिका रही है, वह है हेमंता बिस्वा सरमा—एक ऐसा नेता जिसने केवल चुनाव नहीं जीता, बल्कि राजनीति की शैली, रणनीति और शासन की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ने का प्रयास किया है। असम की राजनीति को समझने के लिए उसके ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों को समझना आवश्यक है। यह राज्य केवल एक प्रशासनिक इकाई नहीं है, बल्कि यह विविधताओं का संगम है—भाषाई, जातीय, सांस्कृतिक और भौगोलिक। यहाँ राजनीति हमेशा बहुस्तरीय रही है, जहाँ स्थानीय पहचान, क्षेत्रीय अस्मिता, प्रवासन का प्रश्न, सीमावर्ती सुरक्षा और विकास की चुनौतियाँ एक साथ काम करती रही हैं। ऐसे जटिल परिदृश्य में स्थिर सरकार बनाना ही नहीं, बल्कि उसे बनाए रखना और जनता का विश्वास अर्जित करना किसी भी नेतृत्व के लिए एक बड़ी चुनौती होती है। यही वह कसौटी है जिस पर इस बार के चुनाव परिणामों को परखा जाना चाहिए। यदि इस जनादेश को गहराई से देखा जाए, तो यह स्पष्ट होता है कि यह किसी एक कारण का परिणाम नहीं है, बल्कि यह कई स्तरों पर किए गए सुनियोजित प्रयासों का समेकित परिणाम है। सबसे पहले बात आती है नेतृत्व की। हेमंता बिस्वा सरमा का नेतृत्व केवल राजनीतिक पद तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक कार्यशैली, एक दृष्टिकोण और एक रणनीतिक सोच का प्रतिनिधित्व करता है। उनका राजनीतिक सफर स्वयं में एक महत्वपूर्ण अध्ययन है—कांग्रेस से भाजपा तक की यात्रा, संगठन से शासन तक की भूमिका और रणनीतिकार से मुख्यमंत्री तक का विकास। यह परिवर्तन केवल दल परिवर्तन नहीं था, बल्कि यह एक राजनीतिक पुनर्स्थापन था, जहाँ उन्होंने अपनी क्षमताओं को एक नए ढांचे में ढालकर उसे और अधिक प्रभावी बनाया। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने राजनीति को केवल चुनाव जीतने का माध्यम नहीं माना, बल्कि इसे एक प्रबंधन प्रणाली के रूप में देखा—जहाँ संगठन, संदेश, नेतृत्व और प्रशासन—चारों का संतुलन आवश्यक है। यही कारण है कि उन्होंने चुनाव को केवल प्रचार तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे एक व्यापक सामाजिक संवाद में बदल दिया। इस जीत का दूसरा महत्वपूर्ण आधार रहा संगठन। भाजपा ने असम में केवल चुनावी सक्रियता नहीं दिखाई, बल्कि उसने वर्षों तक जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत किया। बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रियता, स्थानीय मुद्दों की समझ, निरंतर जनसंपर्क और संगठनात्मक अनुशासन—इन सभी ने मिलकर एक मजबूत राजनीतिक आधार तैयार किया। यह संगठन केवल चुनाव के समय सक्रिय होने वाला ढांचा नहीं था, बल्कि यह लगातार समाज के साथ संवाद में रहने वाला एक जीवंत तंत्र था। यही कारण है कि जब चुनाव आया, तो यह संगठन पूरी ताकत के साथ सक्रिय हुआ और उसने पार्टी का संदेश हर स्तर तक पहुँचाया। तीसरा महत्वपूर्ण तत्व रहा राजनीतिक नैरेटिव का निर्माण। चुनाव केवल विकास के मुद्दों पर नहीं जीते जाते, बल्कि यह भी महत्वपूर्ण होता है कि जनता किस कथा को स्वीकार करती है। असम में यह कथा केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसमें सुरक्षा, पहचान, स्थिरता और भविष्य की दिशा—all शामिल थे। यह संदेश दिया गया कि राज्य को एक ऐसी सरकार की आवश्यकता है जो केवल योजनाएँ न बनाए, बल्कि उन्हें प्रभावी ढंग से लागू भी करे। चौथा कारक रहा प्रशासनिक प्रदर्शन। हेमंता बिस्वा सरमा ने अपने कार्यकाल में यह स्पष्ट किया कि शासन केवल घोषणाओं का नाम नहीं है, बल्कि परिणाम देना ही उसकी असली कसौटी है। उन्होंने कानून-व्यवस्था, विकास परियोजनाओं, निवेश, बुनियादी ढांचे और प्रशासनिक सुधारों पर विशेष ध्यान दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि जनता के बीच यह धारणा बनी कि सरकार सक्रिय है और काम कर रही है। राजनीति में यह धारणा ही सबसे बड़ी पूंजी होती है। यदि जनता को यह महसूस होता है कि सरकार परिणाम दे रही है, तो वह उसे दोबारा अवसर देने के लिए तैयार होती है। पाँचवाँ महत्वपूर्ण तत्व रहा सामाजिक संतुलन। असम की राजनीति में विभिन्न जातीय और सामाजिक समूहों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। इस चुनाव में यह स्पष्ट दिखाई दिया कि विभिन्न वर्गों के बीच एक संतुलन स्थापित करने का प्रयास किया गया और इसमें काफी हद तक सफलता भी मिली। यह संतुलन केवल राजनीतिक रणनीति का हिस्सा नहीं था, बल्कि यह सामाजिक विश्वास को बनाए रखने का एक माध्यम भी था। छठा कारक रहा विपक्ष की स्थिति। किसी भी चुनाव में जीत केवल अपनी ताकत से नहीं होती, बल्कि विपक्ष की कमजोरी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। असम में विपक्ष एकजुट नहीं दिखा और वह एक मजबूत विकल्प प्रस्तुत करने में पूरी तरह सफल नहीं हो पाया। इसका सीधा लाभ सत्तारूढ़ नेतृत्व को मिला। सातवाँ और सबसे महत्वपूर्ण तत्व रहा जनविश्वास। जनविश्वास वह शक्ति है जिसे न तो खरीदा जा सकता है और न ही थोपा जा सकता है। यह समय के साथ बनता है—कार्य, व्यवहार और परिणामों के आधार पर। हेमंता बिस्वा सरमा ने इस विश्वास को अर्जित किया और यही उनकी सबसे बड़ी सफलता रही। यदि इस पूरे चुनाव परिणाम को व्यापक संदर्भ में देखा जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि यह केवल असम तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र पर पड़ता है। पूर्वोत्तर लंबे समय तक राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र से दूर रहा, लेकिन अब यह क्षेत्र राजनीतिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण बनता जा रहा है और इस परिवर्तन में असम की भूमिका केंद्रीय रही है। लेकिन यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि इस जीत को अंतिम नहीं माना जाए। राजनीति में हर जीत के साथ नई चुनौतियाँ आती हैं। अब सबसे बड़ी परीक्षा यह होगी कि क्या यह नेतृत्व अपने वादों को धरातल पर उतार पाता है, क्या वह विकास और संतुलन दोनों को साथ लेकर चल पाता है और क्या वह जनविश्वास को बनाए रख पाता है। असम की जनता ने एक बार फिर विश्वास जताया है, लेकिन यह विश्वास स्थायी नहीं होता, इसे निरंतर बनाए रखना पड़ता है। यह जनादेश यह स्पष्ट करता है कि आज की राजनीति में केवल नारे नहीं, बल्कि परिणाम मायने रखते हैं; केवल गठबंधन नहीं, बल्कि नेतृत्व मायने रखता है; और सबसे बढ़कर केवल सत्ता नहीं, बल्कि जनविश्वास मायने रखता है। हेमंता बिस्वा सरमा की यह जीत इस बात का प्रमाण है कि यदि नेतृत्व स्पष्ट हो, संगठन मजबूत हो, रणनीति सटीक हो और शासन प्रभावी हो, तो राजनीति केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वह एक मॉडल बन जाती है—एक ऐसा मॉडल जिसे अन्य राज्य भी अपनाने का प्रयास करते हैं। यही इस पूरे जनादेश का सबसे बड़ा संदेश है—कि राजनीति अब बदल रही है, और इस बदलाव के केंद्र में वही नेतृत्व है जो जनता के विश्वास को समझता है और उसे बनाए रखने की क्षमता रखता है।




**मेष राशि** : मेष राशि वालों आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। आज पारिवारिक रिश्ते में गहराई और अपनापन आपको महसूस होगा। किसी कारण से पिताजी आपको नयी जिम्मेदारी दे सकते हैं, जिसे आप पूरी तरह निभाएंगे। जमीन जायदाद से जुड़े काम पूरे हो सकते हैं। आज साझेदार की गतिविधियों पर ध्यान दें। रोजगार में नई उपलब्धि मिलने के योग बन रहे हैं।

**वृष राशि**: वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपको बड़ी खुशखबरी भी मिलने वाली है। आज अपना हर काम योजनाबद्ध तरीके से करना तथा अपने काम के प्रति एकाग्र चित्त होना आपको सफलता देगा। आज कुछ नजदीकी यात्रा होने के योग भी बन रहे हैं। आज विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देंगे, जल्द ही सफलता आपके कदम चूमेंगी।

**मिथुन राशि**: मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी विशेष आयोजन में जाने का मौका मिलेगा और नई जानकारियां सीखने को मिलेंगी। आज खर्चों की अधिकता रहेगी, लेकिन साथ ही आय के साधन बढ़ने से परेशानी नहीं होगी। आज बच्चों का परिणाम देखकर मन में तसल्ली रहेगी। आज अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए ध्यान केंद्रित करेंगे। आज आपको यह ध्यान रखना होगा कि नकारात्मक विचार आपके मनोबल को कमजोर कर सकते हैं।

**कर्क राशि**: कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपकी सूझबूझ और विवेक से समस्याएं आसानी से हल हो जाएंगी। आज ऑनलाइन शॉपिंग और मस्ती वाली गतिविधियों में समय बीतेगा। आज आपको किसी निकट संबंधी के घर जाने का मौका मिलेगा। आज अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से आपका खुद का महत्वपूर्ण काम अधूरा रह सकता है। आज बच्चों की गतिविधियों तथा संगति पर कड़ी नजर रखेंगे।

**सिंह राशि**: सिंह राशि वालों आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज परिवार संबंधी किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर सलाह-मशवरा होगा और इसके सकारात्मक नतीजे भी सामने आएंगे। आज मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में समय बीतेगा। आज आपके बच्चे नकारात्मक गतिविधियों और संगति से दूरी बनाकर रखेंगे। आज व्यावसायिक व्यवस्था को बनाए रखने में आपका योगदान जरूरी है। आज बाहरी व्यक्ति आपके कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में कुछ समस्याएं डाल सकता है।

**कन्या राशि**: कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी कार्यवाही में सफलता मिलेगी। आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अपने आपको सशक्त महसूस करेंगे। आज घर के किसी सदस्य को बड़ी सफलता मिलने से घर का वातावरण उत्सव जैसा होगा।

**तुला राशि**: तुला राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपको अपने टारगेट को पूरा करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। काम जितना भी कठिन हो आपको एकाग्रता बनाये रखना है। ऑफिस में आज आपको नया प्रोजेक्ट मिलेगा, जिसे पूरा करने में कलीग की सहायता मिल जाएगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा।

**वृश्चिक राशि**: वृश्चिक राशि वालों आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यावसायिक संपर्कों को और मजबूत करने का प्रयास करेंगे। आज कारोबार में आपको फायदा होगा। इस राशि के बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन विशेष फलदायी है। आज सामाजिक कार्यों में मन लग सकता है। आज सेहत अच्छी रहेगी।

**धनु राशि**: धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको वाद-विवाद से दूर रहना होगा। आज आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। व्यापारी वर्ग को आज अच्छा लाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, कॉलेज में नए दोस्त बनेंगे।

**मकर राशि**:मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला है। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में अभी और मेहनत करने की जरुरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। ऑफिस मे सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

**कुम्भ राशि**: कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी काम को करने के नए तरीके पर विचार करेंगे इससे काम समय से व आसानी से पूरा हो जायेगा। आज शाम को आप किसी बर्थडे पार्टी में जाने का प्लान बनायेंगे। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपकी क्रिएटिव फील्ड मजबूत होगी।

**मीन राशि**: मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। वर्कप्लेसल पर आपका काम अच्छा चलेगा। आपको किसी काम में मदद की जरूरत रहेगी, इस मामले में दोस्त से सलाह मिल सकती है। पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे हो सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद में 'कानूनी जंग' उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित, समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान



**धनबाद।** बैंक मोड़ चैंबर्स ऑफ कॉमर्स में झारखंड मानव कल्याण सोसाइटी के अध्यक्ष रामा शीष चौहान के नेतृत्व में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जयंती एवं मातृ दिवस के अवसर पर "कानूनी जंग" उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षदों, समाजसेवी महिलाओं एवं सांसद प्रतिनिधियों को वस्त्र, पुष्प एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेवी स्वेता किन्नर रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामा शीष चौहान ने कहा कि समाज को रवींद्रनाथ टैगोर के आदर्शों पर चलकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए कौशल विकास बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से झारखंड मानव कल्याण सोसाइटी द्वारा विकास नगर, छठ तालाब, मटकुरिया रोड, धनबाद में सिलाई-कटाई, चूड़ी निर्माण, पापड़ निर्माण एवं ब्यूटीशियन प्रशिक्षण केंद्र खोला जा रहा है। इच्छुक महिलाएं यहां नामांकन कर लाभ उठा सकती हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी बबिता स्वर्णकार, पिंकी गुप्ता, वार्ड पार्षद निसार आलम, सुमन अग्रवाल, शालिनी कुमारी, सांसद प्रतिनिधि राजीव महतो, गणेश भारती, डॉ. अर्जुन पंडित, सपना सिंह, गीता देवी, पूजा देवी, जोबा रानी गोस्वामी, पूनम सिंह, प्रीति सिंह, शिखा सिंह, पूजा सिन्हा, ममता गुप्ता, अधिवक्ता हीरा लाल चौहान, बिहारी लाल चौहान, हेमराज चौहान, बाल्मीकि पासवान, किरण देवी, सबित्री कुमारी, सुनील वर्मन एवं राजेश गोस्वामी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन जितेंद्र सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन वहीद प्रेस रिपोर्टर द्वारा किया गया। महिलाओं के कौशल विकास और सशक्तिकरण को समर्पित यह कार्यक्रम सामाजिक जागरूकता और आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### हजारीबाग यूथ विंग ने ओल्ड एज होम में मनाया मातृ दिवस; बुजुर्गों के बीच बांटी खुशियां



**हजारीबाग।** मातृ दिवस के पावन अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग ने स्थानीय ओल्ड एज होम (वृद्धाश्रम) में विशेष सेवा एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ समय बिताकर न केवल उनका हालचाल जाना, बल्कि उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरने का सार्थक प्रयास भी किया। **प्रमुख गतिविधियां एवं वितरणः** संस्था द्वारा बुजुर्गों के स्वास्थ्य और जरूरतों का ध्यान रखते हुए निम्नलिखित आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया फल, बिस्किट, दूध के पैकेट, मुरी और जूस कार्यक्रम के दौरान आश्रम का वातावरण अपनत्व और भावुकता से भर गया। बुजुर्गों ने युवाओं के साथ अपने जीवन के अनुभव और परिवार की बातें साझा कीं। कई बुजुर्गों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें अकेलेपन का अहसास कम होता है। मातृशक्ति और बुजुर्गों की सेवा ही समाज के प्रति हमारी सच्ची जिम्मेदारी है। माता त्याग और ममता का सर्वोच्च स्वरूप हैं। "बुजुर्गों का आशीर्वाद समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। युवा पीढ़ी को अपने बड़ों के प्रति अधिक संवेदनशील होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, अध्यक्ष करण जायसवाल, उपाध्यक्ष विकास तिवारी, सचिव रितेश खंडेलवाल, मार्गदर्शक डॉ. बी. वेंकटेश सहित संजय कुमार, विकास केशरी, राजेश जैन, विवेक तिवारी, सनी देव, सेजल सिंह और अन्य सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रामानुजम डिग्री कॉलेज का ऐतिहासिक प्रदर्शन ,शत-प्रतिशत परिणाम के साथ प्रखंड और जिले में लहराया परचम



**टाटीझरिया (हजारीबाग)।** रामानुजम डिग्री कॉलेज ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता सिद्ध करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हालिया परीक्षा परिणामों में 100% सफलता प्राप्त कर न केवल अपने संस्थान का, बल्कि प्रखंड और पूरे जिले का नाम रोशन किया है। कॉलेज की छात्राओं ने इस बार मेरिट लिस्ट में अपना दबदबा बनाए रखा। मुख्य रूप से निम्नलिखित छात्राओं ने कॉलेज का मान बढ़ाया प्रथम स्थान गीता कुमारी ने 84.60% (423 अंक) हासिल कर कॉलेज में टॉप किया। द्वितीय स्थानः रानी कुमारी ने 84% (420 अंक) के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थानः राखी कुमारी ने 79.40% (397 अंक) लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा, महाविद्यालय के अन्य सभी विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर संस्थान की प्रतिष्ठा में चार चाँद लगा दिए हैं। अनुभवी टीम और कड़ी मेहनत अपनी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों ने इसका पूरा श्रेय महाविद्यालय के प्राचार्य रंजीत कुमार मौर्य,उप प्राचार्य राहुल कुमार शिक्षक-शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन और अपने माता-पिता के आशीर्वाद को दिया। छात्र-छात्राओं का मानना है कि कॉलेज के अनुशासन और शिक्षकों के विशेष सहयोग के कारण ही वे इस मुकाम तक पहुँच सके हैं।महाविद्यालय के निदेशक सह प्राचार्य रंजीत कुमार मौर्या ने गौरवपूर्ण क्षणों को साझा करते हुए बताया । रामानुजम डिग्री कॉलेज पिछले 5 वर्षों से लगातार शत-प्रतिशत परिणाम देने के लिए ग्रामीण और प्रखंड क्षेत्रों में अपनी पहचान बना चुका है। हमारी प्राथमिकता हमेशा से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों का सर्वांगीण विकास रही है।" इस ऐतिहासिक सफलता पर प्राचार्य, उपप्राचार्य और महाविद्यालय के सभी सहयोगी शिक्षकों ने सफल छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र के अभिभावकों और छात्र-छात्राओं में हर्ष का माहौल है।

## राष्ट्रीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन : वाईबीएन विश्वविद्यालय में अदबी फिज़ा के बीच भव्य आयोजन संपन्न

नई सोच एक्सप्रेस




**रांची।** वाईबीएन विश्वविद्यालय, नामकुम, रांची के हिंदी विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन आज साहित्यिक गरिमा, सांस्कृतिक ऊष्मा एवं बौद्धिक ऊर्जा के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में साहित्य, शिक्षा एवं संस्कृति जगत से जुड़े अनेक प्रतिष्ठित विद्वानों, कवियों, शायरों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम के स्वागत अध्यक्ष विश्वविद्यालय के अध्यक्ष श्री राम जी यादव रहे, जबकि अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. मो. रिजवान अली ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व निदेशक, अनुसंधान, बीएयू रांची डॉ. ए. बद्दू उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डॉ. के. एम. कॉलेज के प्राचार्य जनाब हसीब अख्तर साहब एवं रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय ने कार्यक्रम की गरिमा को नई ऊंचाई प्रदान की। मंच संचालन प्रसिद्ध साहित्यकार जनाब निहाल हुसैन सरयावी साहब ने अत्यंत प्रभावशाली एवं आकर्षक शैली में किया। मुशायरा एवं कवि सम्मेलन में प्रस्तुत ग़ज़लों, नज़्मों एवं कविताओं ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता, मानवता, प्रेम, भाईचारे एवं सांस्कृतिक सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग, गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग College, रांची तथा वाईबीएन विश्वविद्यालय, रांची के हिंदी एवं बी.एड. विभाग के विद्यार्थी, शोधार्थी एवं साहित्यप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर झारखंड साहित्य संगम के प्रदेश महासचिव सह गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, रांची के सहायक प्राध्यापक डॉ. ओम प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि — "मुशायरा एवं कवि सम्मेलन केवल मनोरंजन या साहित्यिक आयोजन नहीं हैं, बल्कि समाज और जमाने को बदलने की ताकत रखते हैं। कलम और शब्द की शक्ति इंसानियत, सामाजिक चेतना, भाईचारे और सांस्कृतिक जागरूकता को नई दिशा प्रदान करती है। साहित्य समाज का दर्पण ही नहीं, बल्कि परिवर्तन का सबसे प्रभावशाली माध्यम भी है।" कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से यह भी जानकारी दी गई कि बहुत जल्द वाईबीएन विश्वविद्यालय में उर्दू विभाग की स्थापना की जाएगी, जिससे उर्दू भाषा, साहित्य एवं शोध को नई दिशा और व्यापक मंच प्राप्त होगा। इस घोषणा का उपस्थित साहित्यकारों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने जोरदार स्वागत किया। डॉ. ओम प्रकाश ने युवाओं से साहित्य, भाषा एवं संस्कृति से जुड़कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नसीर अफसर, डॉ. अमीन रहबर, कफीलुर्रहमान एवं डॉ. ओम प्रकाश की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं श्रोताओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## भाजपा पहले अपने शासित राज्यों की कानून व्यवस्था देखे, फिर झारखंड पर सवाल उठाए : सतीश पॉल मुंजनी

नई सोच एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने भाजपा द्वारा झारखंड की कानून व्यवस्था पर उठाए गए सवालों को राजनीतिक प्रोपेगेंडा और भ्रामक प्रचार बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को झारखंड पर टिप्पणी करने से पहले अपने शासित राज्यों की कानून व्यवस्था की स्थिति का आत्ममंथन करना चाहिए। मुंजनी ने कहा कि भाजपा झारखंड को बदनाम करने के लिए चुनिंदा आंकड़ों का इस्तेमाल कर रही है, जबकि भाजपा शासित कई राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध, दलित उत्पीड़न, सांप्रदायिक हिंसा, हत्या और बलात्कार जैसी घटनाएं राष्ट्रीय चिंता का विषय बनी हुई हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, असम और मणिपुर का जिक्र करते हुए कहा कि इन राज्यों में समय-समय पर कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठते रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड की तुलना बड़े राज्यों से करती है, लेकिन यह नहीं बताती कि भारी संसाधनों और बजट के बावजूद महिला सुरक्षा, संगठित अपराध और अपराध नियंत्रण को लेकर सवाल क्यों बने हुए हैं। मुंजनी ने मणिपुर हिंसा, हरियाणा में सांप्रदायिक तनाव और मध्य प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों का भी उल्लेख किया। सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार अपराध नियंत्रण, पुलिस आधुनिकीकरण और प्रशासनिक मजबूती की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में नक्सलवाद में ऐतिहासिक कमी आई है और कानून व्यवस्था मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के पास महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याएं और युवाओं के भविष्य जैसे मुद्दों पर बोलने के लिए कुछ नहीं बचा है, इसलिए वह भय और भ्रम की राजनीति कर रही है। मुंजनी ने भाजपा से अपने शासनकाल की स्थिति पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि झारखंड की जनता भाजपा शासन के दौरान अपराध, मॉब लिंचिंग, महिला उत्पीड़न और प्रशासनिक अव्यवस्था की घटनाओं को भूली नहीं है। अंत में उन्होंने कहा कि भाजपा को झारखंड की छवि खराब करने की राजनीति छोड़कर रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था को मजबूत करने और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए पाकुड़ में 'निःशुल्क कोचिंग' का आगाज़, युवाओं के सपनों को मिलेगी उड़ान

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़।** जिले के युवाओं को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में बेहतर भविष्य प्रदान करने के उद्देश्य से रविवार को एक सराहनीय पहल की गई। हटपाड़ा स्थित अपर्णा कॉम्प्लेक्स में झारखंड नर्सिंग प्रवेश परीक्षा-2026 की तैयारी के लिए 'निःशुल्क कोचिंग' का भव्य उद्घाटन हुआ। यह विशेष कार्यक्रम सूर्या नर्सिंग एजुकेशनल कॉलेज, साहिबगंज और सीटी ट्रेनिंग सेंटर, पाकुड़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सूर्या नर्सिंग एजुकेशनल कॉलेज के निदेशक डॉ. विजय कुमार, सीटी ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक मो. हैदर अली, प्राचार्य प्रो. वेंकट रेड्डी, मैनेजर हरेंद्र कुमार पासवान, डॉ. अमित कुमार और डॉ. बिंदु भूषण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने नर्सिंग को सेवा और समर्पण का सबसे बड़ा पेशा बताया।समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. विजय कुमार ने कहा कि उनका संकल्प उन मेधावी छात्रों की मदद करना है, जो संसाधनों और आर्थिक तंगी के कारण नर्सिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाते। उन्होंने भावुक होते हुए कहाः"हमारा उद्देश्य केवल कोचिंग देना नहीं, बल्कि उन प्रतिभावान बच्चों की उंगली थामना है जो पीछे छूट जाते हैं। इस निःशुल्क मार्गदर्शन के माध्यम से हम एक स्वस्थ और सशक्त झारखंड की नींव रख रहे हैं।" सीटी ट्रेनिंग सेंटर के निदेशक मो. हैदर अली ने खुशी जताते हुए कहा कि अब पाकुड़ के युवाओं को नर्सिंग की तैयारी के लिए बड़े शहरों में जाकर भारी-भरकम फीस देने की जरूरत नहीं होगी। संस्थान का लक्ष्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नर्सिंग संस्थानों तक पहुँचाना है।उद्घाटन सत्र के दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। उपस्थित चिकित्सकों ने छात्रों को पूरी एकाग्रता के साथ परीक्षा की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन और निःशुल्क सुविधा मिलने की खबर से जिले के उन मध्यमवर्गीय परिवारों में खुशी की लहर है जो अपने बच्चों को नर्सिंग के क्षेत्र में भेजना चाहते हैं।

## हजारीबाग के हृदयस्थल झील कहे जाने को मिलेगी नई पहचान :अरविंद कुमार राणा

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।** नगर निगम के महापौर अरविंद कुमार राणा मेयर बनने के बाद से लगातार दिन-रात अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। छुट्टी के दिन भी वे शहर के विकास कार्यों एवं आमजन से मुलाकात में सक्रिय रूप से जुटे रहते हैं।इसी क्रम में महापौर ने हजारीबाग शहर के हृदयस्थल माने जाने वाले बड़ा झील का गणमान्य लोगों के साथ भ्रमण किया। झील के सौंदर्यीकरण एवं समग्र विकास को लेकर उन्होंने कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की। इस संबंध में कला, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के सचिव मुकेश कुमार सिंह को ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसमें झील विकास से जुड़े विभिन्न एजेंडों को शामिल किया गया है।भ्रमण के दौरान एक सामाजिक समूह द्वारा झील परिसर में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाकर सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा था। इसे देखकर महापौर ने समूह के सदस्यों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया तथा कहा कि समाज की भागीदारी से ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।इस अवसर पर महापौर अरविंद कुमार राणा ने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में बड़ा झील की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी। शहरवासियों को गंदगी और वाहनों से मुक्त, स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक झील देखने को मिलेगी, जो हजारीबाग की नई पहचान बनेगी।उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर के सौंदर्यीकरण,

**» महापौर ने शहर के कई गणमान्य के साथ झील का किया भ्रमण**

पर्यटन विकास एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगातार कार्य कर रहा है, ताकि हजारीबाग को एक आधुनिक एवं स्वच्छ शहर के रूप में स्थापित किया जा सके।इस भ्रमण कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य एवं अनुभवी लोग उपस्थित थे, जिन्होंने झील विकास को लेकर अपने सुझाव भी साझा किए।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की अहम बैठक,निजी स्कूलों की समस्याओं के समाधान का भरोसा

नई सोच एक्सप्रेस




**साहिबगंज।** झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, इकाई साहिबगंज की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को एन.आर.पी. सेंटर, साहिबगंज में आयोजित की गई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि सह केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष मनोज कुमार झा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. संजय भगत शामिल हुए। संगठन के संरक्षक प्रो. कमल कुमार महावर भी बैठक में मौजूद रहे। मंच संचालन श्रीमती गरिमा ने किया।वही कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंकज मिश्रा, प्रो. कमल कुमार महावर, डॉ. संजय भगत, अध्यक्ष मनोज झा, कालिदास पाठक एवं सत्यजीत कृष्ण सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। एन.आर.पी. सेंटर की बच्चियों ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।इस दौरान संगठन के सचिव सत्यजीत कृष्ण ने सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष मनोज झा एवं प्रो. कमल कुमार महावर ने मुख्य अतिथि पंकज मिश्रा और डॉ. संजय भगत को शॉल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही सचिव द्वारा प्रो. महावर और अध्यक्ष मनोज झा को अंगवस्त्र एवं माला देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में अपने स्वागत भाषण में अध्यक्ष मनोज झा ने जिले भर से पहुंचे निजी विद्यालयों के संचालकों, प्राचार्यों, शिक्षिकाओं एवं महिलाओं का स्वागत किया। प्रो. कमल कुमार महावर ने अपने संबोधन में जिले में संचालित निजी विद्यालयों की स्थिति और शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि साहिबगंज जिले में करीब डेढ़ सौ निजी विद्यालय संचालित हैं, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं।उन्होंने सरकार द्वारा मान्यता हेतु शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निर्धारित भूमि मानकों को निजी विद्यालयों के लिए बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि जिले की अधिकांश भूमि कृत्रिम खास महल एवं दानपत्र की है। ऐसे में भूमि संबंधी बाध्यता को शिथिल किए जाने की आवश्यकता है। इसके अलावा मुख्य अतिथि पंकज मिश्रा ने निजी विद्यालयों की समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने साहिबगंज में विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि गंगा किनारे रिवर फ्रंट का निर्माण होगा, अस्पतालों की व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है तथा मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और हवाई अड्डे का कार्य जल्द शुरू होगा।साथ ही रेलवे विकास एवं नई ट्रेनों के परिचालन की भी जानकारी दी। आपको बता दें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए निजी विद्यालयों के प्राचार्यों ने भी अपने विचार रखे। संगठन विस्तार को लेकर प्रत्येक प्रखंड के लिए प्रखंड संयोजकों का चयन किया गया, ताकि जिले के सभी निजी विद्यालयों को संगठन से जोड़ा जा सके।मौके पर उमानाथ पंडित, वीरेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, राजेश आर्य, अनिमा प्रमाणिक, श्रीमती गंगा महावर, रूपम शाह, उत्तम कुमार चंद, अनुपम गोस्वामी, सद्दाम हुसैन, परमजीत घोष, अजय मंडल, विजय यादव, गोपाल कृष्ण, संतोष उपाध्याय, संजीव यादव, अजय शाह, संजय ठाकुर, अशफाक आलम, कार्तिक हेंब्रम, छोटू लाल गुप्ता, कालिदास पाठक सहित बड़ी संख्या में निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन वीरेंद्र सिंह ने किया।

## गांव-गांव पहुंच रही न्याय की रोशनी : साहेबगंज में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान से बढ़ी कानूनी चेतना

नई सोच एक्सप्रेस




**साहेबगंज।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निर्देशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश- सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में जिलेभर में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से गांव-गांव, पंचायतों, नगर निकाय क्षेत्रों और विभिन्न सामाजिक संस्थानों में जागरूकता शिविर आयोजित कर आम लोगों को उनके कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।अभियान के तहत आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रमों में पीएलवी (पारा विधिक स्वयंसेवक) एवं न्याय मित्रों ने ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों को कानून से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सरल भाषा में उपलब्ध कराईं। कार्यक्रमों में श्रम कानून, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानूनों तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।शिविरों के दौरान लोगों को यह भी जानकारी दी गई कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक एवं जरूरतमंद व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों द्वारा पूछे गए कानूनी सवालों का मौके पर ही सरल और व्यवहारिक समाधान भी किया गया।इसके अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के सचिव श्री विश्वनाथ भगत ने बताया कि यह अभियान लगातार 90 दिनों तक संचालित किया जाएगा, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और कानूनी सहायता की पहुंच सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक जागरूकता बढ़ाना और लोगों को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।इस अवसर पर अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी श्री तुषार आनंद ने भी उपस्थित लोगों को विभिन्न विधिक अधिकारों एवं जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं अभियान को सफल बनाने में पारा विधिक स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही।लगातार चल रहे इस जागरूकता अभियान से ग्रामीण इलाकों में विधिक चेतना बढ़ रही है और लोगों का न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है।

## पाकुड़ में चोरों का आतंकः बैंक कॉलोनी में बंद घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़।** शहर में चोरी की बढ़ती घटनाओं ने आम जनमानस के बीच दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। ताजा मामला शनिवार देर रात का है, जहाँ नगर थाना क्षेत्र के बैंक कॉलोनी स्थित एक निर्माणाधीन मकान को चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर लगभग डेढ़ से दो लाख रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया।जानकारी के अनुसार, घर के मालिक सुभेन चंद्र शाहा का भतीजा घर की देखरेख करता था। वह शनिवार को परीक्षा देने के लिए बोकारो गया हुआ था। रविवार सुबह जब वह वापस लौटा, तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ देख दंग रह गया। घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस और गृहस्वामी को दी गई।पीड़ित परिवार ने बताया कि महज एक सप्ताह पहले ही सुभेन चंद्र शाहा की बेटी की शादी संपन्न हुई थी। चोरों ने अलमारी में रखे शादी के नए कीमती कपड़े चोरी कर लिए। इसके अलावा, घर में चल रहे काम के लिए बढ़ई मिस्त्री के रखे गए तमाम महंगे मशीनरी औजार और गैरेज में खड़े टेंपो (नंबर- BR10P B8767) की बैटरी भी निकाल ले गए।चोरी की सूचना मिलते ही नगर थाना के एएसआई अरुण ठाकुर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे और मामले की छानबीन की। पुलिस ने घर के अंदर बिखरे सामान और टूटे हुए तालों का मुआयना किया। एएसआई ने बताया कि फोन पर सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई थी और प्रथम दृष्टया यह योजनाबद्ध चोरी का मामला लग रहा है।गृहस्वामी सुभेन शाह वर्तमान में थाना में लिखित आवेदन देने की प्रक्रिया कर रहे हैं। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से पाकुड़ शहर में चोरी का सिलसिला लगातार बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों में पुलिस गश्ती को लेकर नाराजगी और असुरक्षा का भाव है। पुलिस का कहना है कि छानबीन जारी है और जल्द ही गिरोह का पर्दाफाश किया जाएगा।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### गोरहर में अलग अलग सड़क हादसे में दो चालक की मौत दो घायल

**बरकट्ठा**।गोरहर थाना क्षेत्र के गोरहर गांव के समीप सोमवार के सुबह में दो अलग अलग सड़क हादसे में दो वाहन एक ट्रक चालक शामिल है। पहली घटना एक टमाटर लदा वैन के अनियंत्रित होने से पलटकर खेत के नीचे गिरने से चालक की मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना फोरलेन के बाईपास सड़क में एक साथ चार ट्रकों के भिड़ंत से एक चालक की मौत हो गई। इनमें एक पिकअप वैन के और दूसरा एक ट्रक चालक शामिल है। मृतकों में पिकअप वैन चालक आदित्य सोरेन (23) पिता जगन्नाथ सोरेन ग्राम मेमारी, पूर्वी वर्द्धमान, पश्चिम बंगाल, मृतक ट्रक चालक जयकुमार राय (34) पिता लालजीत राय ग्राम मुकुंदर जिला वैशाली की शामिल है। जबकि घायलों में राहुल मरांडी (25) पिता पवन मरांडी ग्राम मेमारी, पूर्वी वर्द्धमान, सुरेन्द्र कुमार यादव शामिल है। घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

### एस.आई.आर को लेकर झामुमो नगर कमेटी सक्रिय, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर



**साहिबगंज**।झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नगर कमेटी की ओर से रविवार को मछुआ सोसाइटी परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष आदित्य यादव एवं संचालन नगर सचिव नुमान अंसारी ने संयुक्त रूप से किया।बैठक में जिला कमेटी की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में केंद्रीय समिति सदस्य सुरेंद्र यादव तथा मुख्य अतिथि के रूप में रामनाथ पासवान उपस्थित रहे। इसका मुख्य उद्देश्य बीएलए-2 कार्यकर्ताओं को एस.आई.आर से संबंधित जिम्मेदारियों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी देना था।इस दौरान वार्ड एवं बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि एवं पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए जमीनी स्तर पर लगातार सक्रिय रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर मजबूत संगठन ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। मौके पर धर्मराज मंडल, आलोक ओझा, गोपाल मंडल, विनीत पोद्दार, विवेक ओझा, पीयूष मंडल, सरिता देवी, दीपा देवी, वार्ड पार्षद रंजीत प्रसाद साह, अभिषेक कुमार, रमीज राजा, वारिस अनवर, तारीख अनवर शाह, कमर विनोद यादव, अंकित तंबाकूवाला, सिद्धनाथ शर्मा, हलचल यादव, मालू यादव, सोनू सिंह, विकास कुमार, आमिर सोहेल, शमशेर आलम, रंजीत दास, मुकेश दास, सुभाष यादव समेत बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नशे में कीटनाशक पीने से युवक की मौत

**जमशेदपुर**। सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के एग्रिको इलाके में युवक आकाश कुमार गोस्वामी (32) की जहरीला पदार्थ सेवन करने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शराब के नशे में उसने गलती से कीटनाशक पी लिया था। गंभीर हालत में उसे तत्काल टाटा मुख्य अस्पताल (टीएमएच) में भर्ती कराया गया, जहां दो दिनों तक जिंदगी व मौत के बीच संघर्ष करने के बाद शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार व आसपास के लोगों में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, घटना 07 मई की शाम की है। आकाश अपने घर पर था व उसने शराब का सेवन किया हुआ था। परिजनों के मुताबिक अत्यधिक नशे की हालत में उसे इस बात का अंदाजा नहीं रहा कि उसने पानी की जगह घर में रखा कीटनाशक उठा लिया। जहरीला पदार्थ शरीर में पहुंचते ही उसकी हालत अचानक बिगड़ने लगी। उसे उल्टियां होने लगीं व वह बेचैन होकर छटपटाने लगा। स्थिति गंभीर होते देख परिजन तुरंत उसे इलाज के लिए टाटा मुख्य अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती किया। डॉक्टरों की टीम लगातार उसकी निगरानी व इलाज में जुटी रही, लेकिन शरीर में जहर फैल जाने के कारण उसकी हालत में कोई खास सुधार नहीं हुआ। इलाज के दौरान उसकी स्थिति लगातार गंभीर बनी रही व आखिरकार शनिवार देर रात उसने दम तोड़ दिया। मृतक के छोटे भाई अमन कुमार गोस्वामी ने पुलिस को बताया कि यह पूरी तरह एक हादसा था। उन्होंने कहा कि आकाश नशे की हालत में था व उसे यह समझ नहीं आया कि वह पानी की जगह कीटनाशक पी रहा है। परिजनों ने बताया कि आकाश मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था व उसकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलने के बाद सिदगोड़ा थाना पुलिस टीएमएच पहुंची व शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी फैज अहमद ने बताया कि शुरूआती जांच में मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। परिजनों के बयान भी इसी ओर इशारा कर रहे हैं, फिर भी पुलिस सभी बिंदुओं की जांच कर रही है ताकि घटना की वास्तविक परिस्थितियों का स्पष्ट पता चल सके।

### मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने किया चार यूनिट रक्तदान

**गुमला**। मानवता की सेवा और सामाजिक सरोकारों में सदैव अग्रणी रहने वाले मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों ने एक बार फिर मिसाल पेश की है। शनिवार को स्थानीय सदर अस्पताल के ब्लड में मंच के चार ऊर्जावान सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान का 4 यूनिट एकत्रित किया। रक्तदान करने वाले सदस्यों में नवल अग्रवाल, मोहन साबू, भूषण नर्सरिया और अर्पित सचदेव शामिल थे। इन सदस्यों ने कहा कि हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन में नई उम्मीद जगा सकता है और यही हमारे लिए सबसे बड़ी संतुष्टि है। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच ने जिले की अन्य सामाजिक संस्थाओं और जागरूक नागरिक से अपील की कि वे नियमित रूप से रक्तदान शिविरों का आयोजन करें। मंच के रक्तदान प्रभारी रोहित खंडेलवाल अमित मंत्री उर्फ गोलू ने जोर देते हुए कहा कि थैलेसीमिया स्किल सेल एनीमिया और प्रसव(डिलेवरी) के दौरान महिलाओं को अक्सर रक्त की तत्काल आवश्यकता होती है। समय पर रक्त उपलब्ध होने से कई कीमती जान बचाई जा सकती है। रक्तदान केवल एक दान नहीं बल्कि जीवन का उपहार है। समाज के हर स्वस्थ व्यक्ति को इस महादान का हिस्सा बनना चाहिए। रक्तदान के इन पुनीत कार्य के दौरान ब्लड बैंक के लैब टेक्नीशियन राकेश सिंह और जिरेन सोरेन ने अपनी तकनीकी सेवाएं प्रदान की। साथ ही मौके पर मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष संजीव मालानी ने सदस्यों का उत्साहवर्धन करते नजर आए। अस्पताल प्रबंधन ने मंच के इस प्रयास की सराहना करते हुए इससे प्रेरणा दायित्व बताया।

## अंधेरे से मुक्त हुआ लोगांवः महीनों पुराने बिजली संकट का अंत, ग्रामीणों ने जताया आभार

नई सोच एक्सप्रेस



**महेशपुर (पाकुड़)**।प्रखंड की बाबुदहा पंचायत अंतर्गत लोगांव के ग्रामीणों के लिए रविवार का दिन खुशियों भरा रहा। लंबे समय से अंधेरे का सामना कर रहे इस गांव में झामुमो की केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी के प्रयासों से 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। ट्रांसफार्मर लगते ही गांव की बिजली आपूर्ति सुचारू हो गई है, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।ग्रामीणों ने बताया कि काफी समय पहले गांव का ट्रांसफार्मर जल गया था। बिजली नहीं होने के कारण न केवल दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त था, बल्कि सबसे बुरा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा था। शाम ढलते ही गांव में सन्नाटा पसर जाता था। कई बार शिकायत के बावजूद जब समाधान नहीं हुआ, तो ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से उपासना मरांडी को आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई थी।मामले की गंभीरता को देखते हुए उपासना मरांडी ने तुरंत बिजली विभाग के संबंधित अधिकारियों से संपर्क साधा और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई। ग्रामीणों ने उनकी कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि एक सच्चे जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने जनता के दर्द को समझा और केवल आश्वासन देने के बजाय धरातल पर काम करके दिखाया।नए ट्रांसफार्मर की स्थापना के बाद ग्रामीणों में भारी उत्साह है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उपासना मरांडी का यह प्रयास यह दर्शाता है कि वे जमीन से जुड़ी नेता हैं और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी वे इसी तरह जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देती रहेंगी। "बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं जनता का अधिकार हैं। लोगांव की समस्या की जानकारी मिलते ही मेरा लक्ष्य था कि जल्द से जल्द गांव को रोशन किया जाए। आगे भी क्षेत्र की समस्याओं को दूर करना मेरी प्राथमिकता रहेगी।" — उपासना मरांडी, सदस्य, केंद्रीय समिति (झामुमो)

## दारू थाना परिसर में जनप्रतिनिधि पत्रकारों के साथ बैठक, अपराध नियंत्रण पर जोर



नई सोच एक्सप्रेस

**दारू (हजारीबाग)**।दारू थाना के नए थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने थाना परिसर में जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों के साथ बैठक कर क्षेत्र की समस्याओं और अपराध नियंत्रण को लेकर चर्चा की। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि और पत्रकार जनता की आवाज होते हैं, इसलिए थाना और समाज के बीच बेहतर समन्वय बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। थाना प्रभारी ने कहा कि "हम जनता के टैक्स के पैसे से कार्य कर रहे हैं, इसलिए जनता की सुरक्षा और समस्याओं का समाधान हमारी जिम्मेदारी है।" उन्होंने भरोसा दिलाया कि दारू क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय रहेगी।बैठक में क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार, जानवर चोरी और मवेशियों की तस्करी जैसे मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए गए। जनप्रतिनिधियों ने थाना प्रभारी को इन घटनाओं की जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की। इस पर थाना प्रभारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि नशा कारोबारियों, पशु चोरों और तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा किसी भी अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में कहीं भी अपराध, नशा या अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत थाना को दें, ताकि पुलिस त्वरित कार्रवाई कर सके। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से ही क्षेत्र को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाया जा सकता है।

## पूर्व विधायक अकील अख्तर से मिले AIMIM नेता, संगठन की मजबूती पर हुआ मंथन

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़**।झारखंड में राजनीतिक सरगर्मी के बीच आज कोटालपोखर स्थित राजबाड़ा में अहम बैठक हुई। पूर्व विधायक जनाब अकील अख्तर के निजी आवास पर AIMIM के पूर्व प्रत्याशियों और राज्य के विभिन्न जिलों से आए वर्तमान व पूर्व पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान संगठन के विस्तार और भविष्य की रणनीतियों पर गहन चर्चा की गई। बैठक का मुख्य केंद्र आगामी चुनावों और पार्टी के आधार को जमीनी स्तर पर मजबूत करना रहा। उपस्थित नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि संगठन को बूथ स्तर तक ले जाना समय की मांग है। जनसंपर्क अभियान के जरिए जनता के बीच अपनी पैठ बढ़ाने और पार्टी के विस्तार को लेकर सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।सभी का स्वागत करते हुए पूर्व विधायक जनाब अकील अख्तर ने कहा कि AIMIM का मूल उद्देश्य हमेशा से गरीब, मजलूम और पिछड़ों के हक की लड़ाई लड़ना रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहाः"संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं। हमें आपसी एकता और सक्रियता के साथ जनता के मुद्दों को हर मंच पर उठाना होगा। जन-जन तक पार्टी की विचारधारा पहुँचाना हमारा लक्ष्य है।"विभिन्न जिलों से आए नेताओं ने अपने क्षेत्रों की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों की रिपोर्ट पेश की। नेताओं ने संकल्प लिया कि वे जनता की बुनियादी समस्याओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेंगे। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।यह कार्यक्रम अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें भारी संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चांदना गाँव का अंधेरा दूरः उपासना मरांडी की पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़िया (पाकुड़)**।प्रखंड क्षेत्र की बीचपहाड़ी पंचायत अंतर्गत चांदना गाँव के ग्रामीणों को लंबे समय से व्याप्त बिजली संकट से मुक्ति मिल गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी के अथक प्रयासों से गाँव में 25 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया गया है। ट्रांसफार्मर लगते ही पूरे गाँव में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है, जिससे ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।पिछले काफी समय से गाँव का पुराना ट्रांसफार्मर खराब पड़ा था, जिसके कारण ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर थे। बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई-लिखाई बाधित हो रही थी और मोबाइल चार्जिंग व पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि शाम होते ही पूरा गाँव अंधेरे के साये में डूब जाता था।गाँव की इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से उपासना मरांडी को एक मांग पत्र सौंपा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने बिना विलंब किए विद्युत विभाग के आला अधिकारियों से संपर्क किया और वस्तुस्थिति से अवगत कराया। उनकी सक्रियता और विभागीय समन्वय के कारण ही रिकॉर्ड समय में नया ट्रांसफार्मर स्वीकृत कराकर गाँव में अधिष्ठापित कराया गया।नया ट्रांसफार्मर लगने और बिजली की रोशनी वापस आने पर गाँव में उत्सव जैसा माहौल है। ग्रामीणों ने राहत की सांस लेते हुए उपासना मरांडी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उनकी सजगता के कारण ही गाँव की यह बड़ी समस्या हल हो सकी है। "जनता की समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता है। बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से किसी भी गाँव को वंचित नहीं रहना चाहिए। विभाग को निर्देश दिया गया है कि भविष्य में भी ऐसी समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई की जाए।"— उपासना मरांडी, सदस्य, केंद्रीय समिति (झामुमो)

## विकास की चमक में अंधेराः फोरलेन निर्माण से मस्जिद और घरों में घुसा पानी, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

नई सोच एक्सप्रेस



- » मस्जिद से ऊंची हो गई सड़क
- » जल निकासी का कोई प्रबंध न होने से 'पहाड़ गांव' के लोग परेशान
- » ग्रामीणों ने कहा- 'विकास का स्वागत है, लेकिन विनाश की कीमत पर नहीं'

**उधवा**।उधवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पतौड़ा पंचायत के पहाड़ गांव में शनिवार की रात हुई मूसलाधार बारिश ने प्रशासनिक अव्यवस्था और सड़क निर्माण कंपनी की तकनीकी खामियों को उजागर कर दिया है। उधवा- राजमहल फोरलेन (एनएच-80) सड़क निर्माण कार्य के तहत सड़क की ऊंचाई बढ़ाने के कारण स्थानीय जुमा मस्जिद और दर्जनों घर अब सड़क की सतह से नीचे हो गए हैं। साथ ही जल निकासी के लिए नाला नहीं होने के कारण बारिश का सारा पानी मस्जिद के अंदर घुस गया, जिससे स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि रविवार सुबह ग्रामीण फजर की नमाज तक अदा नहीं कर सके। इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण से पहले मस्जिद की ऊंचाई सड़क से पर्याप्त थी, लेकिन फोरलेन निर्माण के दौरान भारी मात्रा में मिट्टी और डस्ट डालने के कारण सड़क मस्जिद के फर्श से काफी ऊपर चली गई है। बिना किसी जल निकासी (नाली) के सड़क को ऊंचा कर देने से यह स्थान अब एक कृत्रिम 'गड्ढे' में तब्दील हो गया है। बीती रात हुई बारिश का पानी ढलान के कारण सीधे इबादतगाह और आवासीय घरों में जा घुसा। वहीं विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने अपनी बात बहुत ही सुलझे हुए ढंग से रखी। उन्होंने कहा, "हमें इस बात की बेहद खुशी है कि हमारे क्षेत्र में फोरलेन सड़क बन रही है और विकास का कार्य हो रहा है। विकास से क्षेत्र की प्रगति होगी, लेकिन विकास का अर्थ यह कतई नहीं होना चाहिए कि ग्रामीणों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाए। अगर सड़क ऊंची की गई है, तो उसके साथ पक्का नाला बनाना अनिवार्य था ताकि पानी घरों या मस्जिदों में न घुसे। **घंटों बाधित रहा यातायात**.......लापरवाही के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराते हुए ग्रामीणों ने सुबह एनएच-80 को पहाड़ गांव के पास जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यदायी संस्था सिर्फ सड़क की ऊंचाई बढ़ाने पर ध्यान दे रही है, जबकि किनारे बसे लोगों की सुविधाओं और सुरक्षा को पूरी तरह नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। सड़क पर पानी जमा होने और गड्ढों के कारण राहगीरों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। **प्रशासनिक हस्तक्षेप की मांग**.....सड़क जाम की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुँची। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि उनकी लड़ाई विकास के खिलाफ नहीं, बल्कि उस अधूरी योजना के खिलाफ है!

## क्राइम मीटिंग में एसडीपीओ ने दिए कड़े निर्देश, गश्ती और वाहन जांच बढ़ाने पर जोर



नई सोच एक्सप्रेस

**साहिबगंज**।रविवार को सदर एसडीपीओ कार्यालय कक्ष में एसडीपीओ किशोर तिर्की की अध्यक्षता में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न थाना प्रभारियों ने भाग लिया। इस दौरान एसडीपीओ ने बारी-बारी से सभी थाना क्षेत्रों में होने वाली घटनाओं की समीक्षा की तथा कई आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में वाहन जांच अभियान, नियमित गश्ती, लंबित मामलों एवं वारंटियों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। एसडीपीओ ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि थानों में आने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मामलों का जल्द निष्पादन सुनिश्चित करें। साथ ही गुंडा पंजी में शामिल अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए उनकी पूरी जानकारी तैयार करने को कहा गया। क्राइम मीटिंग के दौरान लंबित अनुसंधान, गैर जमानती वारंट, नोटिस तामिला एवं अन्य लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। आगामी ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने तथा पेट्रोलिंग बढ़ाने का निर्देश दिया गया। एसडीपीओ ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहनी चाहिए। बैठक में नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता, जीरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह, मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश पांडे, मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव, बोरियो थाना प्रभारी रोहित कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मातृशक्ति दिवस पर छलकी ममताः वृद्धाश्रम पहुँचीं जिप सदस्य पिंकी मंडल, माताओं का लिया आशीर्वाद

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़**।मातृशक्ति दिवस के अवसर पर सोनाजोड़ी स्थित वृद्धाश्रम में एक भावुक और आत्मीय दृश्य देखने को मिला। जिला परिषद सदस्य पिंकी मंडल ने अपना दिन उन माताओं के साथ बिताया, जो अपनों से दूर वृद्धाश्रम में जीवन व्यतीत कर रही हैं। उन्होंने वहाँ रह रही वृद्ध माताओं को न केवल सम्मानित किया, बल्कि उनके बीच मिठाई बांटकर खुशियाँ भी साझा कीं।पिंकी मंडल के वृद्धाश्रम पहुँचते ही वहाँ का माहौल पूरी तरह बदल गया। उन्होंने एक-एक कर सभी माताओं का हाल-चाल जाना और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। कई माताओं की आँखें इस अपनेपन को देखकर छलक उठीं। जिप सदस्य ने अपने हाथों से माताओं को मिठाई खिलाई, जिससे वृद्ध माताओं के चेहरे पर मुस्कान लौट आई।इस अवसर पर माताओं को संबोधित करते हुए पिंकी मंडल ने कहा कि माँ का स्थान संसार में सबसे ऊपर है। उन्होंने भावुक मन से कहाः"माँ तो माँ होती है, चाहे वह जन्म देने वाली हो या समाज में माँ का दर्जा रखने वाली। आज कई माताएँ वृद्धाश्रम में रह रही हैं और शायद उनका हाल पूछने वाला कोई नहीं है। इन माताओं की सेवा करना और इनके चेहरे पर मुस्कान लाना ही सच्चा मातृशक्ति दिवस है।"उन्होंने समाज के युवाओं और सक्षम लोगों से अपील की कि वे अपने बुजुर्गों का सम्मान करें। पिंकी मंडल ने संकल्प लिया कि वे इन माताओं की जरूरतों और देखभाल के लिए हमेशा तत्पर रहेंगी। वृद्धाश्रम की माताओं ने भी जिप सदस्य के इस नेक कार्य की सराहना की और उन्हें खूब सारा दुलार व आशीर्वाद दिया।

## नामुपाड़ा में युवक ने फंदे से लटककर दी जान, 12 वर्षीय बेटी और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल

नई सोच एक्सप्रेस



**पाकुड़**।नगर थाना क्षेत्र के नामुपाड़ा मोहल्ले में शनिवार रात एक हृदयविदारक घटना घटी। 34 वर्षीय युवक मो० मुख्तार शेख उर्फ बिक्की ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक माणिक शेख के पुत्र बताए जाते हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब 9 बजे मुख्तार शेख ने अपने ही घर में यह आत्मघाती कदम उठाया। घटना की खबर जैसे ही परिजनों को मिली, घर में कोहराम मच गया। शोर सुनकर आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए। बताया जाता है कि मृतक विवाहित था और उसकी एक 12 साल की मासूम बेटी है। पिता की मौत के बाद पत्नी और बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है।घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और शव को अपने कब्जे में लिया। रविवार सुबह करीब 11 बजे शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। स्थानीय लोगों और परिजनों के बीच हो रही चर्चाओं के अनुसार, इस दुखद कदम के पीछे पारिवारिक कलह को मुख्य कारण माना जा रहा है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि वे सभी संभावित पहलुओं पर गहन जांच कर रहे हैं।घटनास्थल पर नगर थाना पुलिस के साथ वार्ड संख्या 15 की पार्षद चंचल सिंह एवं उनके पति बबलू सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और इस कठिन समय में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।वर्तमान में नामुपाड़ा मोहल्ले में सन्नाटा पसरा हुआ है। मोहल्ले के लोग इस असामयिक मृत्यु से स्तब्ध हैं और उस मासूम बच्ची के भविष्य को लेकर चिंतित हैं, जिसके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया है।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

### बॉल बैडमिंटन संघ ने मंत्री राम कृपाल यादव को बधाई दी



**पटना।** बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव को मंत्री बनने पर बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर, संयोजक डॉ. अरुण दयाल, आजीवन सदस्य पुष्कर देव, शिशुपाल राय, डॉ. गौतम गांधी ने संयुक्त रूप से बुके प्रदान कर बधाई दी। बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर ने बताया कि सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने आश्वासन दिया कि बॉल बैडमिंटन खेल सहित अन्य खेलों के खिलाड़ियों व खेलों के विकास के लिए हमेशा की तरह मदद करेंगे।

### बिजली व्यापारियों के हित और स्वास्थ्य सुरक्षा पर केंद्रित रही बेटा की आम सभा



**पटना।** बिहार इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स एसोसिएशन की 12वी वार्षिक आम सभा आज अग्रसेन भवन, बैंक रोड, पटना में आयोजित की गई। इस अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों से 100 से अधिक बिजली व्यापारी आये थे। बिजली से संबंधित समस्याओं और समाज के कल्याण के मुद्दे पर भी बात विमर्श हुआ। बेटा अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल ने कहा आगामी वर्ष से बेटा अपने सदस्यो के मेधावी बच्चे को प्रोत्साहित राशि से पुरस्कृत किया जायगा। आज के समय स्वास्थय चिकित्सा पर बहुत खर्च आता है, इसके लिये आज एक हेल्थ कार्ड जारी किया गया जिस कार्ड के माध्यम से राजेन्द्र नगर स्थित मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी मे सदस्य व उनके स्टाफ को चिकित्सा ओ पी डी सुविधा दी जायगा, जिसका सारा खर्च एसोसियेशन वहन करेगी। सद्स्य के कर्मचारियो का मोतियाविन्द आपरेशन बेटा अपने खर्च से करवायेगी।मंच संचालन रमेश अग्रवाल, स्वागत दिनेश अग्रवाल ने किया।सचिव अमित जालान ने वर्ष भर के कार्य को रखा, कोषाध्यक्ष केशव अग्रवाल ने लेखा जोखा प्रस्तुत किया।धन्यवाद संदीप सरॉफ ने किया। बैठक में इलेक्ट्रिक एसोसिएशन के कार्यकारणी सदस्य, के अलावा देशबंधु गुप्ता, महाबीर अग्रवाल, हनुमान गोयल, राजेन्द्र मित्तल, तनसुख वैद जी, गीता जैन,विनोद अग्रवाल, दीपक सरॉफ, नवीन संचेती, मुनेश जैन, अनिल जी गया, रमेश मलहोत्रा, सत्येन्द्र जायसवाल राकेश बिड़ला, गोविन्द केजरीवाल साथ ही पटना के विभिन्न इलाकों से भी व्यापारी उपस्थित थे ।विशेषता यह रही कि बिहार के 15 जिलो से प्रतिनिधी उपस्थित थे। लगभग 500 सदस्यों का यह संगठन बिहार का दूसरा बड़ा संगठन है।

### शहीद मोहम्मद इम्तियाज की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**छपरा।** गड़खा प्रखण्ड के उच्च माध्यमिक विद्यालय कदना में रविवार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कश्मीर बॉर्डर पर शहीद हुए वीर चक्र सम्मानित शहीद मोहम्मद इम्तियाज की शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, सम्मान और देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल ने की, जबकि संचालन उदय कुमार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने शहीद मोहम्मद इम्तियाज को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने अदम्य साहस और जज्बे के साथ देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि सभी धर्म और समुदाय के लोग मिलकर उनके बलिदान का सम्मान करें तथा भाईचारे, एकता और इंसानियत का संदेश फैलाएं। स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री सुरेंद्र राम ने कहा कि शहीदों की पहचान धर्म, जाति या भाषा से नहीं होती, बल्कि उनकी पहचान देशभक्ति और राष्ट्र सेवा से होती है। उन्होंने कहा कि जब सीमा पर सैनिक खड़ा होता है, तब उसका एकमात्र धर्म देश की रक्षा करना होता है। प्रो. डॉ. लालबाबू यादव ने कहा कि शहीद मोहम्मद इम्तियाज केवल एक परिवार के नहीं, बल्कि पूरे देश के बेटे थे। उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा और बलिदान के लिए प्रेरित करती रहेगी। कार्यक्रम में शिक्षक शमीम अहमद, युवा कांग्रेस नेता राहुल कुमार यादव, शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह,राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अखिलेश्वर पाठक, दिनेश राय, शिक्षक सोहैल अख्तर, शिक्षक जहीर हुसैन, कुमार शैलेश, पूर्व मुखिया खुर्शीद सेराज, सलाम साह, आशिफ हुसैन, लक्ष्मण सिंह, कुणाल यादव, अनीष अंसारी, मोहम्मद प्रवेज, मनोहर राम, इम्तियाज परवेज, नेसार साहब, प्रधानाध्यापक भूषण सिंह, शब्बीर खान, राहुल राय, मो. नजीबुल, मोहन राम, ललन राम, मो. शहाबुद्दीन सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर तकनीकी नवाचार और आत्मनिर्भर भारत पर जोर

नई सोच एक्सप्रेस



**वाराणसी।** 11 मई को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में तकनीकी नवाचारों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह दिवस 1998 के सफल पोखरण-II परमाणु परीक्षणों की ऐतिहासिक उपलब्धि की याद दिलाता है और विज्ञान व तकनीक के क्षेत्र में देश की निरंतर प्रगति का प्रतीक है। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारत का तकनीकी इकोसिस्टम तेजी से विकसित हुआ है। क्वांटम संचार, अंतरिक्ष, जैव-प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु अनुकूल तकनीकों में भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और कलपक्कम स्थित स्वदेशी प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर की उपलब्धि भारत की तकनीकी आत्मनिर्भरता को मजबूत करती है। **वैश्विक नवाचार सूचकांक में सुधार:** भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में उल्लेखनीय छलांग लगाते हुए 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर 2025 में 38वां स्थान हासिल किया है। वहीं, स्वीकृत पेटेंट की संख्या भी तेजी से बढ़कर लगभग 1.5 लाख तक पहुंच गई है। देश में 1.5 लाख से अधिक स्टार्टअप्स सक्रिय हैं, जिनमें बड़ी संख्या AI, रोबोटिक्स और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में कार्यरत है। **जैव-अर्थव्यवस्था और हरित ऊर्जा में वृद्धि:** भारत की जैव-अर्थव्यवस्था एक दशक में 10 बिलियन डॉलर से बढ़कर 195 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। साथ ही गैर-जीवाश्म स्रोतों से ऊर्जा उत्पादन क्षमता 250 गीगावाट से अधिक हो चुकी है। **नीतिगत सुधारों से मिला बढ़ावा:** सरकार द्वारा स्टार्टअप इकोसिस्टम विस्तार, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी, राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (ANRF), बायोई3 नीति और 1 लाख करोड़ रुपये के अनुसंधान-विकास एवं नवाचार कोष जैसी पहलों से विज्ञान एवं नवाचार को नई गति मिली है। डॉ. सिंह ने कहा कि अब विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि बाजार और समाज तक पहुंच रहा है। सरकार नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सुधारों और अनुकूल वातावरण तैयार करने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। **350 से अधिक स्वदेशी डीप-टेक तकनीकों की प्रदर्शनी:** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर 11 मई 2026 को बीआरआईसी-राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान (NII) में राष्ट्रीय प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिसमें 14 मंत्रालयों एवं विभागों के अंतर्गत आने वाले संस्थान 350 से अधिक स्वदेशी डीप-टेक तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे। इनमें स्वास्थ्य, बायोफार्मा, अंतरिक्ष, कृषि, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, जलवायु और उन्नत इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि तेजी से वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में उभर रहा है। 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में विज्ञान, तकनीक और नवाचार की भूमिका निर्णायक होगी।

# मधुबनी के दो प्रमुख धार्मिक स्थलों के विकास हेतु टेंडर जारी

नई सोच एक्सप्रेस



» विश्वामित्र स्थान व कल्याणेश्वर महादेव मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण

**मधुबनी/बिहार।** मधुबनी जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के दो प्रमुख स्थलों — हरलाखी स्थित विश्वामित्र स्थान एवं कल्याणेश्वर महादेव मंदिर के विकास कार्य हेतु बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (बी एस टी डी सी) द्वारा टेंडर जारी कर दिया गया है। इससे जिले में धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को नई पहचान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा दोनों स्थलों के विकास एवं संरक्षण के लिए प्रस्ताव भेजा गया था, जिस पर कार्रवाई करते हुए पर्यटन विभाग ने विकास कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जारी टेंडर के अनुसार विश्वामित्र आश्रम के विकास एवं सौंदर्यीकरण पर लगभग 13.27 करोड़ रुपये तथा कल्याणेश्वर महादेव मंदिर के विकास कार्य पर करीब 13.60 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।विश्वामित्र स्थान को महर्षि विश्वामित्र की तपोभूमि माना जाता है, जबकि कल्याणेश्वर महादेव मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि दोनों स्थलों के विकास से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं व्यवसाय के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होने बताया कि परियोजना पूरी होने के बाद श्रद्धालुओं एवं पर्यटको को बेहतर आधारभूत सुविधाएं और आधुनिक पर्यटन सुविधाएं उपलब्ध

# आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के युग में यौवन को प्राप्त हुई हिन्दी, 'शब्द-सिद्ध' ही नहीं 'अक्षर-सिद्ध' भी थे महाकवि काशीनाथ पाण्डेय

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** महान स्वतंत्रता-सेनानी, पत्रकार और समालोचक आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी हिन्दी भाषा और साहित्य के महान उन्नायकों में सर्वाधिक वरेण्य व्यक्तित्व हैं। वे अपने युग की साहित्यिक और सांस्कृतिक चेतना को दिशा और दृष्टि प्रदान करने वाले युग-प्रवर्त्तक साहित्यकार थे। उनके विपुल और महान साहित्यिक अवदान के कारण ही, उनकी साहित्य-साधना के युग को हिन्दी साहित्य के इतिहास में 'द्विवेदी-युग' के रूप में स्मरण किया जाता है। आधुनिक हिन्दी को, यदि भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने अंगुली पकड़ कर चलना सिखाया तो यह कहा जा सकता है कि द्विवेदी जी के काल में वह पूर्ण-यौवना हुई। आधुनिक हिन्दी, जिसे खड़ी बोली भी कहा गया, को गढ़ने में असंदिग्ध रूप से आचार्यवर्य महावीर प्रसाद द्विवेदी का अद्वितीय अवदान है। यह बातें रविवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित जयंती-सह-स्मृति-सम्मान समारोह एवं कवि-सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। महाकवि काशीनाथ पाण्डेय को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि, 'बयाने-क्रौंच-ताईर' नाम की संसार की सबसे लम्बी कविता लिखने वाले पाण्डेय जी 'शब्द-सिद्ध ही नहीं, 'अक्षर-सिद्ध' महाकवि थे। उन्हें प्रत्येक अक्षर के अर्थों का ज्ञान था। दुनिया भर के शब्द-मणियों को उन्होंने अपने काव्य-साहित्य में पिरोया। समारोह के मुख्य अतिथि और राज्य उपभोक्ता संरक्षण आयोग, बिहार के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार ने कहा कि महान हिन्दी-सेवी महावीर प्रसाद द्विवेदी ने संस्कृत में आचार्य की उपाधि प्राप्त की और कवि-कुलगुरु रवीन्द्र नाथ टैगोर के सान्निध्य में साहित्य की सेवा आरम्भ की। पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति मान्धाता सिंह, सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा उपेन्द्रनाथ पाण्डेय, डा मधु वर्मा, डा रमेश पाठक,डा पूनम आनन्द, विभारानी श्रीवास्तव, डा पुष्पा जमुआर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर, वरिष्ठ साहित्यकार भगवती प्रसाद द्विवेदी, पद्मश्री श्याम शर्मा, राकेश प्रवीर, समाज-सेविका संजू सिंह तथा सायक देव मुखर्जी को 'महाकवि काशीनाथ पाण्डेय शिखर-सम्मान -२०२६' से विभूषित किया गया। 'महाकवि काशीनाथ पाण्डेय स्मृति प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों, अंश कुमार, आराध्या झा, शाश्वत, मुस्कान, शाइनी सिन्हा, दिव्या रानी (कनिष्ठ काव्य-पाठ), वेद प्रकाश, सत्यजीत गांगुली, लवली कुमारी, प्रीति आज़ाद, श्रुति कुमारी (वरिष्ठ काव्य-पाठ), गुड़िया कुमारी, मांशी कुमारी, मिशिका मयूरी, ( कनिष्ठ गीत/ग़ज़ल गायन), अंजलि कुमारी (वरिष्ठ गीत/ग़ज़ल गायन), शिवम् कुमार, मुस्कान कुमार, करिश्मा कुमारी, दीपिका कुमारी, पीहू कुमारी, अंशिका राज, (स्वतंत्र कनिष्ठ काव्य-पाठ), पूनम, दिव्या रानी, रंजन कुमार अमृतिनिधि, नन्दन कुमार (स्वतंत्र वरिष्ठ काव्य-पाठ), अंश (कनिष्ठ व्याख्यान) और विकास कुमार (वरिष्ठ व्याख्यान) को पुरस्कृत किया गया। सर्वाधिक पुरस्कार अर्जित करने के लिए इस वर्ष की 'सकल विजेता हस्तानान्तरणीय स्मृतिका' देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के माध्यम से आर्यभट्ट ज्ञान विश्व विद्यालय को प्राप्त हुई। अंतर्विद्यालयी स्तर पर यह स्मृतिका इंद्रप्रस्थ सिंह गंग-स्थली उच्च माध्यमिक बालिका ज्ञानपीठ को प्रदान की गयी। निर्णायक मण्डल में कवयित्री आराधना प्रसाद, नम्रता सिंह तथा पं अविनय काशीनाथ सम्मिलित थे। इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि डा रत्नेश्वर सिंह, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, सिद्धेश्वर, सागरिका राय, इन्दु उपाध्याय, मधु रानी लाल, डा एम के मधु, ई अशोक कुमार, डा अर्चना त्रिपाठी, कुमार अनुपम, डा प्रियम्वदा मिश्र, जय प्रकाश पुजारी, रेणु मिश्र, डा सुमेधा पाठाक, मृत्युंजय गोविंद, सुजाता मिश्र, इन्दु भूषण सहाय, डा आर प्रवेश, अर्जुन प्रसाद सिंह, वीणा कुमारी, दीपक कुमार गुप्त, पुनीता कुमारी श्रीवास्तव, दिव्य रानी, नन्दन कुमार, नीता सहाय, राज प्रिया रानी, संजय लाल चौधरी आदि कवियों और कवयित्रियों ने काव्य-पाठ कर आयोजन का सुंदर ऋृंगार किया ।

# तानसेन फेस्टिवल में बप्पी लहरी को संगीतमय श्रद्धांजलि, लाइव बैंड कॉन्सर्ट में बच्चों ने बांधा समां

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** तानसेन स्कूल ऑफ़ म्यूजिक एंड डांस द्वारा आयोजित तानसेन 10वाँ मेगा म्यूजिक एंड डांस फेस्टिवल 2025–26 के दूसरे दिन ए एन कॉलेज के सत्येंद्र नारायण सिन्हा ऑडिटोरियम में लाइव बैंड कॉन्सर्ट एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का पूरा आयोजन महान संगीतकार बप्पी लहरी को संगीतमय श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित रहा। कार्यक्रम में तानसेन के विद्यार्थियों ने गिटार, कीबोर्ड, ड्रम्स एवं मधुर गायन के माध्यम से बप्पी लहरी के लोकप्रिय गीतों की शानदार लाइव प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत संध्या की शुरुआत कन्हैया भजन से हुई, जिसने पूरे सभागार को भक्तिमय वातावरण में रंग दिया। इसके बाद बच्चों ने एक से बढ़कर एक सदाबहार गीतों की प्रस्तुति देकर तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। दर्शकों ने विद्यार्थियों की मंच प्रस्तुति, अनुशासन, तालमेल और संगीत प्रतिभा की जमकर सराहना की। इस अवसर पर तानसेन के सीईओ कैप्टन आशुतोष कुमार ने कहा कि संस्थान बच्चों को केवल संगीत और नृत्य की शिक्षा ही नहीं देती, बल्कि उन्हें आत्मविश्वासी व्यक्तित्व के रूप में तैयार करने का भी कार्य करती है। उन्होंने कहा कि मंच पर प्रस्तुति देने वाला बच्चा जीवन के हर क्षेत्र में निर्भीक होकर अपनी बात रखने में सक्षम बनता है। संस्थान से अब तक 35 हजार से अधिक बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया जिसमें तानसेनाइट ऑफ द ईयर का खिताब पाटलिपुत्र शाखा से सांभवी सिंह (विजेता), दिव्यांशी नारायण (रनर-अप), कंकड़बाग शाखा से (श्रीजा सिंह), इंद्राक्षी कुमार (रनर-अप), गोला रोड शाखा से हरकीरत सिंह (विजेता), प्रज्वल गिरी (रनर-अप) को मिला। वहीं बेस्ट सिंगर अवार्ड पार्थवी मोरे, साक्षी सुमन, अंश श्री, आदि शक्ति के नाम रहा। जबकि बेस्ट कथक डांसर अवार्ड आन्वी सिंह, शौर्य सिंह को मिला। बेस्ट भरतनाट्यम डांसर निकिशा आन्या, यश्वी प्रिया, अनन्या शांभवी, पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर आद्या देव, श्राव्या वर्मा, कौस्तुभ कुमार, अद्विका कांती, आराध्या सूर्यवंशी, आदर्श कौशल व सेजल सान्वी को मिला।

# अम्बेडकर का सपना पूरा करें- बसपा



नई सोच एक्सप्रेस

» दानापुर में बसपा की बैठक मैं शामिल कार्यकर्ता

**दानापुर।** रविवार को बहुजन समाज पार्टी की पटना यूनिट की बैठक दानापुर में पूर्व विधान सभा अध्यक्ष अनिल दास के आवास पर आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता पटना बसपा जिलाध्यक्ष राम प्रवेश यादव किया । बैठक में संगठन को बुथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा की गयी । अनिल दास को दानापुर विधान सभा की अध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाया गया । वही दानापुर के विधान सभा के अध्यक्ष-विजय कुमार यादव एवं प्रभारी -अनिल दास का बनाया गया । बाद में समारोह को संबोधित करते जिलाध्यक्ष राम प्रवेश यादव ने कहा कि बसपा को बुथ स्तर तक मजबूत कर संविधान निर्माता डा भीमराव अम्बेडकर का सपना पूरा करें । गांव में आपसी सहमति से भाईचारे कमिटी गठित कर अम्बेडकर साहब की संदेश को जन- जन तक पहुंचाये । मौके पर जोन प्रभारी सुषमा कुमारी , जिलाध्यक्ष-राम प्रवेश यादव, जितेंद्र दास, अनिल दास,रामू राम, विजय कुमार यादव, अशोक दास , टेंगर रविदास, सुरजन प्रसाद पासवान दीनानाथ दास एवं संजय कुमार भारती समेत कई कार्यकर्ता शामिल थे ।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

!!मदर्स-डे!!

1 पीएम का आज 3 राज्यों का दौरा,बेंगलुरु में आर्ट ऑफ लिविंग का कार्यक्रम,वारंगल में 'पीएम मित्र पार्क' का इनॉगरेशन;रात में गुजरात रुकेंगे

2 विजय आज तमिलनाडु CM की शपथ फ़िल्मी अंदाज मे लिए,60 साल बाद गैर द्रविड़ दल का सीएम;TVK का कांग्रेस सहित 5 पार्टियों से गठबंधन

3 दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट, इंटेलिजेंस बोली:गोलीबारी और आत्मघाती हमला भी हो सकता है,भाजपा हेडक्वार्टर-सरकारी इमारतों की सुरक्षा बढ़ाई

4 योगी सरकार में शामिल हुए 6 नए मंत्री,मनोज पांडेय को मिली जगह,भूपेंद्र चौधरी,सुरेंद्र दिलेर और कृष्णा पासवान का नाम भी फाइनल

5 अग्नि की एडवांस मिसाइल का सफल परीक्षण,एक से ज्यादा परमाणु हथियार ले जा सकती है,एक साथ कई टारगेट पर निशाना लगाने की टेक्नोलॉजी

6 दुनियाभर में खाने-पीने की चीजें 3 साल में सबसे महंगी, अमेरिका-ईरान जंग से सप्लाई चेन टूटने का असर,UN बोला:अभी और बढ़ेंगे दाम

7 असम:विधायक दल के नेता चुने जाएंगे हिमंत,12 को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ;PM भी रहेंगे मौजूद

8 अब दक्षिण के राज्यों पर BJP की नजर,तमिलनाडु में अपनाएगी बंगाला वाला फॉर्मूला

9 पूर्व IAS अधिकारी सुब्रत गुप्ता बने बंगाल CM शुभेंदु अधिकारी के सलाहकार,बंगाल चुनाव में निभाई थी महत्वपूर्ण भूमिका

10 वैभव सूर्यवंशी के टी-20 में सबसे तेज 100 छक्के,गुजरात की सबसे बड़ी IPL जीत; जडेजा ने बटलर का विकेट जेब में डाला

11 मध्य प्रदेश समेत 4 राज्यों में बारिश, बिहार में ओले गिरे; राजस्थान में आंधी से एक शख्स की मौत, बाड़मेर 45.7°C के साथ सबसे गर्म

12 अमेरिका-ईरान अगले हफ्ते फिर इस्लामाबाद में बातचीत कर सकते हैं,ट्रम्प बोले:ईरान के जवाब का इंतजार;तेहरान ने न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकने की मांग ठुकराई

13 मॉस्को से बड़ा बयान:पुतिन को भरोसा,जल्द खत्म होगा सैन्य टकराव;शांति वार्ता की ओर बढ़ रहे कदम

14 शुभेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी ने 98 साल के माखनलाल सरकार के छुए पैर

15 तमिलनाडु में 'थलपति' का राज: राज्यपाल ने TVK प्रमुख विजय को नियुक्त किया मुख्यमंत्री,आज लिए शपथ

16 विपक्ष की भूमिका निभाएगी द्रमुक,सरकार के गठन में नहीं बनेगी बाधा:स्टालिन

17 होर्मुज के पास आग लगते ही पलटा Indian क्रू वाला जहाज,एक भारतीय की मौत व चार झुलसे

18 ड्रग तस्करों के खिलाफ बड़ा फैसला, मौत के बाद नहीं पढ़ी जाएगी जनाजे की नमाज

19 हो गया ऐलान! भारत ने एडवांस्ड अग्नि मिसाइल का सफल परीक्षण किया,MIRV से है लैस

20 अग्नि की एडवांस मिसाइल का सफल परीक्षण,एक से ज्यादा परमाणु हथियार ले जा सकती है,एक साथ कई टारगेट पर निशाना लगाने की टेक्नोलॉजी

21 पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा हुए अरेस्ट,ED ने लिया बड़ा एक्शन

22 बाप-बेटी के सिर पर रोड रोलर चढ़ने का VIDEO,बठिंडा में बजरी से स्लिप हुई स्कूटी,बीच रोड पर गिरे,पिता की मौत,बेटी गंभीर

23 AIIMS के प्रोफेसर बोले:हंतावायरस से डरने की जरूरत नहीं, ये कोविड जैसा नहीं, अटलांटिक में क्रूज शिप पर 2 भारतीय पॉजिटिव पाए गए

24 ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्रोफाइल के बायो बदले,मुख्यमंत्री की जगह 15वीं,16वीं, 17वीं विधानसभा का सीएम और TMC फाउंडर लिखा

25 पाक ने गुजरात से कश्मीर तक 900 ड्रोन दागे थे,ऑपरेशन सिंदूर में सब तबाह; पाक-चीन-तुर्किये तिकड़ी के 4 मंसूबे चौपट

26 अहमदाबाद के परिवार का लंदन भेजने के नाम पर अपहरण,दुबई पहुंचने के बाद संपर्क टूटा; एजेंट ने बेटे की फोटो भेजकर 1 करोड़ मांगे

27 ममता बनर्जी की पार्टी में भारी फूट, विधायक दिखा रहे बागी तेवर;निशाने पर अभिषेक

28 दिल्ली में हाई अलर्ट;टेरर इनपुट पर BJP मुख्यालय समेत कई जगहों की सुरक्षा बढ़ी

29 प्रक्रिया न्याय की दासी है,उसे मूल अधिकारों को हराने की अनुमति नहीं; इलाहाबाद HC का किरायेदारी विवाद पर अहम फैसला

30 तमिलनाडु में टूटा 'INDIA' गठबंधन? TVK को कांग्रेस के समर्थन से भड़के स्टालिन

31 कौन होगा केरलम का CM? खड़गे-राहुल के हाथों में आखिरी फैसला,3 घंटे तक दिल्ली में चली मीटिंग

32 रूस-यूक्रेन युद्ध का अंत करीब,व्लादिमीर पुतिन का बड़ा बयान,कहा:इसके लिए पश्चिमी अभिजात वर्ग जिम्मेदार

33 पश्चिम बंगाल में 'डबल इंजन' युग का आगाज,सुवेंदु अधिकारी ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ;दिलीप घोष समेत 5 मंत्री बने

34 पाकिस्तानी बेस पर चीनी इंजीनियर्स की मौजूदगी,भारत के खिलाफ तकनीकी सपोर्ट का दावा

35 भारत के अगले सीडीएस फिर थल सेना से नियुक्त,सीधे डोभाल कार्यालय से हुई नियुक्ति

36 गुजरात ने 7वीं जीत से प्लेऑफ का ठोका दावा,77 रन की हार से राजस्थान टॉप-4 से बाहर

37 ममता बनर्जी ने थलपति विजय को तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी

38 बिहार में 11 IAS और 16 IPS अफसरों के तबादले,ADG लॉ एंड ऑर्डर बने सुधांशु कुमार

39 तमिलनाडु में लॉ एंड ऑर्डर पर CM विजय सख्त,बुलाई समीक्षा बैठक

40 यूपी में कैबिनेट विस्तार में नाम नहीं होने पर BJP विधायक आशा मौर्य नाराज;CM की शपथ लेने के बाद विजय ने तिरुचिरापल्ली ईस्ट सीट से इस्तीफा दिया,पेरम्बूर से MLA बने रहेंगे

संक्षिप्त समाचार

## जमीन सर्वे की त्रुटियों के खिलाफ भाजपा छेड़ेगी आंदोलन, पंचायत चुनाव 2027 की तैयारी शुरूः मनीर उरांव



**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी लातेहार जिला इकाई की महत्वपूर्ण जिला मासिक बैठक रविवार को जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के पितृ पुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बंसी यादव ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश मंत्री मनीर उरांव उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष बंसी यादव ने विषय प्रवेश कराते हुये कहा कि वर्तमान में लातेहार जिले में जमीन सर्वे के नाम पर भारी अनियमितता बरता जा रहा है। 20-30 साल पहले बिक चुकी जमीनें फिर से पुराने रैयत के नाम पर दर्ज हो रही हैं, जिससे गांवों की शांति भंग हो रहा है और यह स्थिति खून-खराबे को आमंत्रण दे रही है। उन्होनें स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन ने इन त्रुटियों को अविलंब नहीं सुधारा तो भाजपा उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। प्रदेश मंत्री मनीर उरांव जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि राज्य की हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पंचायत चुनाव 2027 को लक्ष्य मानकर अभी से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं, विशेषकर जमीन और बिजली-पानी के मुद्दों पर भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता ढाल बनकर खड़ा रहे। बैठक को मनिका के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजधानी प्रसाद यादव, पंकज सिंह एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सह अधिवक्ता राजीव रंजन पाण्डेय ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने संगठन की मजबूती और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों पर कड़ा प्रहार किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला महामंत्री अमलेश सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री छोटू राजा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा कल्याणी पांडे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा मंजु सिंह, जिला परिषद सदस्य सरोज देवी, जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, ईश्वरी सिंह, अनिल सिंह, उषा देवी, रेणु देवी, जिला मंत्री ध्रुव कुमार पांडे, मुकेश पांडे, आशा लकड़ा, जिला कोषाध्यक्ष विष्णु देव गुप्ता, कन्हाई पासवान, रानी देवी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री अर्पणा सिंह, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अश्विनी सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य लव कुमार दुबे, रामदेव सिंह, अरविंद भगत, सुनील तिवारी, मंजू देवी, माया देवी, उषा पांडेय, मंडल अध्यक्ष पिंटू रजक, राजकुमार सिंह, मनदीप कुमार, प्रशांत सिंह, अमित कुमार, अखिलेश भोक्ता, आशीष सिंह, मनोज प्रसाद सहित जिले के सैकड़ों सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा मंच ने साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में सैकड़ों जरूरतमंदों को कराया भोजन




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब जरूरतमंदों को भोजन कराया। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने सैंकड़ों गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष और बच्चों के बीच पाव-भाजी का वितरण कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने बताया कि भोजन वितरण का कार्य 3 जुलाई 2016 दिन रविवार से शुरू हुआ था, जो निरंतर जारी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा जरूरतमंदों की सेवा का यह कार्य जन सहयोग के माध्यम से पिछले 10 वर्षों से लगातार जारी है, जो आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि मंच का उद्देश्य ही जरूरतमंदों की सेवा और सामाजिक कार्यों में योगदान देना है। अध्यक्ष श्री सिंह ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, गौरी शंकर महतो, सुकरा करमाली, लालू उरांव, शुक्रा करमाली, गौरी शंकर महतो, सरिता देवी, रेणुका दास, लखन राम सहित कई लोगों का योगदान रहा।

## विधायक राज सिन्हा का 24 घंटे का अनशन उपायुक्त एवं बीसीसीएल के महाप्रबंधक से वार्ता के बाद स्थगित



**धनबाद।** केंदुआडीह थाना मोड़, राजपूत बस्ती के समीप गैस रिसाव एवं भूधंसान की घटना के बाद पिछले लगभग 27 दिनों से धनबाद–बोकारो मुख्य सड़क को जिला प्रशासन एवं बीसीसीएल द्वारा बंद कर छोड़ दिया गया है। साथ ही प्रभावित परिवारों के सुरक्षित पुनर्वास की मांग को लेकर केंदुआपुल, पुटकी, लोयाबाद, छाताटांड़, मटकुरिया एवं बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स, थोक वस्त्र विक्रेता संघ तथा क्षेत्र के आमजनों के अनुरूप झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा के नेतृत्व में "कोयलांचल बचाओ संघर्ष समिति" के बैनर तले पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 09 मई से 24 घंटे का अनशन प्रारंभ किया गया था। वहीं अनशन के दौरान धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन ने विधायक राज सिन्हा से दूरभाष पर वार्ता करते हुए सोमवार को तकनीकी रिपोर्ट एवं खतरे का आकलन कर उचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। वहीं बीसीसीएल के महाप्रबंधक ने भी अनशन स्थल पर पहुंचकर विधायक सिन्हा से वार्ता की। इसके उपरांत रविवार को 24 घंटे पूर्ण होने पर चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं विभिन्न व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों ने विधायक राज सिन्हा को नारियल पानी पिलाकर अनशन समाप्त कराया। इस आंदोलन को क्षेत्र के आमलोगों, व्यापारियों, मजदूरों, महिलाओं तथा भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ।

# मदर्स डे : मां के सम्मान और संवेदना का दिन:गीतावली सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस



मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि प्रेम, त्याग, धैर्य और ममता का सबसे सुंदर रूप है। संसार में यदि किसी रिश्ते को सबसे निस्वार्थ माना गया है, तो वह मां का रिश्ता है। एक मां अपने बच्चे के जन्म से पहले ही उसके लिए सपने देखना शुरू कर देती है और जीवनभर उसके सुख-दुख में साथ खड़ी रहती है। इसी मातृत्व, समर्पण और प्रेम को सम्मान देने के लिए हर वर्ष मई महीने के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। इस वर्ष मदर्स डे 10 मई को मनाया जा रहा है। मदर्स डे केवल उपहार देने या औपचारिक शुभकामनाएं देने का दिन नहीं है, बल्कि यह मां के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर है। मां अपने बच्चों के लिए अनगिनत त्याग करती है। वह परिवार की आधारशिला होती है। चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, मां अपने बच्चों को सुरक्षित और खुश रखने का हर संभव प्रयास करती है। बच्चे के जीवन की पहली शिक्षक भी मां ही होती है। वह उसे बोलना, चलना, संस्कार और जीवन के मूल्य सिखाती है। आज के आधुनिक और व्यस्त जीवन में लोग अपने कामकाज और जिम्मेदारियों में इतने व्यस्त हो गए हैं कि परिवार के लिए समय निकालना कठिन होता जा रहा है। ऐसे समय में मदर्स डे हमें यह याद दिलाता है कि हमें अपनी मां के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करने के लिए समय निकालना चाहिए। एक छोटा-सा धन्यवाद, कुछ पल साथ बिताना या मां की भावनाओं को समझना भी उनके लिए सबसे बड़ा उपहार बन सकता है। भारतीय संस्कृति में मां को देवी के समान माना गया है। हमारे यहां कहा गया है— "मातृ देवो भवः", अर्थात मां देवता के समान पूजनीय है। मां केवल परिवार को संभालती ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एक शिक्षित और संस्कारी मां पूरे परिवार को सही दिशा देने की क्षमता रखती है। मदर्स डे का महत्व आज इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि बदलते सामाजिक परिवेश में बुजुर्गों और माता-पिता के प्रति संवेदनाएं कम होती दिखाई दे रही हैं। कई बार मां-बाप अकेलेपन का जीवन जीने को मजबूर हो जाते हैं। ऐसे में यह दिन हमें अपने कर्तव्यों और रिश्तों की अहमियत समझाने का संदेश देता है। अंततः, मां का ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता। उनका प्रेम अनमोल और अतुलनीय होता है। मदर्स डे हमें यह प्रेरणा देता है कि हम केवल एक दिन ही नहीं, बल्कि हर दिन अपनी मां का सम्मान करें, उनकी भावनाओं का आदर करें और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास करें। मां का आशीर्वाद ही जीवन की सबसे बड़ी ताकत और सबसे बड़ा धन है।

## श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में मनाया गया मदर्स डे




नई सोच एक्सप्रेस

**खूंटी।** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में रविवार को मदर्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपनी माताओं के सम्मान में केक काटकर खुशियां साझा कीं व आकर्षक ग्रीटिंग कार्ड बनाकर उन्हें समर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मां के प्रति अपने प्रेम, सम्मान व भावनाओं को व्यक्त किया। कई छात्रों ने कविता, भाषण व संदेशों के माध्यम से मां के त्याग, स्नेह व प्रेरणा को याद किया। छात्रा अंजलि, रचना व रिया ने अपने भाषण के माध्यम से मां के महत्व का बखान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों ने मातृत्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा होता है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक-सह-शिक्षक सकलदीप भगत ने कहा, मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती हैं। उनका त्याग, संघर्ष व प्रेम हमें हर परिस्थिति में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी माताओं का आदर करने तथा उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

## फिरदौस बाबा ने नशा मुक्त भारत अभियान को अपना समर्थन बढ़ाया

नई सोच एक्सप्रेस



» इस बुराई को रोकने के लिए सामूहिक प्रयासों की अपील

आवामी इत्तेहाद पार्टी (AIP) के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता फिरदौस बाबा ने "नशा मुक्त भारत अभियान" के तहत नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ सरकार की मुहिम का पुरजोर समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के सेवन की बढ़ती समस्या समाज, खासकर युवाओं के लिए गंभीर खतरा है और इसके लिए समाज के सभी वर्गों से सामूहिक और निरंतर प्रतिक्रिया की जरूरत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे अभियान जागरूकता पैदा करने, पुनर्वास को बढ़ावा देने और नशीले पदार्थों के प्रसार को हतोत्साहित करने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने आगे समुदाय के नेताओं, नागरिक समाज के सदस्यों और परिवारों से अपील की कि वे युवा पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें। फिरदौस बाबा ने धार्मिक विद्वानों से भी आग्रह किया कि वे अपनी भूमिका निभाएं, लोगों से पुलिस और नागरिक प्रशासन का सहयोग करने की अपील करें और अपने उपदेशों में इस मुद्दे पर बात करें। फिरदौस बाबा ने दोहराया कि AIP नशीली दवाओं के दुरुपयोग को खत्म करने और एक स्वस्थ, सुरक्षित समाज सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी रचनात्मक उपायों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जमीनी स्तर पर कार्यान्वयन को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने की भी मांग की कि जागरूकता और पुनर्वास कार्यक्रम सबसे कमजोर वर्गों तक पहुंचें। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक योगदान देने की अपील की।

## एसएसबी 47 वी वाहनी के जवान ने रक्तदान कर प्रसव पीड़ा से तड़पती अज्ञात महिला की बचाई जान

नई सोच एक्सप्रेस

**रक्सौल।** एसएसबी सीमा सुरक्षा के साथ -साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में सेवा सुरक्षा व बंधुत्व की भाव भी जागृत कर रही है ,इसके साथ ही सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन कर रही है। जरूरत पड़ने पर एसएसबी जवान अपना खून देकर मरीजों का जान भी बचा रहे है। वैसी ही वाक्या आज डंकन हॉस्पिटल रक्सौल में देखने को मिला । प्रसव पीड़ा से तड़पती एक अज्ञात महिला को खून देकर जवान ने एक साथ दो जिंदगियां बचाई ।डंकन हॉस्पिटल, रक्सौल के वरिष्ठ चिकित्सक द्वारा एसएसबी 47 वी वाहनी के कमांडेंट (चिकित्सक )डॉक्टर निशि कान्त को सूचना दी गई कि एक अज्ञात महिला जो कि प्रसव हेतु अस्पताल में भर्ती है जो गम्भीर स्थिति में है ,उसे एबी नेगेटिव ब्लड की सख्त जरूरत है, ।तत्पश्चात एसएसबी 47 वी वाहनी रक्सौल के कमांडेंट



संजय पाण्डेय के निर्देशानुसार, मुख्य आरक्षी (संचार) अंकित कुमार ने डंकन अस्पताल पहुंच कर स्वेच्छा पूर्वक रक्तदान किया,और प्रसव पीड़ा से तड़पती महिला की न सिर्फ जान बचाई बल्कि उक्त महिला का सफल प्रसव भी कराया गया । इस तरह एक साथ दो जिंदगियां बचाई गई। एसएसबी की इस कार्य की सर्वत्र चर्चा हो रही है,इससे पहले भी कई बार जब -जब जरूरत पड़ी है, जवानों ने रक्तदान कर कई जिंदगिया बचाई है।

» एसएसबी कमांडेंट संजय पांडेय के निर्देश पर मुख्य आरक्षी अंकित कुमार डंकन हॉस्पिटल पहुच स्वेच्छा से किया रक्तदान

# मदर्स डे : मां के प्रेम, त्याग और समर्पण को समर्पित दिवस :निशा श्रीवास्तव

नई सोच एक्सप्रेस



मदर्स डे अर्थात मातृ दिवस दुनिया भर में माताओं के सम्मान और उनके प्रति प्रेम एवं कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए मनाया जाने वाला विशेष दिवस है। मां केवल एक शब्द नहीं, बल्कि त्याग, ममता, करुणा और निस्वार्थ प्रेम का प्रतीक होती है। वह अपने बच्चों के जीवन की पहली गुरु, मार्गदर्शक और सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। मां अपने परिवार की खुशियों के लिए हर कठिनाई को सहन करती है और बिना किसी स्वार्थ के अपने बच्चों का पालन-पोषण करती है। इसलिए मां का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा माना गया है। हर वर्ष मई महीने के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। इस दिन बच्चे अपनी मां के प्रति प्रेम व्यक्त करने के लिए उन्हें उपहार, फूल, शुभकामना कार्ड और विशेष संदेश देते हैं। कई लोग अपनी मां के साथ समय बिताते हैं, उन्हें बाहर घुमाने ले जाते हैं या उनके पसंदीदा व्यंजन बनाकर उन्हें खुश करने का प्रयास करते हैं। विद्यालयों और विभिन्न संस्थानों में भी मदर्स डे के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता और निबंध लेखन जैसे आयोजन किए जाते हैं। मां बच्चे की पहली शिक्षिका होती है। वह उसे बोलना, चलना, संस्कार और जीवन के मूल्य सिखाती है। मां अपने बच्चों को सही और गलत का अंतर समझाती है तथा उन्हें ईमानदारी, मेहनत और अनुशासन का पाठ पढ़ाती है। जब बच्चा किसी कठिनाई में होता है, तब मां ही उसे सबसे पहले सहारा देती है और उसका आत्मविश्वास बढ़ाती है। मां का स्नेह और आशीर्वाद जीवन की सबसे बड़ी शक्ति होती है। आज के आधुनिक और व्यस्त जीवन में लोग अपने कामों में इतने व्यस्त हो गए हैं कि कई बार वे अपने माता-पिता को पर्याप्त समय नहीं दे पाते। ऐसे समय में मदर्स डे हमें यह याद दिलाता है कि हमें अपनी मां का सम्मान केवल एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन करना चाहिए। मां ने हमारे लिए जो त्याग किए हैं, उनका ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता, लेकिन हम अपने व्यवहार, सम्मान और प्रेम से उन्हें खुश जरूर रख सकते हैं। समाज और राष्ट्र निर्माण में भी मां की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक अच्छी मां अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देकर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाती है। मां के संस्कार ही बच्चों के भविष्य और समाज की दिशा तय करते हैं। इसलिए मां का सम्मान करना पूरे समाज का सम्मान करना है। निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि मदर्स डे केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि मां के प्रेम, त्याग और समर्पण को नमन करने का अवसर है। हमें अपनी मां की भावनाओं को समझना चाहिए और हर परिस्थिति में उनका साथ देना चाहिए। मां का प्रेम दुनिया का सबसे अनमोल उपहार है, जिसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। वास्तव में, मां का स्थान जीवन में सबसे सर्वोच्च और पूजनीय होता है।

## वरीय अधिवक्ता की पत्नी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने के लिए पहुंचे तेजस्वी यादव



वरिए अधिवक्ता के पत्नी के श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव

नई सोच एक्सप्रेस

**दानापुर।** रविवार को दानापुर व्यवहार न्यायालय के वरीय अधिवक्ता सह विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार यादव की पत्नी कुमुद देवी के श्राद्धकर्म सह श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने के लिए प्रतिपक्ष के नेता सह पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव उनके घर पहुंचे और उनकी चित्र पर माल्यार्पण कर आत्मा को शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए। उन्होंने शोकाकुल परिवार को सांत्वना दिया। इस मौके पर विधायक श्याम रजक ने भी मृतका के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनकी पुण्यआत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विदित हो कि वरिय अधिवक्ता शिवकुमार यादव की पत्नी कुमुद देवी की विगत 28 अप्रैल को स्वर्गवास हो गया था। इस अवसर पर पूर्व विधायक आशा सिंहा, वरिष्ठ राजद नेता रामपनी मुखिया, पूर्व प्रखंड प्रमुख मनोज राय पूर्व मुखिया अशोक राय, वार्ड पार्षद अनिल राय समेत दानापुर व्यवहार न्यायालय के कई अधिवक्ता श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए।

## र्गीय सुशीला देवी के निधन से समूचे क्षेत्र में शोक एवं संवेदना की लहर

नई सोच एक्सप्रेस




**सोनपुर (सारण)।** क्षेत्र की अत्यंत सम्मानित, धर्मपरायण एवं समाजसेवी महिला स्वर्गीय सुशीला देवी के आकस्मिक निधन से समूचे क्षेत्र में गहरा शोक एवं संवेदना व्याप्त हो गया है। उनके निधन का समाचार मिलते ही परिजनों, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार 30 अप्रैल 2026 को गंगा घाट पर पूरे वैदिक रीति-रिवाज, मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। स्वर्गीय सुशीला देवी अपने अत्यंत सरल, सौम्य, मृदुभाषी एवं स्नेहमयी व्यक्तित्व के लिए जानी जाती थीं। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में उनकी विशेष रुचि एवं सक्रिय सहभागिता रही। वे सदैव लोगों के सुख-दुःख में सहभागी बनकर समाज में मानवीय मूल्यों एवं पारिवारिक संस्कारों की मिसाल प्रस्तुत करती थीं। उनके निधन को परिवार एवं समाज के लिए अपूरणीय एवं अत्यंत पीड़ादायक क्षति माना जा रहा है। स्वर्गीय सुशीला देवी, भा०पु०से० अधिकारी एवं सशस्त्र सीमा बल, पटना में महानिरीक्षक के महत्वपूर्ण पद पर कार्यरत निशीत कुमार उज्ज्वल की पूजनीय माताजी थीं। उनके निधन की सूचना मिलते ही प्रशासनिक, सामाजिक एवं बुद्धिजीवी वर्ग से जुड़े लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है। दिवंगत आत्मा की शांति एवं पुण्य स्मृति में परिवार द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं श्राद्ध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 मई को दशकर्म, 13 मई को पगड़ी, चादर, ब्रह्मभोज एवं सहभोज तथा 14 मई को कच्ची भोज (भतवान) का आयोजन किया जाएगा। शोकाकुल परिवार ने सभी इष्ट-मित्रों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों से उक्त कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करने की विनम्र अपील की है। शोकाकुल परिवार में ओम प्रकाश राय, अशोक कुमार नागमणि, डॉ० मनोज कुमार सिन्हा, ब्रजेश कुमार राय, प्रमोद कुमार यादव, संदीप कुमार सहित अन्य परिजन शामिल हैं।

## गढ़वा में मैजिक-ऑटो की टक्कर, 15 से अधिक लोग घायल

नई सोच एक्सप्रेस

**गढ़वा।** जिला के श्री बंशीधर नगर-भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर रविवार दोपहर हुए सड़क हादसे में 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दहेड़िया के पास मैजिक वाहन व ऑटो के बीच हुई जोरदार टक्कर के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। पुलिस के मिली जानकारी के अनुसार, केतार थाना क्षेत्र के छाताकुंड गांव से लोग ऑटो पर सवार होकर श्री बंशीधर नगर के कुंबा गांव निवासी बालरूप उरांव की पुत्री का छेका करने जा रहे थे। इसी दौरान दहेड़िया के समीप विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक मैजिक ने ऑटो में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो पर सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर घायलों की चीख-पुकार से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास के ग्रामीण व राहगीर तुरंत घटनास्थल



पर पहुंचे व घायलों को वाहनों से बाहर निकालकर राहत कार्य शुरू किया। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) सत्येंद्र नारायण सिंह व भाजपा नेता कन्हैया चौबे मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल भिजवाया। उधर, हादसे की खबर शहर में तेजी से फैल गई। पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार आजाद व थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार भी घटनास्थल एवं अस्पताल पहुंचे व घायलों के इलाज की व्यवस्था में जुट गए। गंभीर रूप से घायल इंद्रजीत कुमार गुप्ता, बिट्टू सिंह, संतोष चेरो, अवधेश उरांव, लालमोहन यादव, मुनिका कुमार, कमलेश यादव, टिंकू उरांव व अजय कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य घायलों में लवकुश कुमार, टिंकू उरांव, अजय कुमार उरांव, आमोद सिंह, दीपक कुमार, नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के कोलझिकी गांव निवासी अंकुश कुमार तथा उत्तर प्रदेश के कोनमंडरा गांव निवासी शिवकुमार उरांव का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ देर तक मुख्य मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा।

# राम चरण की पेड्डी ने विदेश में रचा इतिहास

## प्रीमियर से पहले ही महज 4 घंटे में बना दिया ये तगड़ा रिकॉर्ड





पेड्डी साल की मच अवेटेड फिल्मों में से एक है. इस निर्देशन बुची बाबू सना ने किया है. इस अपकमिंग फिल्म में राम चरण और जाह्नवी कपूर ने लीड रोल प्ले किया है. पेड्डी को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट पहले ही पीक पर है. वहीं इस फिल्म ने 4 जून 2026 को अपनी वर्ल्डवाइड रिलीज से पहले नॉर्थ अमेरिका में अपनी प्री-सेल्स के साथ ही इतिहास रच दिया है. बता दें कि पेड्डी के मेकर्स ने हाल ही में कंफर्म किया था कि इस फिल्म का फाइनल एडिट लॉक हो चुका है. ये फिल्म 3 जून 2026 को अपने वर्ल्डवाइड प्रीमियर के लिए तैयार है, जिसके बाद 4 जून को इसे दुनिया भर में रिलीज किया जाएगा. अपने ग्रैंड प्रीमियर से पहले ही, पेड्डी ने रिकॉर्ड तोड़ प्री-सेल्स के साथ एक कमाल कर दिया है. दरअसल नॉर्थ अमेरिका में पेड्डी के डिस्ट्रीब्यूशन को देख रहे प्रत्यंगिरा सिनेमाज की रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म को नॉर्थ अमेरिका में एडवांस बुकिंग शुरू होते ही धमाकेदार रिस्पॉन्स मिला है. इसी के साथ फिल्म ने महज चार घंटों के भीतर $100य का आंकड़ा पार कर लिया, जो इतने कम समय में किसी भी भारतीय फिल्म की टिकट सेल के लिए एक नया बेंचमार्क है. इस उपलब्धि की सबसे खास बात ये है कि फिल्म का ट्रेलर अभी तक रिलीज नहीं हुआ है. यह जबरदस्त रिस्पॉन्स राम चरण के लिए फैंस की दीवानगी और बुची बाबू सना के ग्रैंड विजन के प्रति लोगों के बढ़ते एक्साइटमेंट को दिखाया है. बता दें कि पेड्डी नॉर्थ अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर और कई अन्य अंतरराष्ट्रीय क्षेत्रों में एक बड़े लेवल पर रिलीज होने के लिए तैयार है. पेड्डी को लेकर एक्साइटमेंट लगातार बढ़ता जा रहा है, क्योंकि मेकर्स फिल्म से राम चरण के दमदार ट्रांसफॉर्मेशन वाले स्ट्राइकिंग पोस्टर्स और इंटेंस झलकियां लगातार शेयर कर रहे हैं. इस बढ़ते हाइप में फिल्म का म्यूजिक भी चार चांद लगा रहा है, जो पहले ही चर्चा का सबसे बड़ा विषय बन चुका है. ए.आर. रहमान द्वारा कंपोज किया गया पहला सिंगल, चिकीरी चिकीरी, अपनी जबरदस्त एनर्जी की वजह से तुरंत लोगों की जुबान पर चढ़ गया और सभी प्लेटफॉर्म्स पर 200 मिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर चुका है. इसके दूसरे गाने रई रई रा रा ने भी अपनी शानदार कोरियोग्राफी और विजुअल्स से एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया है. इसे यूट्यूब पर 66 मिलियन से ज़्यादा व्यूज मिल चुके हैं. बुची बाबू सना द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म में राम चरण लीड रोल में हैं, जिनके साथ शिव राजकुमार, जाह्नवी कपूर, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू भी नज़र आएंगे. वेंकट सतीश किलारू के बैनर वृद्धि सिनेमाज और माइथ्री मूवी मेकर्स के सहयोग से ये फिल्म बनी है. धुरंधर और राजा शिवाजी की बड़ी सफलता के बाद, जियो स्टूडियोज इसे नॉर्थ इंडिया में रिलीज करेगा. फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर 3 जून 2026 को होगा, जिसके बाद 4 जून 2026 को यह दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# सच से पर्दा उठाती है संजय दत्त की आखिरी सवाल, फिल्म का दमदार ट्रेलर जारी



संजय दत्त की फिल्म आखिरी सवाल पिछले कुछ समय से काफी चर्चा में बनी है. फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में भी दस्तक देने वाली है. इसमें संजय दत्त का एक अलग और दमदार अवतार देखने के लिए मिल रहा है. तमाम चर्चाओं के बीच आखिरी सवाल का ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जो बेहद ही कमाल का है. इसमें आरएसएस और बाबरी मस्जिद को लेकर कई सवालों के जवाब देखने के लिए मिलते हैं. संजय दत्त की फिल्म आखिरी सवाल के ट्रेलर की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आपातकाल के ऐलान से शुरू होता है, जिसके बाद कहानी आगे बढ़ती है और बाबरी मस्जिद विध्वंस पर आ जाती है, जिसमें आरएसएस का नाम आता है और यहां सवाल खड़ा होता है कि जब आरएसएस का नाम समाज सेवा शांति है तो बाबरी मस्जिद पर क्यों चढ़े? फिल्म के ट्रेलर में संजय दत्त का दमदार रोल होता है, जो एक प्रोफेसर के रोल में होते हैं. वह आरएसएस के खिलाफ उठ रहे सवालों के बेबाकी से जवाब देते नजर आते हैं. इसमें लेफ्ट और राइट विंग्स को भी दिखाया गया है. संजय दत्त के साथ ही समीरा रेड्डी और अमित साध जैसे कलाकार भी अहम रोल में नजर आते हैं और एक दमदार भूमिका में दिखाई देते हैं. ट्रेलर देखने के बाद ये एक कमाल की फिल्म लगती है. आपको बता दें कि फिल्म आखिरी सवाल को सेंसर बोर्ड की ओर से भी हरी झंडी मिल चुकी है. यह फिल्म सीबीएफसी के जांच के घेरे में फंस गई थी, जिसकी वजह से इसकी रिलीज में देरी हुई. हालांकि, बाद में सेंसर बोर्ड से फिल्म को क्लियरेंस मिल गया था. इसके साथ ही अगर बात की जाए कि आखिरी सवाल को सिनेमाघरों में कब रिलीज किया जाएगा तो ये फिल्म 15 मई 2026 को थिएटर में दस्तक देगी. फिल्म की स्टार कास्ट के बारे में बात की जाए तो इसमें संजय दत्त के साथ ही समीरा रेड्डी, अमता साध और अन्य कलाकार अहम रोल में हैं. आखिरी सवाल का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता फिल्म मेकर अभिजीत मोहन वारंग ने किया है.

# राजा शिवाजी ने 7वें दिन भी मचाई धूम, 50 करोड़ के हुई पार



रितेश देशमुख की ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा फिल्म राजा शिवाजी मराठी सिनेमा के लिए बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर इतिहास रच रही है. महाराष्ट्र में काफी प्रमोशन के बीच रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. शानदार ओपनिंग के बाद इसने वीकडेज में भी धमाकेदार कमाई की है. इसी के साथ चलिए यहां जानते हैं राजा शिवाजी ने रिलीज के 7वें दिन यानी गुरुवार को कितना कलेक्शन किया है? राजा शिवाजी को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक हफ्ता पूरा हो चुका है. इसकी ओपनिंग काफी जबरदस्त रही थी और इसने ओपनिंग वीकेंड भी भी अच्छी कमाई की लेकिन वीकडेज में इसके कलेक्शन में काफी उतार-चढ़ाव बना रहा है, फिर भी ये बॉक्स ऑफिस पर मजबूती से टिकी हुई है. हालांकि गुरुवार को इसकी कमाई में गिरावट आई है लेकिन फिर भी इसने एक मील का पत्थर पार कर लिया है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो राजा शिवाजी ने रिलीज के पहले दिन 11.35 करोड़ कमाए थे. दूसरे दिन इस फिल्म ने 10.55 करोड़, तीसरे दिन 12 करोड़, चौथे दिन 5.60 करोड़ 5वें दिन 4.90 करोड़ और छठे दिन 4.25 करोड़ की कमाई की है. वहीं सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने रिलीज के 7वें दिन 4 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ इस फिल्म के 7 दिनों का कुल कलेक्शन अब 52.60 करोड़ रुपये हो गया है. राजा शिवाजी ने सिनेमाघरों में अपनी रिलीज के पहले हफ्ते में 52 करोड़ से ज्यादा कमाई कर ली है. के साथ ये अपने आधे बजट से ज्यादा वसूल कर चुकी है. बता दें कि इसे 75 करोड़ की लागत में बनाया गया है. ऐसे में अपना पूरा बजट वसूलने से ये फिल्म 23 करोड़ रुपये दूर है. उम्मीद है कि दूसरे वीकेंड पर इसकी कमाई में तेजी आएगी और ये अपनी लागत वसूलने के करीब पहुंच जाएगी और दूसरे हफ्ते में तो ये हर हालत में अपना पूरा बजट वसूल कर जाएगी. वैसे इस फ्राइडे सिनेमाघरों में कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हुई है जिसके चलते बॉक्स ऑफिस पर कंप्टीशन कम है और इस कारण राजा शिवाजी के पास कमाई करने का पूरा मौका है. साई पल्लवी और जुनैद खान की फिल्म एक दिन का पहले हफ्ते में सूपड़ा साफ होते दिख रहा है। इसने 7वें दिन सिर्फ 19 लाख रुपये कमाए हैं। कारोबारी दिनों में फिल्म लगातार सिर्फ लाखों में कारोबार करती आई है। फिल्म ने अब तक कुल 4 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। दूसरी ओर, अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी भूत बंगला ने रिलीज के 21वें दिन 1.75 करोड़ कमाए हैं। फिल्म का कुल कलेक्शन अब 150 करोड़ रुपये हो गया है।




# रणवीर की स्पाई थ्रिलर बनी दूसरी सबसे कमाऊ भारतीय फिल्म

रणवीर सिंह और आदित्य धर की फिल्म धुरंधरः द रिवेंज ने इतिहास की किताबों में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में लिखवा लिया है, क्योंकि उनकी इस फिल्म ने सिनेमाघरों में अपने 50 दिन सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं और एक ऐतिहासिक थिएटर रन के साथ बॉक्स ऑफ़िस पर अपना दबदबा बनाए हुए है. रिलीज के 50 दिन पूरे होने के साथ ही, इस स्पाई थ्रिलर फिल्म ने अपने नाम एक और नई उपलब्धि जोड़ ली है. धुरंधरः द रिवेंज ने 7 मई को बॉक्स ऑफिस पर 50 दिन पूरे किए हैं. इन 50 दिनों में रणवीर की फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है. किसी भी बॉलीवुड फिल्म को धुरंधर 2 का रिकॉर्ड तोड़ने के लिए बॉक्स ऑफिस पर कई जबरदस्त छक्के और चौके लगाने होंगे. हालांकि हफ्तों बाद फिल्म की कमाई की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ गई, फिर भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपनी शानदार गति बनाए रखने में कामयाब रही है. धुरंधर 2 ने अपनी थिएट्रिकल यात्रा की शुरुआत पहले हफ्ते में 674.17 करोड़ रुपये की ज़बरदस्त कमाई के साथ की. दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 263.65 करोड़ रुपये और कमाए, और उसके बाद तीसरे हफ्ते में 110.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. आने वाले हफ्तों में भी यही सिलसिला जारी रहा, और चौथे हफ्ते में फिल्म ने 54.70 करोड़ रुपये की कमाई की. पांचवें, छठे और सातवें हफ्ते में क्रमशः 19.52 करोड़ रुपये, 12.45 करोड़ रुपये और 5.58 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई के साथ, फिल्म ने अपनी कुल कमाई को एक बहुत बड़े आंकड़े तक पहुंचा दिया. हाल ही में बने एक नए रिकॉर्ड के साथ, इस फिल्म ने बाहुबली 2: द कंक्लूजन (1788.60 करोड़ रुपये) को पीछे छोड़ते हुए, दुनिया भर में किसी भी भारतीय फिल्म की कुल कमाई के मामले में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है. यह फिल्म अब दंगल (1968.03 करोड़ रुपये) के ठीक पीछे है. सैकनिल्क के मुताबिक, धुरंधर 2 ने दुनिया भर में 1791.55 करोड़ रुपये का बिजनेस कर चुकी है, यह सचमुच इस फिल्म के लिए एक असाधारण उपलब्धि है कि इसने भारत में इस साल की 1000 करोड़ रुपये के नेट कलेक्शन का आंकड़ा पार करने वाली पहली हिंदी फिल्म बनकर इतिहास रच दिया है.

2026 की यह सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली टॉप फिल्म बन गई है. इस फ्रैंचाइजी ने खुद भी इतिहास रच दिया है. धुरंधर सीरीज़ के कुल कलेक्शन ने अब दुनिया भर में 3,100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है, और इसके साथ ही यह दुनिया भर में यह मुकाम हासिल करने वाली पहली भारतीय फिल्म फ्रैंचाइजी बन गई है.

# करिश्मा तन्ना ने प्रेग्नेंसी में दिखाया ग्लैमरस अवतार, मोनोकिनी पहन दिए पोज

टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. उन्होंने हाल ही में बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए फोटोज शेयर की हैं. फोटोज में वो काफी ग्लैमरस लुक में नजर आईं. एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना इन दिनों अपनी फर्स्ट प्रेग्नेंसी एंजॉय कर रही हैं. वो अक्सर बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए फोटोज शेयर करती रहती हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं. उनका ये अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है. लुक की बात करें, तो करिश्मा ब्लैत एंड व्हाइट मोनोकिनी पहने नजर आई. गॉग्लस लगाए वो काफी ब्यूटीफुल दिख रही है. करिश्मा ने कई पोज भी दिए. तस्वीरों में उनका बेबी बंप भी नजर आ रहा है. फैंस तस्वीरों पर जमकर रिएक्ट कर रहे हैं. करिश्मा ने इससे पहले ब्लैक मोनोकिनी में भी कई फोटोज शेयर की थी. सेल्फी लेते हुए वो अपनी बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रहीं थी. बता दें, एक्ट्रेस इस साल अगस्त में अपने पहले बेबी का वेलकम करने वाली हैं. उन्होंने अपने पति के साथ फोटोज शेयर कर फैंस के साथ ये गुड न्यूज शेयर की. करिश्मा तन्ना ने साल 2022 में वरुण बंगेरा के साथ शादी की थी. अब ये कपल शादी के चार साल बाद पेरेंट्स बनने वाले हैं.



# लाल, हरी और पीली शिमला मिर्च में होता है अंतर; जानिए इन तीनों के फायदे

शिमला मिर्च एक ऐसी सब्जी है, जो कई तरह से खान-पान में इस्तेमाल होती है। लाल, हरी और पीली शिमला मिर्च के बीच का अंतर जानने के बाद आप अपने भोजन में इनका सही उपयोग कर पाएंगे। लाल शिमला मिर्च पकी हुई होती है और इसमें अधिक पोषक तत्व होते हैं। हरी शिमला मिर्च कच्ची होती है और इसमें कम कैलोरी होती हैं। पीली शिमला मिर्च मीठी होती है और इसका स्वाद भी अन्य शिमला मिर्च से अलग होता है।

**लाल शिमला मिर्च के फायदेः** लाल शिमला मिर्च में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा होती है, जो शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें बीटा-कैरोटीन होता है, जो विटामिन-ए में बदल जाता है और आंखों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। लाल शिमला मिर्च का सेवन त्वचा के लिए भी लाभकारी हो सकता है, क्योंकि यह त्वचा को नमी प्रदान करने और उसे मुलायम बनाने में मदद करती है।



**हरी शिमला मिर्च के सेवन से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभः** हरी शिमला मिर्च में फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया को सुधारने में मदद कर सकता है। इसमें विटामिन-सी और विटामिन-के की भरपूर मात्रा होती है, जो हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होती है। इसके अलावा हरी शिमला मिर्च में सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो शरीर में सूजन और जलन को कम कर सकते हैं। हरी शिमला मिर्च का सेवन वजन प्रबंधन में भी सहायक हो सकता है, क्योंकि इसमें कम कैलोरी होती हैं।

पीली शिमला मिर्च के लाभ

पीली शिमला मिर्च में ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों को रोकने में मदद करते हैं। इसमें ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो विटामिन-ए में बदल जाते हैं और आंखों के लिए फायदेमंद होते हैं।

शिमला मिर्च का सेवन त्वचा को नमी देने में भी मदद कर सकता है और त्वचा को स्वस्थ रख सकता है। इसमें आयरन भी होता है, जो खून में हीमोग्लोबिन के स्तर को बेहतर कर सकता है। तीनों शिमला मिर्च में कैलोरी कम होती है और ये फाइबर का अच्छा स्त्रोत हैं। इसके अलावा तीनों में विटामिन-सी की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को बढ़ाने में मदद कर सकता है। हरी और पीली शिमला मिर्च में तांबा और मैग्नीशियम की मात्रा अधिक होती है। लाल शिमला मिर्च में अधिक मात्रा में बीटा-कैरोटीन होता है, जो विटामिन-ए में बदल जाता है और आंखों के लिए फायदेमंद होता है।

# चार ओवर फेंकने के लिए पूरी तरह फिट हूं : कैमरून ग्रीन

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स ने शानदार वापसी करते हुए लगातार चौथी जीत दर्ज की है। अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में कोलकाता ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराकर प्लेऑफ की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इस मुकाबले में फिन एलन ने नाबाद शतकीय पारी खेलकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया, जबकि ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन ने बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान देकर टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई।

मैच के बाद कैमरून ग्रीन ने अपनी फिटनेस और गेंदबाजी को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि वह अब पूरी तरह फिट हैं और टीम के लिए पूरे चार ओवर फेंकने के लिए तैयार हैं। ग्रीन ने कहा कि कोलकाता की टीम का संतुलन काफी मजबूत है और उनके पास कई गेंदबाजी विकल्प मौजूद हैं, जिससे उन्हें गेंदबाजी करने में आसानी होती है। उन्होंने खास तौर पर अनुकूल रॉय की तारीफ करते हुए कहा कि बाएं हाथ के इस ऑलराउंडर ने मिडिल ओवरों में शानदार गेंदबाजी की है और टीम के आक्रमण को मजबूती दी है। ग्रीन ने बताया कि वह पावरप्ले, मध्य ओवरों और डेथ ओवरों में भी गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहते हैं। गौरतलब है कि आईपीएल 2026 के शुरुआती मुकाबलों में कैमरून ग्रीन ने गेंदबाजी नहीं की थी। पीठ की चोट से उबरने के बाद टीम प्रबंधन उन्हें केवल बल्लेबाज के तौर पर इस्तेमाल कर रहा था। हालांकि अब वह पूरी तरह फिट नजर आ रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने गेंदबाजी करते हुए एक महत्वपूर्ण विकेट भी हासिल किया और नितीश राणा को आउट कर टीम को अहम सफलता दिलाई। ग्रीन ने बल्लेबाजी क्रम को लेकर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि शुरुआती कुछ मैचों में टीम सही संयोजन तलाश रही थी, लेकिन अब खिलाड़ियों की भूमिकाएं स्पष्ट हो चुकी हैं। उनके मुताबिक अब टीम को समझ आ गया है कि किस खिलाड़ी को किस नंबर पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। ग्रीन का मानना है कि कोलकाता की टीम अब सही दिशा में आगे बढ़ रही है। इस सीजन वह बल्ले से भी शानदार फॉर्म में हैं और अब तक 232 रन बनाने के साथ चार विकेट भी हासिल कर चुके हैं। आईपीएल 2026 मेगा ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने कैमरून ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। इतनी बड़ी कीमत को लेकर पूछे गए सवाल पर ग्रीन ने कहा कि उन्हें कभी अतिरिक्त दबाव महसूस नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि टीम प्रबंधन और कोचिंग स्टाफ ने हमेशा उनका समर्थन किया और कीमत को लेकर कभी चर्चा नहीं की। लगातार चार जीत के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स ने प्लेऑफ की रेस में दमदार वापसी कर ली है और अब टीम की नजर टॉप-4 में जगह बनाने पर टिकी हुई है।

## धोनी को खेलते रहना चाहिए, उनके जैसा विकेटकीपर कोई नहीं : माइकल क्लार्क

**एजेंसी, नई दिल्ली**



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने भारतीय क्रिकेट के दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि उम्र बढ़ने के बावजूद उन्हें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहिए। क्लार्क का मानना है कि धोनी का खेल पर प्रभाव आज भी बेहद खास है और टी20 क्रिकेट में उनसे बेहतर विकेटकीपर कोई नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस दिन धोनी क्रिकेट से संन्यास लेंगे, उसके बाद शायद वह किसी भी रूप में खेल से जुड़े नजर नहीं आएंगे। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 शुरू होने से पहले महेंद्र सिंह धोनी को पिंडली में खिंचाव की समस्या हो गई थी। इसके बाद चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से जानकारी दी गई थी कि 44 वर्षीय धोनी शुरुआती कुछ मुकाबले ही मिस करेंगे। हालांकि टीम अब तक 10 मैच खेल चुकी है, लेकिन धोनी मैदान पर वापसी नहीं कर पाए हैं। वह लगातार नेट्स में अभ्यास जरूर कर रहे हैं, लेकिन मैचों के दौरान टीम के साथ यात्रा नहीं कर रहे। उनकी गैरमौजूदगी ने प्रशंसकों को निराश किया है, लेकिन माइकल क्लार्क का मानना है कि धोनी और चेन्नई सुपर किंग्स एक-दूसरे से अलग नहीं हो सकते। एक पॉडकास्ट' में बातचीत के दौरान माइकल क्लार्क ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी ही चेन्नई सुपर किंग्स की असली पहचान हैं। उन्होंने कहा कि जब भी चेन्नई का मैच होता है तो स्टेडियम में ज्यादातर दर्शक नंबर 7 वाली पीली जर्सी पहनकर पहुंचते हैं। यहां तक कि टीम के साथ जुड़ने वाले प्रायोजक भी चाहते हैं कि धोनी टीम का हिस्सा बने रहें। क्लार्क ने कहा कि भारत और चेन्नई सुपर किंग्स दोनों के लिए धोनी का महत्व बेहद बड़ा है और उम्र को उनकी क्षमता का पैमाना नहीं माना जाना चाहिए।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि कोई भी उन्हें यह समझा नहीं सकता कि वर्तमान समय में टी20 क्रिकेट में धोनी से बेहतर विकेटकीपर मौजूद है। उनके अनुसार धोनी की विकेटकीपिंग कौशल, मैच को पढ़ने की क्षमता और दबाव में शांत रहने का अंदाज उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाता है। उन्होंने प्रशंसकों और क्रिकेट विशेषज्ञों से अपील की कि वे धोनी के संन्यास की मांग करना बंद करें और उन्हें जितना चाहें उतना क्रिकेट खेलने दें।

## राशिद आईपीएल में सबसे अधिक विकेट लेने वाले विदेशी स्पिनर बने

**एजेंसी, जयपुर**



गुजरात टाइटंस के स्पिनर राशिद खान ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने के साथ ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम किया है। राशिद ने इस मैच में चार विकेट लेकर राजस्थान रॉयल्स को 152 रनों पर आउट करने के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि भी अपने नाम की है। राशिद अब आईपीएल इतिहास में विदेशी स्पिनर के तौर पर सबसे ज्यादा बार तीन या उससे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने इसी के साथ ही कोलकाता नाइटराइजर्ड (केकेआर) के अनुभवी स्पिनर सुनील नरेन को भी पीछे छोड़ दिया है। यह ये 18 वीं बार है जब राशिद ने आईपीएल मैच में तीन या उससे ज्यादा विकेट लिए हैं। इस उपलब्धि के साथ ही अब वह अमित मिश्रा और रवींद्र जडेजा जैसे प्रमुख स्पिनरों से आगे निकल गए हैं। अब केवल स्पिनर युजवेंद्र चहल ही उनसे आगे हैं, जिन्होंने 23 बार यह कारनामा किया है। अगर हम तेज गेंदबाजों को भी शामिल कर लें, तो राशिद से अधिक विकेट केवल जसप्रीत बुमराह के नाम 25, भुवनेश्वर कुमार के 21 और लसिथ मलिंगा के नाम 19 विकेट हैं। मैच के बाद अपनी गेंदबाजी पर बात करते हुए राशिद खान ने बताया कि पहली गेंद फेंकते ही उन्हें पिच से मदद मिलने का एहसास हो गया था। उन्होंने कहा, मुझे बस अपनी गेंदों की गति को लगातार बदलते रहना था।

## आईपीएल अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुंची गुजरात टाइटंस

**एजेंसी, जयपुर।** गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को 77 रनों से हराकर आईपीएल के 19 वें सत्र में लगातार चौथी जीत के साथ ही अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। यह गुजरात की रनों को देखते हुए आईपीएल में अब तक की सबसे बड़ी जीत है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 229 रन बनाये। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की टीम 16.3 ओवर में ही केवल 152 रनों पर ही सिमट गयी। इस मैच में शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पहले विकेट के लिए 118 रन बनाये। सुदर्शन ने 36 गेंदों में 55 रन बनाए, जबकि शुभमन ने 44 गेंदों पर 84 रन बनाये। वहीं अंत में, वॉशिंगटन सुंदर ने 20 गेंदों में नाबाद 37 रन और राहुल तेवतिया ने नाबाद 14 रन बनाकर टीम को 229 के लक्ष्य तक पहुंचाया। गुजरात टाइटंस की ओर से बृजेश शर्मा ने सबसे अधिक 2 विकेट लिए। इसके बाद 230 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। यशस्वी जायसवाल सिर्फ 3 रन बनाकर सस्ते में पवेलियन लौट गए। वैभव सूर्यवंशी 36 रन पर ही आउट हो गये।

## शुभमन लगातार सात आईपीएल सत्र में 400 रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने

**एजेंसी, जयपुर**



गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास में एक बड़ा रिकार्ड अपने नाम किया है। शुभमन ने इस मैच में 44 गेंदों पर ही 84 रनों की पारी के साथ ही अपने 400 आईपीएल रन पूरे किये। इसी के साथ ही शुभमन लगातार सात आईपीएल सीजन में 400 या उससे अधिक रन बनाने वाले विश्व के केवल तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। शुभमन ने साल 2020 के सत्र से ही लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं साल 2026 के सत्र में भी यह सिलसिला बना रहा। उन्होंने साल 2020 और 2021 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ओर से खेलते हुए ये उपलब्धि हासिल की थी। इसके बाद साल 2022 में गुजरात टाइटंस से जुड़ने के बाद से ही वह लगातार रन बनाते आये हैं। आईपीएल में उनसे पहले केवल दो खिलाड़ियों के नाम ही ये रिकार्ड है।

वहीं इससे पहले सुरेश रैना ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से साल 2008 से 2014 तक लगातार सात आईपीएल सीजन में 400 से अधिक रन बनाए थे। रैना ने इस दौरान सीएसके के आधार बने रहे। उनके बाद सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने भी यह रिकार्ड अपने नाम किया। धवन ने साल 2016 से 2022 तक लगातार सात आईपीएल सत्र में 400 या उससे अधिक रन बनाए।

# बिजनेस

## मई में भी हुई एफपीआई की बिकवाली, विदेशी निवेशकों ने 2026 में की दो लाख करोड़ से अधिक की निकासी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




इस साल फरवरी के बाद से घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की बिकवाली का सिलसिला मई के महीने में भी लगातार बना हुआ है। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक स्टॉक मार्केट में बिकवाली करके 14,231 करोड़ रुपये की निकासी कर चुके हैं। मई के महीने में अभी तक हुए कारोबार में हुई बिकवाली के आंकड़ों को मिला दिया जाए, तो कैलेंडर ईयर 2026 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा घरेलू शेयर बाजार में की गई बिकवाली का आंकड़ा दो लाख करोड़ के स्तर को भी पार कर गया है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार जनवरी से लेकर इस महीने आठ मई तक एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजार में कुल 2,28,040 करोड़ रुपये की बिकवाली की है। जनवरी के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में 35,962 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। फरवरी में एफपीआई ने बिकवाली की जगह लिवाली पर जोर दिया। इस महीने इन्होंने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश किया। मार्च के महीने में एक बार फिर स्थिति बदल गई। इस महीने एफपीआई ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली की। अप्रैल के महीने में भी एफपीआई की ओर से हो रही बिकवाली का सिलसिला जारी रहा। इस महीने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 60,847 करोड़ रुपये के शेयर बेच डाले। मौजूदा महीने में भी आठ मई तक के पांच कारोबारी दिन में एफपीआई 14,231 करोड़ रुपये के शेयर बेच चुके हैं। फरवरी के महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा की गई 22,615 करोड़ रुपये की लिवाली को इस साल की गई कुल बिकवाली के आंकड़े से यदि घटा भी दिया जाए, तब भी इस साल विदेशी निवेशकों द्वारा की गई बिकवाली का आंकड़ा दो लाख करोड़ के स्तर के ऊपर 2,05,425 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचा हुआ नजर आता है। मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस साल विदेशी निवेशकों द्वारा घरेलू शेयर बाजार में की जा रही बिकवाली की मुख्य वजह ग्लोबल मैक्रो इकोनॉमिक अनसर्टेनिटी है। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनिल भंसाली का कहना है कि विदेशी निवेशक विशेष रूप से जियो पोलिटिकल रिस्क, महंगाई और ब्याज दरों को लेकर चिंतित हैं। जियो पोलिटिकल टेंशन, विशेष रूप से पश्चिम एशिया में तनाव की स्थिति की वजह से कच्चे तेल की कीमत लगातार 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर के आसपास बनी हुई है। इसकी वजह से दुनिया भर में महंगाई बढ़ने की आशंका बनी हुई है। महंगाई के डर ने भी विदेशी निवेशकों को अपना पैसा सुरक्षित करने के लिए भी बिकवाली का तरीका अपनाने के लिए मजबूर कर दिया है।

## अशोक कुमार पंडा ने सेल के सीएमडी का कार्यभार संभाला

**एजेंसी, नई दिल्ली**



डॉ. अशोक कुमार पंडा ने शनिवार को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सी ए म डी) के रूप में कार्यभार को संभाल लिया है। पांडा ने अमरेंदु प्रकाश की जगह ली, जिनका कार्यकाल 01 अप्रैल को समाप्त हो गया था। अशोक कुमार पांडा इससे पहले कंपनी के निदेशक (वित्त) के रूप में काम कर रहे थे। इस दौरान लगभग 9 महीनों तक उनके पास निदेशक (वाणिज्यिक) का अतिरिक्त प्रभार भी रहा। डॉ अशोक कुमार पांडा ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.ई. पूरा करने के बाद वर्ष 1992 में मैनेजमेंट ट्रेनी (तकनीकी) के रूप में सेल में अपने करियर की शुरुआत की थी। वे विगत 3 दशकों से अधिक की अपनी विशिष्ट सेवा, अटूट समर्पण और दृढ़ संकल्प के बल पर वह कंपनी के भीतर नेतृत्व के उच्चतम स्तर तक पहुंचे हैं।

## इस सप्ताह दो कंपनियों के आईपीओ की लॉन्चिंग, चार शेयरों की होगी लिस्टिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**




सोमवार यानी 11 मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में मामूली हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह दो कंपनियां अपना आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। ये दोनों आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इस सप्ताह मेनबोर्ड सेगमेंट का कोई आईपीओ नहीं खुलने वाला है। इन दो नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह खुले एक आईपीओ में भी इस सप्ताह निवेशक बोली लगा सकेंगे। ये आईपीओ भी एसएमई सेगमेंट का ही है। जहां तक नई लिस्टिंग की बात है, तो इस सप्ताह चार कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। इस सप्ताह के दूसरे दिन 12 मई को आरएफबीएल फ्लेक्सी पैक का 35.33 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 14 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 47 रुपये से लेकर 50 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 3,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 19 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर हो सकती है। गोल्डलाइन फार्मास्यूटिकल का 12 मई को ही 11.61 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस इश्यू में भी 14 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 41 रुपये से लेकर 43 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 3,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 19 मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर हो सकती है। इन दोनों नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह आठ मई को सब्सक्रिप्शन के लिए खुले सिम्का एडवर्टाइजिंग के 58.04 करोड़ रुपये के आईपीओ में मंगलवार यानी 12 मई तक बोली लगाई जा सकती है। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 174 रुपये से लेकर 183 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 600 शेयर का है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 15 मई को कंपनी के शेयर एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। अभी तक इस पब्लिक इश्यू को 65 प्रतिशत सब्सक्रिप्शन मिल चुका है। शेयर बाजार में इस सप्ताह के पहले कारोबारी दिन 11 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफार्म पर वैल्यू 360 कम्यूनिकेशंस की लिस्टिंग हो सकती है। इसके बाद 12 मई को रिकोड स्टुडियोज के शेयर बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन 15 मई को बागमाने प्राइम ऑफिस रियल एस्टेट इनवेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) के शेयर एनएसई और बीएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इसी दिन सिम्का एडवर्टाइजिंग के शेयर भी एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होकर स्टॉक मार्केट में अपने कारोबार की शुरुआत कर सकते हैं।

## इस सप्ताह दो कंपनियों के आईपीओ की लॉन्चिंग, चार शेयरों की होगी लिस्टिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सोमवार यानी 11 मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में मामूली हलचल रहने वाली है। इस सप्ताह दो कंपनियां अपना आईपीओ लॉन्च कर रही हैं। ये दोनों आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इस सप्ताह मेनबोर्ड सेगमेंट का कोई आईपीओ नहीं खुलने वाला है। इन दो नए आईपीओ के अलावा पिछले सप्ताह खुले एक आईपीओ में भी इस सप्ताह निवेशक बोली लगा सकेंगे। ये आईपीओ भी एसएमई सेगमेंट का ही है। जहां तक नई लिस्टिंग की बात है, तो इस सप्ताह चार कंपनियां स्टॉक मार्केट में एंट्री करने वाली हैं। इस सप्ताह के दूसरे दिन 12 मई को आरएफबीएल फ्लेक्सी पैक का 35.33 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस इश्यू में 14 मई तक बोली लगाई जा सकेगी।

आईपीओ में बोली लगाने के लिए 47 रुपये से लेकर 50 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 3,000 शेयर का है। आईपीओ की क्लोजिंग के बाद कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग 19 मई को एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर हो सकती है। गोल्डलाइन फार्मास्यूटिकल का 12 मई को ही 11.61 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलने वाला है। इस इश्यू में भी 14 मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ में बोली लगाने के लिए 41 रुपये से लेकर 43 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 3,000 शेयर का है।

## एपीडा ने 20 मीट्रिक टन शहद की पहली खेप अमेरिका को किया निर्यात

**एजेंसी, नई दिल्ली ।** कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने शनिवार को असम के बक्सा जिले से 20 मीट्रिक टन शहद की पहली खेप को अमेरिका निर्यात के लिए रवाना किया, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि भारत के कृषि निर्यात में विविधता लाने और 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) पहल को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी एवं महत्वपूर्ण उपलब्धि के तौर पर असम के एक 'आकांक्षी जिले' बक्सा से ओडीओपी शहद की पहली खेप एपीडा की पहल के जरिए यूएसए के लिए रवाना की गई। मंत्रालय ने बताया कि 20 मीट्रिक टन शहद वाली इस पहली खेप का निर्यात पूर्वोत्तर क्षेत्र के एपीडा-पंजीकृत निर्यातक, मेसर्स सॉल्ट रेंज फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, असम के द्वारा किया गया। एपीडा का यह पहल भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र से मिलने वाले उच्च गुणवत्ता वाले, ऑर्गेनिक शहद की बढ़ती वैश्विक मांग को दर्शाती है, जिससे स्थानीय किसानों की आय बढ़ती है और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा मिलता है।

## अडाणी एग्री फ्रेश लिमिटेड हिमाचल प्रदेश से खरीदेगी चेरी

**एजेंसी, नई दिल्ली/शिमला**




अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी अडाणी एग्री फ्रेश लिमिटेड (एएएफएल) ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश से गुठलीदार फलों, विशेष रूप से चेरी की खरीद शुरू करने का ऐलान किया। कंपनी ने कहा कि वह जल्द ही इसकी शुरुआत करेगी। कंपनी के प्रवक्ता ने जारी एक बयान में कहा, "हम आगामी सत्र से चेरी की खरीददारी की शुरुआत करेंगे और धीरे-धीरे आड़ू एवं आलूबुखारा जैसे अन्य गुठलीदार फलों तक इसका विस्तार करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि यह हमारे सेब खरीद के अनुभव को आगे बढ़ाने और किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।" उन्होंने कहा कि कंपनी के इस पहल से फलों के भंडारण की अवधि बढ़ाने, किसानों को बड़े बाजारों तक पहुंच दिलाने और उनकी उपज का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। प्रवक्ता ने कहा, "एएएफएल हिमाचल प्रदेश में सेब की खरीददारी, भंडारण और विपणन से जुड़ी शुरुआती संगठित कंपनियों में शामिल रही है। अडाणी एग्री फ्रेश लिमिटेड के मुताबिक कंपनी ने वर्ष 2006 में 'फार्म-पिक' ब्रांड के तहत परिचालन शुरू किया था।


स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।